भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस जीएसटी सुधारों का श्रेय लेने को स्वतंत्र - 12

रुपये में रिकार्ड गिरावट से सोना-चांदी शिखर पर - 12

रूबियो ने कहा भारत के साथ संबंध अमेरिका के लिए बेहद महत्वपूर्ण - 13

बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत - 14

आज का मौसम
34.0°
अधिकतम तापमान
27.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.58
सूर्यास्त 06.03

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2082

बुधवार, 24 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 35, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

## ब्रीफ न्यूज

### अंपायर डिकी बर्ड का 92 की उम्र में निधन



**लंदन।** बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एक दिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था। यॉर्कशर काउंटी क्लब ने कहा कि वह अपने पीछे खेल भावना, विनम्रता और खुशी की विरासत के साथ कई पीढ़ियों के प्रशंसकों की एक फौज छोड़ गए हैं।

### ड्रोन क्षमताओं का अक्टूबर में परीक्षण

**नई दिल्ली।** सशस्त्र बल अक्टूबर के पहले सप्ताह में मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ द्वारा आयोजित अभ्यास के दौरान अपने कुछ ड्रोन और ड्रोन रोधी प्रणालियों की क्षमताओं का परीक्षण करेंगे। यह अभ्यास छह से 10 अक्टूबर तक मध्य प्रदेश में किया जाएगा। यहां हवाई रक्षा प्रणालियों पर एक सम्मेलन में आईडीएस मुख्यालय में एकीकृत रक्षा स्टाफ के उप प्रमुख, एयर मार्शल राकेश सिन्हा ने योजना में दुश्मन से आगे रहने की जरूरत पर भी बात की।

### राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार को मथुरा आएंगी

**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर मथुरा आएंगी, जिसको देखते हुए पुलिस और प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने मंगलवार को यहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। राष्ट्रपति वृंदावन स्थित सुदामा कुटी आश्रम के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में नवनिर्मित भजन स्थली का लोकार्पण भी करेंगी।

### उधमपुर में गोली लगने से सैनिक की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में मंगलवार को एक सैन्य अस्पताल के बाहर सेना का एक जवान अपनी सर्विस राइफल से चली गोली लगने से मारा गया। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि जवान की मौत आकस्मिक गोली चलने से हुई या उसने आत्महत्या की है।

## दीपावली और छठ के लिए एक अक्टूबर से विशेष ट्रेनें

- रेलवे ने लिया 12,000 फेरे चलाने का निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

रेलवे ने दीपावली और छठ के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष ट्रेनों के परिचालन की तैयारी पूरी कर ली है और एक अक्टूबर से ये ट्रेनें पटरियों पर दौड़ने लगेंगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने मंगलवार को बताया कि इस साल रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा के दौरान विशेष ट्रेनों के 12,000 फेरे चलाने का निर्णय लिया है। पिछले साल यह संख्या 7,500 थी। अब तक इन विशेष ट्रेनों के 10,000 फेरों

का ऐलान हो चुका है। 150 ट्रेनों को रिजर्व में रखा गया जिन्हें जरूरत पड़ने पर परिचालित किया जा सकेगा। वैष्णव ने बताया कि त्योहारों के दौरान चलने वाली विशेष ट्रेनों का परिचालन एक अक्टूबर से शुरू होगा और 15 नवंबर तक चलेंगी।

## अदालतें रिकवरी एजेंट की तरह काम नहीं कर सकतीं

- दीवानी विवादों को आपराधिक मामले में बदलने पर सुप्रीम टिप्पणी
- पैसों की वसूली के लिए आपराधिक मामले दर्ज कराने पर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतें वसूली (रिकवरी) एजेंट के रूप में कार्य नहीं कर सकतीं तथा उसने किसी विवाद में पक्षकारों द्वारा दीवानी विवादों को आपराधिक मामलों में बदल देने की प्रवृत्ति की निंदा की।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ कहा कि बकाया राशि की वसूली के लिए गिरफ्तारी की धमकी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। यह हालिया प्रवृत्ति बन गई है कि पक्षकार धन की वसूली के लिए आपराधिक मामले दर्ज कराते

हैं, जबकि यह पूरी तरह से दीवानी विवाद होता है। उच्चतम न्यायालय ने ये टिप्पणियां सोमवार को उत्तर प्रदेश से जुड़े एक आपराधिक मामले में की, जहां धन की वसूली के विवाद में एक व्यक्ति पर अपहरण के आरोप लगाए गए थे।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा कि इस तरह की शिकायतों में वृद्धि हुई है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे मामलों में पुलिस बीच में फंस जाती है क्योंकि यदि वह संज्ञेय अपराध का मामला होते हुए भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करती तो अदालत उसे फटकार लगाती है, और यदि दर्ज करती है तो पक्षपात का आरोप लगाया जाता है और यह कहा जाता है कि पुलिस ने विधिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया। उन्होंने कहा कि आमतौर पर इन शिकायतों में धन की वसूली के विवाद को आपराधिक मामले का रूप दे दिया जाता है।

### न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर खतरा

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अदालत पुलिस की दुविधा को समझती है और यह भी उल्लेख किया कि यदि संज्ञेय अपराध के आरोप वाले मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती तो पुलिस को फटकार लगाई जाती है। पीठ ने पुलिस को सलाह दी कि किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी से पहले वह अपने विवेक का इस्तेमाल करके यह देखे कि मामला दीवानी है या आपराधिक। अदालत ने कहा कि इस तरह आपराधिक कानून का दुरुपयोग न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर खतरा बन रहा है।

### हर जिले में हो एक नोडल अधिकारी

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज को सुझाव दिया कि प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जा सकता है, जो सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश हो। पुलिस ऐसे नोडल अधिकारी से परामर्श करके यह तय कर सकेगी कि मामला दीवानी है या आपराधिक और उसके बाद कानून के अनुसार आगे बढ़े। पीठ ने नटराज से कहा कि वह इस बारे में निर्देश प्राप्त करें और दो हफ्तों में अदालत को अवगत कराएं।

# दीपावली से पहले प्रत्येक जिले में लगेगा स्वदेशी मेला : मुख्यमंत्री

## आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी संकल्प विषयक कार्यशाला में गिनाईं यूपी की प्रगति

- कहा-यूपी बीमारु राज्य था, अब ओडीओपी ने बदली तस्वीर और दो लाख करोड़ का कर रहा निर्यात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एलान किया है कि दीपावली से पहले प्रदेश के सभी जिलों में एक सप्ताह (10 से 18 अक्टूबर) तक स्वदेशी मेले लगाए जाएंगे। इसमें ओडीओपी और स्थानीय उत्पादों की बिक्री होगी। इससे स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और व्यापारियों को बड़ा मंच मिलेगा और लोग विदेशी सामानों से बचेंगे। योगी ने कहा कि 2017 के पहले यूपी बीमारु राज्य था, अब ओडीओपी ने तस्वीर बदल दी है और दो लाख करोड़ का निर्यात हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विश्वेश्वरैया हॉल में आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी संकल्प विषयक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में कहा कि वर्ष 2017 से पहले दीपावली

पर चीनी झालर बाजार पर हावी रहती थी, लेकिन आज लोग मिट्टी और गोबर से बने दीप जला रहे हैं। अयोध्या के पहले दीपोत्सव के लिए दीप पूरे प्रदेश से जुटाने पड़े थे। अब रिकॉर्ड दीप केवल अयोध्या में बन रहे हैं।

हर घर में स्वदेशी दीप जले, यही हमारा संकल्प है। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले कारीगर हताश-निराश था। सरकार का प्रोत्साहन नहीं था।

हमने ओडीओपी स्कीम बनाई और उसे नई गति दी। डिजाइन, टेक्नोलॉजी, मार्केट, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और प्रोत्साहन दिया। कभी बीमारू कहा जाने वाला यूपी 96 लाख ओडीओपी इकाई से दो लाख करोड़ का एक्सपोर्ट कर रहा है। उन्होंने 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में होने वाला यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का बेहतरीन मॉडल बताया। इस अवसर पर राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सीपी जोशी, यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, अभियान के संयोजक ब्रज बहादुर आदि मौजूद रहे।

### दो लाख करोड़ का मोबाइल बाहर भेजता है यूपी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट कोई भी हो, देश का 60 फीसदी प्रोडक्शन यूपी कर रहा है। 60 फीसदी मोबाइल यूपी में बन रहा है। फोन, टैबलेट, लैपटॉप का डिस्प्ले बोर्ड यूपी में बन रहा है। अब चीन, ताइवान व अमेरिका से नहीं आ रही, बल्कि पांच साल से सफलतापूर्वक प्रोडक्शन कर इसे देश-दुनिया को उपलब्ध करा रहे हैं। यूपी दो लाख करोड़ का मोबाइल बाहर भेजता है।

### आज भी समाज को बांट और काट रहे कुछ लोग

योगी ने कहा कि दो हजार वर्ष पहले भारत का दुनिया की अर्थव्यवस्था में 40 फीसदी योगदान था। लेकिन विदेशी शासकों ने लघु उद्योग और कारीगरी को नष्ट कर दिया। बंगाल के कारीगरों के हाथ काट दिए गए। कहा कि विदेशियों ने लोगों को जाति, क्षेत्र, भाषा समेत अनेक वादों के आधार पर बांटकर गरीब बनाया। आज भी ऐसे लोग विदेशी मानसिकता से समाज को बांट और काट रहे हैं। योगी ने भारत पर इस्लाम के पहले हमले का जिक्र किया और कहा कि सन 1100 तक भारत में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी, लेकिन आजादी के समय 1947 तक यह घटकर सिर्फ 30 करोड़ रह गई।

# कार-कैंटर की टक्कर, जिंदा जलने से 5 लोगों की मौत

## तेज रफ्तार कार टायर फटने से डिवाइडर पार कर कैंटर से टकराई

- अलीगढ़ के अकबराबाद थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा

अलीगढ़, एजेंसी

अलीगढ़ जिले के अकबराबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर एक कार और कैंटर (ट्रक) की टक्कर में एक महिला और बच्चे समेत चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। सुबह करीब छह बजे हुए इस हादसे में कैंटर चालक की भी मौत हो गई है।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अमृत जैन ने बताया कि अकराबाद थाना क्षेत्र के गोपी पुल के पास अलीगढ़ की ओर जा रही कार का टायर फट गया, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा। कार सड़क के डिवाइडर को तोड़ते हुए सामने से आ रहे कैंटर से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई, जिससे कैंटर चालक समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वाहन में फंसे एक व्यक्ति ने किसी तरह एक राहगीर की मदद से खुद को बाहर निकाला, उसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है। मृतकों में से चार सिकंदराराऊ के रहने वाले हैं। जबकि एक कैंटर का चालक है। एक जिंदगी-मौत से जूझ रहा है। मृतकों में देव शर्मा निवासी मोहल्ला मटकोटा, मयंक ठाकुर निवासी पुरानी तहसील, हर्षित माहेश्वरी, अतुल यादव निवासी पंत चौराहा कासगंज रोड जिंदा जले हैं। सुमित कुमार निवासी सिकंदरपुर माचरा का मूल निवासी है। वह गंभीर रूप से घायल है। कैंटर चालक राजेश पुत्र सुनहरी निवासी कुबेरपुर निधौलीकलां एटा का रहने वाला है। वह भी जिंदा जल गया।

टकराने के बाद कैंटर और कार में लगी भीषण आग से उठती लपटें। ● एजेंसी

### दोस्त की पार्टी से निकले थे चारो युवक

सिकंदराराऊ के चार युवकों की हादसे में मौत से हर कोई दुखी है। उनके एक दोस्त फैज निवासी मटकोटा का जन्मदिन 22 सितंबर को जन्मदिन था। रात्रि में पंत चौराहे पर सभी ने केक काटा। रात करीब एक बजे फैज अपने घर चला गया। बाकी पांचों दोस्त देव शर्मा, मयंक ठाकुर, हर्षित माहेश्वरी, अतुल यादव और सुमित वहीं रुककर पार्टी करते रहे। सुबह के समय सभी कार से अलीगढ़ की ओर निकले।

# युवराज सिंह और इन्फ्लुएंसर अन्वेशी से ईडी की पूछताछ

- ऑनलाइन सट्टेबाजी एप मामले में एजेंसी ने दोनों के दर्ज किए बयान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह आनलाइन सट्टेबाजी एप 'वनएक्सबेट' से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष मंगलवार को पेश हुए। सफेद टीशर्ट और जींस पहने 43 वर्ष के युवराज दोपहर बारह बजे एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने इस हरफनमौला से पूछताछ की और धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत उनके बयान दर्ज किए। एक इन्फ्लुएंसर अन्वेशी जैन भी इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुईं। ईडी इससे पहले क्रिकेटर सुरेश रैना, शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, टीएमसी की पूर्व सांसद और बांग्ला अभिनेत्री मिमि चक्रवर्ती, अभिनेता अंकुश हाजरा से भी पूछताछ कर चुका है।

अभिनेता सोनू सूद को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है । इस सट्टेबाजी एप के संचालन की जांच ईडी की ऐसे प्लेटफार्मों के खिलाफ व्यापक जांच का हिस्सा है, जिन पर

ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए जाते युवराज सिंह।

करोड़ों रुपये की ठगी करने और कथित तौर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों की भारी मात्रा में चोरी करने के आरोप हैं। आने वाले दिनों में एजेंसी द्वारा कुछ अन्य खिलाड़ियों, फिल्म अभिनेताओं, ऑनलाइन प्रभावशाली व्यक्तियों और मशहूर हस्तियों से पूछताछ किए जाने की संभावना है।

### भूमि घोटाले के संबंध में झारखंड, दिल्ली में मारे छापे

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन की जांच के तहत झारखंड और दिल्ली में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत रांची में छह और दिल्ली में तीन परिसरों पर छापेमारी की। जिन परिसरों पर छापेमारी की जा रही है, वे मुख्य आरोपी कमलेश कुमार के कथित सहयोगी बी.के. सिंह और कुछ अन्य व्यक्तियों से जुड़े हैं। यह मामला रांची जिले के कांके ब्लॉक में कथित भूमि घोटाले से संबंधित है, जहां यह दावा किया गया था कि आरोपियों ने सर्किल अधिकारियों के साथ साजिश करके भूमि अभिलेखों में जालसाजी की और उन्हें बेचकर आय अर्जित की।

# 702 दिन बाद जेल से छूटे आजम खां

- बेटे अदीब और अब्दुल्ला आजम लेने पहुंचे जेल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** 702 दिन तक जेल में बंद रहने के बाद सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां को रिहा किया गया। रामपुर कोर्ट से दो मामलों में साढ़े पांच हजार रुपये जुर्माना जमा करने की औपचारिकता के चलते रिहाई विलंब से हो सकी। सुरक्षा कारणों से किसी से मिलने नहीं दिया गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के साथ पीएसी भी मौजूद रही।

रामपुर कोर्ट से आजम खां का रिहाई आदेश सोमवार शाम आ गया था। लेकिन विलंब के कारण सीतापुर जेल प्रशासन ने सुबह रिहा करने की बात कही। मंगलवार सुबह बेटे अदीब आजम और अब्दुल्ला आजम समर्थकों के साथ पहुंचे। समय बीतने पर पता चला कि दो मुकदमों में जुर्माना नहीं भरा गया है। रामपुर कोर्ट में प्रक्रिया पूरी होने में लगभग 12 बज गया। ढाई हजार और दो हजार जुर्माना की रसीद और आदेश जेल पहुंचने के बाद आजम खां की रिहाई हुई। समर्थकों की बढ़ती भीड़ के बीच पहुंची मुरादाबाद की सपा सांसद रुचि वीरा और पुलिस में नोकझोंक हुई। शहर में मुख्य मार्गों पर पुलिस के साथ पीएसी तैनात रही। रामपुर जाते समय कई स्थानों पर समर्थकों ने स्वागत किया।

# पराग घी व मक्खन की कीमतें घटीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**दरें तत्काल प्रभावी**

- 100 ग्राम मक्खन चार रुपये, एक किलो घी 25 रुपये सस्ता

**अमृत विचार :** प्रदेश में पराग घी व मक्खन के मूल्य घट गए हैं। सस्ती दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दीं गईं हैं। 58 रुपये वाला 100 ग्राम मक्खन अब 54 रुपये का मिलेगा। 285 रुपये में मिलने वाला 500 ग्राम मक्खन अब 265 रुपये का मिलेगा। 610 रुपये में मिलने वाला 1 लीटर घी अब 585 में मिलेगा। 310 रुपये में मिलने वाला आधा लीटर पीपी घी अब 292 रुपये का मिलेगा।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को नई दरें साझा करते हुए कहा कि जीएसटी सुधार के मद्देनजर राज्य में पराग घी व मक्खन की जीएसटी की दरों में 22 सितंबर को कमी करते हुए उपभोक्ताओं को राहत देने का कार्य किया गया है। दुग्ध विकास मंत्री मंत्री के मुताबिक, राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक प्रदेश को दुग्ध उत्पादन, प्रोसेसिंग मूल्य संवर्द्धन और प्रबंधन के क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर्ता राज्य बनाना है।

**71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** | राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कलाकारों को दिया सम्मान, रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड

# मोहनलाल को फाल्के सम्मान, शाहरुख-मैसी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

- कटहल सर्वश्रेष्ठ हिंदी जबकि 12वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजधानी में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से मलयालय सिनेमा के अप्रतिम कलाकार मोहनलाल को अति प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिनेता शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री को भी राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। शाहरुख खान ने इस अवार्ड का साझा विक्रांत मैसी के साथ किया। शाहरुख को यह

समारोह के दौरान अभिनेता मोहनलाल, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी।

पुरस्कार उनकी फिल्म जवान के लिए तो मैसी को 12वीं फेल के लिए दिया गया। रानी मुखर्जी को मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ आंका गया।

समारोह में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार कटहल - ए जैकफ्रूट मिस्ट्री को मिला। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार 12वीं फेल को दिया गया। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की संक्षिप्त सूची में सर्वश्रेष्ठ निर्देशन - द केरल स्टोरी (सुदीप्तो सेन) सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म- रॉकी और रानी की प्रेम कहानी सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका - शिल्पा राव (छलिया, जवान) सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक - प्रेमिस्थुन्ना (बेबी, तेलुगु) सर्वश्रेष्ठ छायांकन - द केरल स्टोरी, सर्वश्रेष्ठ नृत्य - रॉकी और रानी की प्रेम कहानी (ढिंढोरा बाजे रे) को दिया गया।

### सिनेमा का लोकहित में होना अच्छी बात : मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि लोकप्रिय फिल्में बनाना सही है लेकिन लोकप्रिय होने के साथ-साथ फिल्में यदि लोकहित में भी हों तो यह और भी बेहतर होगा। मुर्मू ने मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने भारतीय सिनेमा के मौजूदा परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं किसी न किसी स्तर पर भेदभाव झेलती हैं। महिलाओं पर केन्द्रीत फिल्में बनाने के लिए वह फिल्मकारों को साधुवाद देती हैं। हर क्षेत्र में महिलाओं की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि अवसर मिलने पर महिलाएं बड़ी उपलब्धि हासिल करने में सक्षम हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अच्छे सुझावों को विजन डॉक्युमेंट में शामिल करेगी सरकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार के "समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान" के तहत राज्य के सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों व प्रबुद्ध जनों द्वारा छात्रों, शिक्षकों, उद्यमियों, कृषकों, मीडिया, श्रमिक संघठनों और आमजन से संवाद किया जा रहा है। मंगलवार तक अभियान में करीब पांच लाख सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों से करीब 4 लाख और नगरीय क्षेत्रों से करीब एक लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। सबसे अधिक भागीदारी 31 से 60 वर्ष आयु वर्ग की दिख रही है, जबकि जेन-ज़ी और वरिष्ठ नागरिकों ने भी सक्रियता दिखाई है। योगी सरकार अच्छे सुझावों को विजन डॉक्युमेंट में शामिल करेगी।

### निर्माण श्रमिक पंजीकरण व नवीनीकरण अनिवार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रमिकों के हित में उत्तर प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु व बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना और अटल आवासीय विद्यालय जैसे योजनाएं संचालित हैं। सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रमिकों का बोर्ड में पंजीकरण अनिवार्य है। पहले से पंजीकृत श्रमिक नवीनीकरण करा लें। 40 प्रकार के निर्माण कार्यों में संलग्न श्रमिक सीएससी ई-डिस्ट्रिक्ट सेंटर या बोर्ड की वेबसाइट upbocw.in से पंजीकरण या नवीनीकरण कर सकते हैं।

### केजीएमयू में नहीं दिए गए दवा के बिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद केजीएमयू के एचआरएफ काउंटरों पर अव्यवस्थाएं उत्पन्न हो गईं हैं। मंगलवार को भी कई काउंटरों पर मरीजों-तीमारदारों को खरीदी गईं दवाओं के बिल मुहैया नहीं कराये जा सके। इससे लोगों ने नाराजगी जताई है। जीएसटी में संशोधन के बाद दवाएं सात फीसदी तक सस्ती हुईं हैं। नई दरें सोमवार से लागू हो गईं हैं। मंगलवार को केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल के एचआरएफ काउंटर से किसी भी मरीज को बिल नहीं दिए गए। इससे कुछ तीमारदारों ने नाराजगी भी जताई। सस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि कुछ काउंटरों पर सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं हो पाया है। देर शाम तक अपडेट होने पर बिल मिलने लगेगा। तीमारदारों से बाद में बिल लेने को कहा जा रहा है। दवाएं नई दर पर ही मुहैया कराई जा रहीं हैं।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में होंगे प्रदेश के एग्री 'कल्चर' के दर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 1000 वर्ग मीटर में प्रदर्शनी लगाएगा कृषि विभाग, पांच कृषि विश्वविद्यालय लेंगे हिस्सा
- कृषि उत्पादों, उपकरणों, बीज, उर्वरक व कृषि रक्षा रसायन निर्माताओं को मिलेगा मंच

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन के साथ 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में होने जा रहे उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में उन्नत कृषि संस्कृति भी आकर्षण का केंद्र बनेगी। देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों के साथ-साथ आगंतुकों को भी यूपी की कृषि प्रगति और तकनीकी नवाचार का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर इस बार खास तैयारी के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग को ट्रेड शो में 1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल आवंटित किया गया है, जिसमें विभाग अपने विभिन्न आयामों को प्रदर्शित करेगा। यहां कृषि शिक्षा, बीज विकास, कृषि उपकरण, उर्वरक, पौध संरक्षण रसायन और आधुनिक कृषि तकनीक से जुड़े अनेक संस्थान व कंपनियां अपनी उपलब्धियां प्रस्तुत करेंगे। इसमें कानपुर, अयोध्या, मेरठ, बांदा और प्रयागराज के पांचों कृषि विश्वविद्यालय अपनी शोध व तकनीकी उपलब्धियों के साथ शामिल होंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम और अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, वाराणसी भी अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे।

ट्रेड शो में 15 से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें प्रयागराज, एटा, झांसी, मेरठ, महोबा, सहारनपुर, लखनऊ, सिद्धार्थनगर और गौतमबुद्धनगर समेत विभिन्न जिलों के एफपीओ शामिल होंगे। ये संगठन अपने उत्पादों और नवाचारों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर सकेंगे। इससे न केवल किसानों को विपणन का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक और वैश्विक अनुभव से भी लाभ होगा।

कृषि विभाग की प्रदर्शनी में 17 कृषि यंत्रीकरण कंपनियां, 9 बीज कंपनियां, 8 उर्वरक कंपनियां और 8 कृषि रक्षा कंपनियां अपनी उत्पाद श्रृंखला और सेवाएं प्रदर्शित करेंगी। ड्रोन तकनीक, आधुनिक कृषि यंत्र और जैविक खेती से जुड़ी नयी पहलें भी आगंतुकों को देखने को मिलेंगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए कृषि विभाग ने विशेष तैयारी की है। इसके लिए विभाग ने कई नोडल अधिकारी भी नामित किए हैं।

### 'उन्नत कृषि संस्कृति' का होगा अनुभव : मंत्री

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह आयोजन न केवल किसानों और एफपीओ को वैश्विक पहचान दिलाएगा बल्कि कृषि क्षेत्र में निवेश और नवाचार को भी गति देगा। विश्वास है कि इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में यूपी की कृषि ताकत और उन्नत तकनीक को देखकर आगंतुक 'उन्नत कृषि संस्कृति' का वास्तविक अनुभव करेंगे।

### कृषि विभाग के नोडल अधिकारी

- बीज विकास कंपनियों के लिए-डॉ. अमरनाथ मिश्र
- उर्वरक कंपनियों के लिए – डॉ. आशुतोष कुमार मिश्र
- कृषि उपकरण व ड्रोन के लिए – नरेंद्र कुमार
- कृषि रक्षा रसायनों के लिए – टीएम त्रिपाठी
- आईआईटी कानपुर स्टार्टअप समन्वय– अपर कृषि निदेशक (प्रसार)

### गेटेड टेंट सिटी में दिखेगा 'महाकुम्भ' सा नजारा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ का डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पर भारत स्काउट्स व गाइड्स द्वारा आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी 2025 का दृश्य प्रयागराज के महाकुम्भ जैसा ही होगा। यहां लगभग 3500 टेंट लगाए जाएंगे। हर राज्य व प्रतिभागी दल के लिए अलग आवासीय सुविधा होगी। खानपान के लिए 64 किचन बनाए जाएंगे, जो एक साथ हजारों लोगों को भोजन उपलब्ध कराएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर इस आयोजन में लगभग 35 हजार प्रतिभागियों के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा। इसका भूमि पूजन 29 सितंबर को योगी सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों की मौजूदगी में किया जाएगा। योगी सरकार ने स्वास्थ्य व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जम्बूरी नगर में 100 बिस्तरों वाला अस्थायी अस्पताल, 15 डिस्पेंसरी और दर्जनों एंबुलेंस तैयार रहेंगी। साथ ही, 24x7 कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन हर समस्या का समाधान 15 मिनट में सुनिश्चित करेंगे।

### आयुष्मान भारत योजना में यूपी अग्रणी राज्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार को पूरे प्रदेश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सात साल पूरे होने आयुष्मान भारत दिवस के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राज्य में अब तक कुल 9 करोड़ लक्षित लाभार्थियों में से 5.38 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है।

प्रदेश के हर जिले में विशेष रूप से शिविर का आयोजन किया गया है, जहां पर आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। सांची की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने आयुष्मान भारत योजना में अपनी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है।

नीति आयोग की बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम। अमृत विचार

# विजन डॉक्युमेंट का रिव्यू करेगी हाई पावर कमेटी

## नीति आयोग के सीईओ ने की विजन डॉक्युमेंट की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रमण्यम की अध्यक्षता में मंगलवार को योजना भवन 'उत्तर प्रदेश @ 2047 विजन डॉक्युमेंट' की समीक्षा बैठक हुई। इसमें दस्तावेज़ के निर्माण की वर्तमान प्रगति और भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक हाई पावर कमेटी बनाई जाए जो कि इस विजन डॉक्युमेंट को रिव्यू करेगी।

बैठक में नीति आयोग के सीईओ सुब्रमण्यम के समक्ष विजन डॉक्युमेंट के निर्माण प्रक्रिया का प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्होंने एक संगठित और समन्वित कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा तथा कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए एक संयुक्त टीम के गठन का सुझाव दिया। इस टीम में क्षेत्रीय एवं सेक्टर विशेषज्ञ, नीति आयोग के प्रतिनिधि तथा राज्य योजना विभाग के सदस्य शामिल होंगे, जिससे नीति-निर्माण में समन्वय मजबूत होगा।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक हाई पावर कमेटी बनाई जाए जो कि इस विजन डॉक्युमेंट को रिव्यू करेगी। राज्य योजना आयोग के प्रमुख सचिव, विशेष सचिव, संयुक्त निदेशक, निदेशक, शोध अधिकारी, टीम डेलाइट, टीम स्टेट सपोर्ट मिशन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### 500 प्रोडक्ट्स व विषयों के एक समूह का गठन

- राज्य योजना आयोग के प्रमुख सचिव ने विजन डॉक्युमेंट तैयार करने की चरणबद्ध कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर 500 प्रोडक्ट्स/विषयों के एक समूह का गठन किया गया है। साथ ही, राज्य के सभी जनपदों में शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों, विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय हितधारकों से संवाद करके सुझाव एकत्र किए जा रहे हैं। इसके अलावा, आम जनता से ऑनलाइन सुझाव लेने के लिए एक समर्पित पोर्टल भी शुरू किया गया है।

### विद्यार्थियों तक हो इस विजन की पहुंच

- नीति आयोग के सीईओ ने इस व्यापक जनभागीदारी की प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों की उपलब्धियों के साथ मुख्यमंत्री जी की बैठक आयोजित की जाएं और विद्यार्थियों तक इस विजन की पहुंच सुनिश्चित की जाए। बैठक में विजन डॉक्युमेंट के रूपरेखा तय करने के लिए एक समय सीमा भी निर्धारित की गई।

### ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा छठा अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वर्चुअल प्रतिभाग कर ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों की प्राप्ति में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़े कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत केवल अगस्त माह में 28029 नए इंस्टॉलेशन संपन्न हुए जिससे उत्तर प्रदेश में सभी राज्यों को पीछे छोड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व स्थापित किया अब तक 208407 इंस्टॉलेशन पूरे हो चुके हैं।

# सपा में हमेशा आजम का सम्मान : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मो. आजम खां की जेल से रिहाई पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कोर्ट का धन्यवाद प्रकट किया है। साथ ही यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने उन पर झूठे मुकदमे लगाये और हमारी सरकार बनी तो सभी मुकदमे वापस लिए जाएंगे।

मंगलवार को जनपद मार्केट हजरतगंज लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मो. आजम खां साहब और हम सब ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी के साथ मिलकर लम्बी लड़ाई लड़ी। इस लड़ाई में आजम साहब और समाजवादियों की बड़ी भूमिका है। आने वाले समय में आजम खां पर लगे मुकदमें खत्म होंगे।

### 1 साल 11 महीने और 1 दिन जेल में रहे आजम

- सीतापुर। मो. आजम खां 1 साल 11 महीने और 1 दिन से सीतापुर कारागार में निरुद्ध रहे। सबसे पहले वे वर्ष 2020 में रामपुर जेल गए थे। वहां से इन्हें सीतापुर स्थानांतरित किया गया। वर्ष 2022 में जेल से जमानत पर बाहर आए, लेकिन 2023 में अभियोग पंजीकृत होने पर आजम खां ने रामपुर कोर्ट में सरेंडर किया। जिसके बाद इन्हें पुन: सीतापुर कारागार में निरुद्ध कराया गया।

### परिवार पर दर्ज हुए 165 अभियोग

- आंकड़ों पर नजर डालें, वर्ष 2022 तक आजम खां पर 87 मुकदमें दर्ज थे। जबकि इनके पुत्र अब्दुल्ला आजम पर 43 अभियोग पंजीकृत हुए। आजम खां की पत्नी तंजीन फातिमा पर 35 मामले दर्ज हुए। परिवार पर वर्ष 2022 तक 165 मामले दर्ज हुए।

### 22 को जेल और 22 को ही आया रिहाई परवाना

- आजम खां 22 अक्टूबर को जेल में निरुद्ध किये गए। जबकि 22 सितंबर को रिहाई का परवाना जेल पहुंचा। पारिवारिक सदस्य शारिब खां बताते हैं कि आजम खां रामपुर से 10 बार विधायक और एक बार के सांसद रहे हैं। वर्ष 1980 में जनता दल से पहली बार चुनाव जीते थे। इसके बाद लोकदल और फिर सपा से विधायक और सांसद बने।

# दस्तावेज़ों और रैलियों में नहीं होगा जाति का उल्लेख

## हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में योगी सरकार ने लिया बड़ा फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाज में जातिगत भेदभाव और वैमनस्यता को समाप्त करने की सख्त पहल

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने समाज में जातिगत भेदभाव, वैमनस्य और विभाजन की प्रवृत्तियों को समाप्त करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में अब पुलिस दस्तावेज़ों, सरकारी कार्यवाहियों, सार्वजनिक स्थानों और राजनीतिक रैलियों में जाति का उल्लेख पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।

मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि एफआईआर, गिरफ्तारी मेमो, संपत्ति जब्ती मेमो, तलाशी मेमो और अन्य पुलिस अभिलेखों में जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर शिकायतकर्ता, गवाह और आरोपी के नाम के साथ माता का नाम भी अनिवार्य रूप से अंकित किया जाएगा। अब तक केवल पिता या पति का नाम लिखा जाता था। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी जाति-आधारित नारेबाजी, गौरव गान और घृणा फैलाने वाले संदेशों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। ऐसे किसी भी पोस्ट को आईटी एक्ट के तहत दंडनीय माना जाएगा और संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई होगी। इसके लिए पुलिस विभाग को मीडिया लिटरेसी और एंटी-कास्टिज्म कैंपेन चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। आदेश के अनुसार, प्रदेश भर के कस्बों, तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले जाति गौरव वाले बोर्ड, साइनबोर्ड और घोषणापत्र तत्काल प्रभाव से हटाए जाएंगे।

भविष्य में ऐसे बोर्ड लगाए जाने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई होगी। साथ ही, परिवहन विभाग और आरटीओ को भी यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि निजी और सार्वजनिक वाहनों पर जाति सूचक स्लोगन या चिह्न किसी भी रूप में न लिखे जाएं। शासन ने पुलिस मैनुअल और नियमावली में संशोधन कर जाति अंकन को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है।

### जातीय भेदभाव भी होगा खत्म: सपा प्रमुख

- लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जाति को लेकर कोर्ट का फैसला आया है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में कोर्ट जाति खत्म करने और जातीय भेदभाव खत्म करने के बारे में रास्ता बताएगा। जिससे कोई जाति के आधार पर किसी का घर-मकान गंगा जल से न धुलवा पाए। कोई जातीय भेदभाव के आधार पर मंदिर न धोने पाए।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान मोदी की दूरदृष्टि का प्रतीक : जोशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यशाला में अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक ने अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का दिया मंत्र

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक व सांसद सीपी जोशी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस दूरदृष्टि का प्रतीक है, जिसमें भारत को केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि विश्व का निर्माता और मार्गदर्शक बनाने का संकल्प निहित है। यह अभियान स्थानीय उद्यमों, कुटीर उद्योगों, किसानों, नवाचार और युवाओं की ऊर्जा को एकजुट कर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम है।

सीपी जोशी।

विश्वेश्वरैया हाल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि गाँव-गाँव और नगर-नगर तक आत्मनिर्भरता की अलख जले। 'वोकल फॉर लोकल' से लेकर स्टार्टअप और मेक इन इंडिया तक, यह संकल्प प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही सफल होगा। यह अभियान आत्मबल और स्वाभिमान का अभियान है, जो भारत को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाने का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के प्रत्येक जिले की पारंपरिक और विशिष्ट पहचान को न केवल संरक्षित किया है, बल्कि उसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराकर लाखों कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के जीवन में नई रोशनी भरी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा पं दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। जब तक यह स्वदेशी नहीं होगी. यह न तो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर सकती है और न ही न्याय की गारंटी दे सकती है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यशाला में उपस्थित हम सब पार्टी कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि प्रदेश का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाए। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की आत्मा को जागृत करने का महाअभियान है। यह अभियान पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती 25 सितंबर से प्रारम्भ होकर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा। आगामी 26 सितंबर को जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करनी है।

### गोशालाओं में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की गोशालाओं पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। गोवंश के संरक्षण में लापरवाही या उदासीनता बरतने और खर्च के भुगतान में देरी होने या फर्जी भुगतान होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। शासन ने रोग प्रभावित 11 जिलों में वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को लंपी रोग की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्वांचल के अन्य जिलों में रोग से प्रभावित गोवंश की सूचनाएं मिलीं हैं, वहां विशेष ध्यान दिया जाए। जो जिले लंपी रोग से प्रभावित नहीं हैं वहां से अतिरिक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमें भेजी जाएं। मुख्यालय स्तर से भी टीकाकरण की निगरानी के लिए जिन नोडल अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है।

# 30 तक चुन सकेंगे यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासनादेश जारी, ऑनलाइन दिक्कत होने पर ऑफलाइन फार्म जमा करने की सुविधा
- अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को पेंशन स्कीम में शामिल होने का अंतिम अवसर

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) में शामिल होने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया है। वित्त विभाग की ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि विकल्प चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 है।

वित्त विभाग एसीएस दीपक कुमार ने नियुक्ति, गृह, पर्यावरण, वन एव जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिवों को भेजे गए शासनादेश में कहा है कि यदि किसी कारणवश जैसे ऑनलाइन प्रणाली की अनुपलब्धता या सीआरए पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी के चलते कोई अधिकारी यूपीएस का ऑनलाइन अनुरोध दर्ज करने में असमर्थ हो, तो वे फार्म ए2 भौतिक रूप से संबंधित नोडल कार्यालय में जमा करा सकते हैं। यह सुविधा अंतिम तिथि यानी 30 सितंबर तक ही उपलब्ध रहेगी।

वित्त विभाग ने महालेखाकार, निदेशक पेंशन, निदेशक कोषागार और सभी मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम से कर्मचारियों को दीर्घकालिक पेंशन सुरक्षा और सुविधाओं में सुधार मिलेगा। यह योजना राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के दायरे में रहते हुए अधिक पारदर्शिता और स्थिरता प्रदान करेगी। गौरतलब है कि अभी यह योजना केंद्र सरकार के करीब 24 लाख कार्मिकों के लिए है, हालांकि राज्य सरकार भी अपने करीब 17 लाख कार्मिकों के लिए लाने पर विचार कर रही है।

### हमले केंद्र सरकार ने जनवरी में लागू की थी स्कीम

- केंद्र सरकार ने 24 जनवरी 2025 को अधिसूचना जारी कर यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू की थी। इसके बाद 19 मार्च 2025 को पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने संबंधित विनियम अधिसूचित किए और 2 सितंबर 2025 को कार्मिक एवं पेंशन मंत्रालय ने सेंट्रल सिविल सर्विसेज (यूपीएस) नियम भी जारी किए। हालांकि अभी इस योजना में आने के लिए 24 लाख में से करीब 50 हजार कार्मिकों ने ही आवेदन किया है।

### ऐसे पूरी होगी प्रक्रिया

- यूपीएस विकल्प चुनने की प्रक्रिया चार प्रतियों में पूरी करनी होगी। इनमें से एक प्रति अधिकारी की सेवा पुस्तिका में सुरक्षित रहेगी। एक प्रति अधिकारी स्वयं रखेंगे। शेष दो प्रतियां संबंधित कोषागार को भेजी जाएंगी।

**बदलाव**

आउटसोर्स सेवा निगम ने कानूनी अड़चनों से बचने के लिए निकाला नया फार्मूला

# सरकारी पद की जगह तय किए गए 'सेवा आधारित नाम'

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- आउटसोर्स की नौकरी में सरकारी सेवा की तुलना में पांच से तीन गुना कम वेतन

**अमृत विचार :** प्रदेश में आउटसोर्स के माध्यम से भर्तियां सीधे सरकारी पदों के नाम पर नहीं होंगी, बल्कि उन पदों से मिलते-जुलते 'सेवा आधारित नाम' तय किए गए हैं। इससे सरकार को भविष्य में कानूनी विवादों और वेतन समानता से जुड़े मामलों से बचाने का रास्ता साफ होगा। साथ ही, सरकारी सेवा की तुलना में संबंधित पदों पर वेतन-भत्ता का निर्धारण भी करीब पांच से तीन गुना कम किया गया है।

प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन की ओर से जारी आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती व्यवस्था में सरकारी पद नाम को बदलकर सेवा आधारित चार श्रेणियों में नाम तय किए गए हैं। अब तक आउटसोर्स कर्मियों को डॉक्टर, व्याख्याता, लेखाकार, परियोजना प्रबंधक, वास्तुविद, शिक्षक, नर्स, फार्मासिस्ट, लिपिक से लेकर चपरासी-गार्ड आदि सरकारी सेवा जैसे नामों से नियुक्ति दी जाती थी। सूत्रों के मुताबिक, स्वास्थ्य, शिक्षा और उच्च शिक्षा विभागों ने इस मुद्दे को सबसे ज्यादा उठाया था। इन विभागों में बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारियों की तैनाती होती है। यदि वे सरकारी पद के बराबरी का दावा करते, तो वित्तीय बोझ लाखों करोड़ तक पहुंच सकता था। इसी को देखते हुए आउटसोर्स सेवा निगम ने नया मॉडल तैयार किया और शासन ने उसे मंजूरी दी।

### विपक्ष का सवाल

- विपक्षी दल सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार स्थायी भर्ती करने से बच रही है। उनका कहना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में आउटसोर्स कर्मचारियों पर निर्भर रहना, सेवाओं की स्थायित्व और गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है।

### श्रम, डाक, रंगरोगन, खानपान, बागवान, सुरक्षा सेवाएं नए नाम

- राज्य में स्थायीकरण के लिए सबसे अधिक मुकदमें श्रेणी चार के क्लर्क, हेल्पर, ड्राइवर, लैब अटेंडेंट, परिचारक, सुरक्षा गार्ड, माली, आपरेटर आदि के होते हैं। ऐसे में इनके नाम आउटसोर्स सेवा निगम की नियमावली में श्रम, डाक, रंगरोगन, खानपान, बागवान, सुरक्षा, यांत्रिक, विद्युत, सैनिटेशन, पंपिंग, फायर आदि के आगे सेवाएं जोड़कर बचने का प्रयास किया गया है।

### सेवा आधारित सेवाएं 'श्रेणी एक' को 40 हजार वेतन

- शासनादेश के मुताबिक, श्रेणी एक में 8 पदों पर 40 हजार वेतन प्रतिमाह तय किया गया है। इसमें अब डॉक्टर की जगह पद का नाम 'चिकित्सकीय सेवाएं' होगा, जबकि योग्यता मान्यता प्राप्त विवि से एमबीबीएस है। इसी तरह अभियंत्रण सेवाएं के लिए योग्यता बीटेक, व्याख्याता की जगह 'व्याख्यान सेवाएं' पद के लिए परास्नातक, परियोजना प्रबंधक की जगह 'परियोजना प्रबंधन सेवाएं' योग्यता गणित-भौतिकी परास्नातक या रसायन में आपरेशन रिसर्च, लेखाकार की जगह 'लेखा सेवाएं स्तर' की योग्यता एमकाम अकाउंट में 5 साल का अनुभव या चार्टर्ड अकाउंटेंट और वास्तुविद की जगह वास्तु सेवाएं बीआर्च में स्नातक तय है।

### श्रेणी दो 25 हजार, तीन को 22 और चार को मात्र 20 हजार वेतन

- आउटसोर्स से श्रेणी दो में 16 पदों पर 25 हजर रुपये प्रति माह पर भर्ती होगी। इसमें पदों के नाम सेवा आधारित करते हुए कार्यालीय सेवाएं, आशुलिपिक सेवाएं स्तर-2, लेखा सेवाएं स्तर-2, डाटा प्रोसेसिंग सेवाएं स्तर-2, शिक्षण सेवाएं, शारीरिक प्रशिक्षण सेवाएं, कला शिक्षण सेवाएं, फार्मेसी सेवाएं, एक्सरे सेवाएं जैसे नाम तय किए गए हैं, मगर सरकारी पद की तरह योग्यता पदानुरूप स्नातक, बीएड आदि रखी गई है। श्रेणी तीन में 22 हजार वेतन पर नौकरी के लिए पदों की योग्यता भी कम से कम स्नातक है, जबकि श्रेणी 4 में 20 हजार वेतन पर जूनियर हाईस्कूल से हाईस्कूल पास चाहिए।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## तृतीय चंद्रघंटा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

**बीज मंत्र...ऐं श्रीं शक्तयै नम:।**

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, एक घायल

## धमाके की तीव्रता से निकट के मकानों में पड़ी दरार, निकट में चौकी पुलिस को पटाखा निर्माण की नहीं लगी भनक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/ मानीमऊ

घटना के बाद आतिशबाज की पत्नी से जानकारी करते चौकी इंचार्ज आलोक सिंह।

घटना के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानीमऊ पुलिस चौकी के निकट चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया। इसके बाद एक एक कर कई धमाके हुए। इससे आतिशबाज घायल हो गया जबकि मवेशी के चीथड़े उड़ गए।

धमाका इतना तेज था कि तीन सौ मीटर के दायरे में बने मकानों की खिड़कियों के कांच टूट गए, प्लास्टर उखड़ गया व दरारें पड़ गईं। धमाके की आवाज दो किलोमीटर तक सुनाई दी। घटना के बाद आतिशबाज घायल अवस्था में भाग निकला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मानीमऊ के गांव मकदूमापुर में मंगलवार सुबह 11:30 बजे के करीब जोरदार धमका हुआ। इसके बाद कस्बे में अफरा तफरी मच गई। लोग इधर उधर भाग कर जानकारी करना चाह रहे थे कि क्या हुआ। बाद में पता चला कि मानीमऊ-ठठिया रोड रेलवे क्रासिंग के पास मकदुमपुर में मोहम्मद हसन के मकान में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में दीपाबली के लिये गोला का निर्माण किया जा रहा था। इस काम को आतिशबाज मोहमद हसन, उसकी पत्नी असमा और पुत्री रीना तीनों करते थे। इसी दौरान किसी तरह विस्फोट हो गया। जब तक लोग पहुंचते तब तक घर का मुखिया मौके से भाग निकला जब कि उसकी पत्नी झाड़ लगा कर बारुद को साफ करने में जुट गई। घर में बने शौचालय की छत व आंगन में कुछ बम सूख रहे थे। धमाके की चपेट में आने से पड़ोसी सलीम का बकरा करीब 50 फुट ऊंचाई तक हवा में उछलने के बाद पड़ोसी कुलदीप यादव के हाते में जा गिरा। इससे उसके चीथडे उड़ गए। वही एक अन्य बकरा घायल हो गया। बिस्फोट से कुलदीप के मकान की खिड़की टूट गई। मकान की तीसरे मंजिल की दीवार का प्लास्टर उखड गया। यही नहीं मोहम्मद हसन की वह चारपाई हवा में लहराते हुए जीटी रोड पर जा गिरी जिस पर सुतली दैमार बम सूख रहे थे। बिस्फोट के बाद आतिशबाज घायल अवस्था में मौके से भाग निकला। आतिशबाज की पत्नी आसमा का कहना था कि दैमार पटाके घर के आगन में सूख रहे थे इसी दौरान बकरे ने खाया तो धमाका हो गया। धमाके की आवाज सुन कर चौकी प्रभारी आलोक सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घर की तलाशी ली जिसमे आतिशबाजी बनाने की सामग्री और करीब दो सौ जिंदा दैमार बम बरामद किए गये। इस के अलावा आतिशबाजी बनाने की सामग्री बरामद की गई है।

### आतिशबाज की पत्नी को हिरासत में लिया

**मानीमऊ।** मकदूमापुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री कई वर्षों से चल रही थी। कई बार पुलिस ने छापा मार कर विस्फोटक सामग्री बरामद किया फिर भी अवैध फैक्ट्री फलती फूलती रही। इसका संचालन करने वाला मो. हसन तिर्वा थाना के अंतर्गत रजईमऊ राजा का रहने वाला है। मकदूमापुर गांव में गुड्डू, उस्मान, पप्पू का बहनोई है। ससुराल वालों ने मकान बनाने के लिए मो. हसन को जगह दी। उसी में घर बना कर अवैध पटाखा फैक्ट्री चला रहा था। पुलिस ने उसकी पत्नी असमा को हिरासत में लिया है।

### धमाके के समय ट्रेन नहीं गुजरी वरना होता बड़ा हादसा

**मानीमऊ।** मो. हसन का मकान रेलवे लाइन के पास है। जिस समय धमाका हुआ उस समय कोई ट्रेन नहीं निकली थी। यदि ट्रेन निकल रही होती तो बडा हादसा हो सकता था।

# 1649 वक्फ संपत्तियों का पोर्टल पर दर्ज होगा ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में खोली गई हेल्पलाइन
- शिया व सुन्नी वक्फ संपत्तियों के लिए अलग-अलग नोडल तैनात

**अमृत विचार।** जिले में 1649 वक्फ संपत्तियां हैं। इनका ब्योरा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करना होगा। शिया व सुन्नी वक्फ संपत्तियों के लिए अलग-अलग नोडल तैनात किए गए हैं। भारत सरकार की ओर से एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास (यूएमईईडी) पोर्टल 06 जून को लांच हुआ था। विवरण भरने की आखिरी तारीख 05 दिसंबर है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि इसको लेकर 18 सितंबर को ऑनलाइन कार्यशाला भी हो चुकी है। पोर्टल अब काम करने लगा है। शिया व सुन्नी को ब्योरा भरना होगा। पहले चरण में पंजीकरण होंगे। दूसरे चरण में वर्तमान विवरण फीड करना होगा। इसमें सूचना भरने के अलावा पहचान पत्र, आधार कार्ड, फोटो व मोबाइल नंबर आदि काफी प्रपत्र मांगे गए हैं।

न्यूनतम 21 वर्ष का व्यक्ति इसमें शामिल हो सकता है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का कहना है कि कुल 1649 वक्फ संपत्तियों में से कुछ लोगों ने ब्योरा अपलोड भी कर दिया है। जनपद में नोडल वक्फ के मुतवल्ली/ प्रशासक कोआर्डिनेटर नामित किया गया है। साथ ही हेल्प डेस्क तथा मास्टर ट्रेनर के कार्य के लिए विकास भवन, कन्नौज स्थित कार्यालय में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर शिव कुमार सिंह को नामित किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 9079383491 और हेल्पलाइन नंबर 9554987272 है। सुन्नी वक्फ संपत्तियों के नोडल मोहसिन खान (मो.- 7007707107) तथा शिया वक्फ सम्पत्तियों के नोडल अली अब्बास (मो.- 9838334909) को नामित किया गया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का कहना है कि समस्त मुतवल्ली/ प्रशासक/ प्रबंधक कमेटी संबंधित से समन्वय स्थापित कर उम्मीद पोर्टल पर निर्धारित समय में वक्फ संपत्तियों का विवरण फीड कराएं।

## न्यूज ब्रीफ

### शिवमंगल सिंह बनाए गए ब्लाक नोडल शिक्षक

शिव मंगल सिंह।

**सौरिख, कन्नौज।** कम्पोजिट विद्यालय रेरीरामपुर के शिक्षक शिवमंगल सिंह को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड हसेरन का नोडल शिक्षक बनाया गया है। अब यह शासन द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से छात्र-छात्राओं, जनसामान्य हेतु चलाई जा रही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति, प्रवेश परीक्षाओं, योजनाओं जैसे वृक्षारोपण, सड़क सुरक्षा, संचारी रोग, विधिक साक्षरता, इंस्पायर अवार्ड, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा, स्वस्थ नारी सशक्त नारी परिवार अभियान, तम्बाकू मुक्त जागरूकता अभियान आदि कार्यक्रमो का प्रचार एवं प्रसार में भी सहयोग प्रदान करेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी।

### चेकिंग अभियान में 16 वाहनों का हुआ चालान

**छिबरामऊ।** नगर के सौरिख तिराहा, पूर्वी बाईपास और तालग्राम रोड पर यातायात जागरूकता व चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीएसआई अरशद अली ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 16 वाहनों के चालान किए। टीएसआई ने बताया कि जल्द ही उन वाहनों में रेट्रो रिफलेक्टर टेप लगाने का कार्य फिर शुरू किया जाएगा जिनमें रात्रि में चमकने वाली कोई सामग्री नहीं है ताकि रात के समय वाहनों की दृश्यता सुनिश्चित हो। इस अभियान में होमगार्ड ओम शरण और पीआरडी सुरेंद्र भी उपस्थित रहे।

### कब्जा मुक्त कराई ग्राम समाज की भूमि

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ब्लाक तालग्राम के ग्राम जुनैदपुर में नायब तहसीलदार हिमांशु कुमार, लेखपाल श्याम नारायन, राजेश अग्निहोत्री व पुलिस टीम ने मंगलवार को पहुंच कर सरकारी ग्राम समाज की बंजर भूमि पर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया और करीब 02 करोड़ की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। जिसमें राजस्व व पुलिस टीम ने गाटा संख्या 1011, रकवा 0.263 हे. की कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर पुन: कब्जा न करने की चेतावनी भी लोगों को दी।

### एड्स के प्रति किया छात्राओं को जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** छात्राओं व शिक्षिकाओं को एचआईवी एड्स की जानकारी देकर जागरूक किया गया। संक्रमण के लक्षण व इससे बचाव की जानकारी भी छात्राओं को दी गई। मंगलवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित सरोजनी आर्य बालिका इंटर कालेज में एचआईवी एड्स सघन जागरूकता अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त जिला चिकित्सालय में कार्यरत परामर्शदाता सोनी गुप्ता ने छात्राओं व शिक्षिकाओं को एचआईवी एड्स के विषय में जानकारी दी। रोग से बचाव के तरीके बताए।

अभियान चलाकर लोगों को जानकारी देते ईओ। अमृत विचार

## अभियान चलाकर लोगों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद ने मंगलवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत वार्ड नं. 15 लोहिया नगर और वार्ड नं. 11 इंदिरा नगर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के दौरान नागरिकों को जागरूक किया। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में निकाय कर्मियों ने लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया। कहा कि गीला कचरा, जैसे सब्जियों के छिलके, बचे हुए भोजन और पत्ते, हरे डिब्बे में, जबकि सूखा कचरा, जैसे प्लास्टिक, कागज, बोतलें और पुराने कपड़े नीले डिब्बे में डालें। सड़क पर फेंकने या खुले में कचरा जमा करने से मच्छर, मक्खियां और अन्य जीव-जंतु पनपते हैं जो बीमारियों को बढ़ावा देते हैं। अभियान में अमरदीप (प्रभारी सफाई), नंदलाल सैनी, प्रवेश कुमार, आकाश कुमार, राजेंद्र कुमारआदि शामिल रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

**सौरिख, कन्नौज।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और एंबुलेंस की सहायता से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

जनपद फर्रुखाबाद के थाना जहानगंज के गांव नगला रूप निवासी अरविंद पुत्र जयपाल (36) अपने परिवार के ही जितेंद्र पुत्र सूबेदार के साथ बाइक से सोमवार की शाम अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही बाइक सकरावा रोड सलेमपुर गांव के सामने पहुंची थी की तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई। इस पर सवार पंकज पुत्र सुरेंद्र (40) बाइक चालक संजय पुत्र गजेंद्र (25) निवासी तुर्कपुर थाना सौरिख जनपद समेत सभी चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# स्कूल में एक दिन की प्रधानाध्यापक बनीं प्रियांशी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आत्मनिर्भरता को उड़ान देने के लिए मिशन शक्ति के तहत हुआ कार्यक्रम
- कंपोजिट विद्यालय किनौरा में कक्षा अध्यापक व अध्यापक भी बनाई गईं छात्राएं

उमर्दा के कंपोजिट स्कूल किनौरा में प्रधानाध्यापक बनीं प्रियांशी राजपूत व कक्षाध्यापक का कार्य करतीं अन्य छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय किनौरा में छात्राओं को प्रधानाध्यापक, कक्षा अध्यापक व मिड-डे मील प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। सभी ने शपथ ग्रहण व कार्यभार लेने के बाद स्कूल का संचालन किया।

सहायक अध्यापक वैभव राजपूत ने यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आत्मनिर्भरता को उड़ान देने के लिए कराया। छात्राओं ने एमडीएम बनने की जानकारी की। स्वच्छता अभियान चलाया और कक्षाओं में पढ़ाई कराई। साथ ही पत्र व्यवहार रजिस्टर पर इंट्री की। सहायक अध्यापक ने बताया कि कक्षा 8 की 05 छात्राओं को 01 दिन के लिए अलग-अलग कक्षाओं की जिम्मेदारी दी गई। प्रियांशी राजपूत को स्कूल का प्रधानाध्यापक बनाया गया।

काजल प्रथम व काजल द्वितीय और राखी को कक्षा 06, 07 व 08 का कक्षा अध्यापक बनाया गया। छात्रा मोहनी को मिड-डे मील प्रभारी बनाया गया। सभी ने एक दिन के पदेन दायित्व की शपथ ली। शपथ ग्रहण महिला शिक्षक कल्पना मिश्रा व कार्यभार आदर्श शिक्षक वैभव राजपूत ने कराया। इस अवसर पर जितेंद्र राजपूत, पूनम देवी, श्यामलता आदि लोग मौजूद रहे। इस बाबत बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि छात्राओं को आगे बढ़ाने, जानकारी देने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए परिषदीय स्कूलों केजीबीवी में यह कार्यक्रम हो रहे हैं जो 30 सितंबर तक चलेंगे।

एक दिन की बीईओ बनी छात्रा अनुराधा भारती। अमृत विचार

### एक दिन की खण्ड शिक्षा अधिकारी बनीं छात्रा अनुराधा

**जलालाबाद, कन्नौज।** मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अनौगी में कक्षा 07 की छात्रा अनुराधा भारती को एक दिन का बीईओ बनाया गया। दूसरी छात्रा रिया कक्षा 08 को कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक बनाया गया। इस दौरान बीईओ शिवेंद्र कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापक नीरेंद्र कुमार, वार्डन अंबुज दुबे, सीमा त्रिवेदी, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहत्सिम आदि मौजूद रहे।

# सीएम के सुझाव अभियान की निकली हवा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान में रैंक मिली 73वीं

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 05 सितंबर को समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान की शुरुआत की है। जिले के पोर्टल पर महज 233 फीडबैक ही आए हैं, जिससे कन्नौज की रैंक 73वीं मिली है। सुधार के लिए 37 अफसरों को सीडीओ ने पत्र लिखा है।

मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने कहा है कि जनसामान्य को ऑनलाइन फीडबैक देने की सहभागिता के लिए प्रेरित करने को 10 व 11 सितंबर को टीम भी आई थी। टीम ने प्रगतिशील किसानों, एफपीओ, कृषि वैज्ञानिक, व्यवसायी, उद्यमी, महिला समूह, श्रमिक संगठन, विद्यार्थियों, शिक्षाविदों व प्राध्यापकों आदि से संवाद किया था। फीडबैक देने का अभियान 05 सितंबर से 05 अक्टूबर तक चलेगा। कन्नौज पोर्टल पर नगर क्षेत्र से 65 और ग्रामीण इलाकों से 168 फीडबैक हैं इससे कन्नौज फिसड्डी जनपदों में है। कहा गया है कि डीएम ने 16 सितंबर को सभी बीडीओ, ईओ, जिला पंचायत एएमए, जिला पंचायत सदस्यों, नगर निकायों के अध्यक्ष, सभासद, ब्लॉक प्रमुख, प्रधान व बीडीओ को शासन से भेजी गईं पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई हैं। सीडीओ ने सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, प्रभारी डीपीओ महेंद्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र, डीडी कृषि संतोष यादव, डीआईओएस, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कन्नौज, एआरटीओ इज्या तिवारी, आईटीआई प्रधानाचार्य कन्नौज, जिला पंचायत एएमए जेपी मौर्य, राजकीय पॉलिटेक्निक तिर्वा व अनौगी के प्रधानाचार्य, बीएसए, डीएसओ राजीव मिश्र, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार, प्रभारी डीपीओ, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी कन्नौज नवनीत श्रीवास्तव और गुरसहायगंज, जिले के आठों नगर पालिका को चिट्ठी भेजी है।

फूलमती देवी मंदिर में आरती में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा

**कन्नौज।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन जिले भर में माता दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई। इसको लेकर तमाम देवी मंदिरों में सुबह से ही आस्थावानों के दर्शन का क्रम जारी रहा। वहीं शहर में जगह जगह देवी भागवत व दुर्गा सप्तशती पाठ का क्रम भी शुरू हो चुका है। इस बार शारदीय नवरात्र पूरे नौ दिन मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को दूसरे दिन माता के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई। सिद्धपीठ फूलमती देवी मंदिर, काली देवी, सिंहवाहिनी देवी, क्षेमकली देवी, काली दुर्गा, अन्नपूर्णा देवी, गोवर्धनी देवी तथा मौरारी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका। पूजा पाठ कर मनौतियां भी मांगीं। सिद्ध देवी मंदिरों के बाहर परिसर में मेले भी लग गए हैं। यहां सुबह के अलावा शाम को भी खासी भीड़ उमड़ रही है। इन मेलों में बच्चों के अलावा महिलाएं भी खूब खरीदारी कर रही हैं।

New DASTAK Classes
दस्तक, आपके सफलता की
The classes are known for preparing students for various exams like
SSC, BANK, UPSI, UPP
Address: Sharada Nagar Crossing No 9, Infront of Anurag Hospital, Kakadeo Kanpur Uttar Pradesh.
CONTACT: 7607780084, 7080270066
Vikash Pathak

"NAMASKARAM"
Kerala Cafe
ARE YOU HUNGRY
शुभ नवरात्रि
OUR SPECIAL DAHI VADA
Pure Taste of South Indian Dishes
Flavors of South India
93-H, IIT Gate, Kalyanpu Kanpur, Uttar Pradesh 208016
Co.No: +91 97959 41444

आयोजन | एसबीएस इंटर कालेज के मैदान में चल रहा है आयोजन

# दुर्गा पंडाल में उमड़ा आस्था का सैलाब, रंगारंग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

सन्मार्ग के दुर्गा पंडाल में आरती में उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

पहले दिन पंडाल के सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के क्रम में सन्मार्ग संस्था की तरफ से 30 वां दुर्गा उत्सव पूरी धूम से शुरू हो गया है। इस क्रम में पहले और दूसरे दिन रात में मैया की आरती में आस्था का सैलाब उमड़ा। इसके साथ ही पहले दिन सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों ने जमकर धमाल मचाया और तालियां बटोरीं।

शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में सजे भव्य दुर्गा पंडाल में सोमवार की रात 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर तालियां बटोरीं। सेठ चन्द्रगुप्त शिक्षा निकेतन की छात्राओं वंशिका, गौरी, माही, हर्षाली ने मोहे नचना मोहन दे नाल गाने पर रंगारंग प्रस्तुति दी।

इसी तरह अनु कटियार, मान्या, वर्षा, रिया, उत्कर्ष, मानवी, श्रेया, पूजा, वैष्णवी, महक, मनस्वी समेत अन्य बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। इससे पहले रात साढ़े आठ बजे माता दुर्गा की आरती में श्रद्धालुओं की अथाह भीड़ उमड़ी और आरती व जयकारों से भक्ति के सागर में गोते लगाती रही। बता दें कि प्रतिदिन यहां होने वाली प्रतियोगिताओं के बाद अंतिम दिवस नवमी को विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### स्वास्थ्य कैंप लगाकर किया परीक्षण

**कन्नौज।** मंगलवार को द्वितीय दिवस सन्मार्ग नवदुर्गा उत्सव 2025 में मेदांता अस्पताल (लखनऊ) द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 64 श्रद्धालुओं ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। यहां बीपी, शुगर समेत तमाम जांचें तथा डाक्टर का परामर्श की सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। अंत में संस्था की ओर से आए हुए डॉक्टरों की टीम को सम्मानित किया गया।

समस्त जनपद वासियों को शारदीय नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
SHAN-E-AVADH LIGHTS Since 1979
Brackets, Jhumar, Fountain, Profile LED Strips, Spot & Flood Light Etc.
ASHOK Kr. TIWARI
Maniram Bagiya, Mob.: 9532827236, 8299616681
ANAND TIWARI Mob.: 9454080830, 7007408984
RAJAT TIWARI Mob.: 8840428305
Branch: 111-A-409, Mishra Market, 80 Ft. Road, Kanpur

## न्यूज ब्रीफ

### देवी ब्रह्मचारिणी का हुआ पूजन

**फर्रुखाबाद।** शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन नगर के देवी मंदिरों में मां दुर्गा की दूसरी शक्ति देवी ब्रह्मचारिणी का पूजन किया गया। नगर के मुख्य मंदिर माँ शीतला देवी, गुड़गांव देवी, मठिया देवी, वैष्णो देवी, महाकाल मंदिर सहित जिले भर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने बड़े उल्लास के साथ माँ की आराधना की।

### राजमिस्त्री की संदिग्ध हालात में मौत

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज में एक राजमिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे नवाबगंज अचरा मार्ग पर विनोद पाल के खेत के सामने सड़क किनारे एक शव मिला। मृतक की पहचान गांव उम्मरपुर निवासी विमलेश राठौर के रूप में हुई। विमलेश राजमिस्त्री का काम करता था। मौके पर पहुंचे उसके भाई बृजमोहन राठौर ने शव की पहचान की।

### मायके में रह रही महिला घर से गायब

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र के नगला केवल गांव से एक शादीशुदा महिला रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। महिला की शादी 5 साल पहले फर्रुखाबाद में हुई थी। परिजनों ने महिला की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चलापरिजनों ने राजेपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चल रही थी। थानाध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### युवक से मारपीट कर बाइक तोड़ी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम खुदलापुर निवासी संजीव कुमार पुत्र उदयभान सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके गांव के पंकज कुमार, अनुज कुमार, अवनीश, राजेन्द्र, अमित ने 21 जुलाई की रात लगभग 07 .30 बजे उसे तालाब के पास घेर लिया और रंजिश को लेकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और बाइक तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी।

### पिकअप की टक्कर से बच्ची घायल

**छिबरामऊ।** तालग्राम रोड पर प्राइमरी स्कूल से पढ़कर लौट रही 7 वर्षीय बच्ची आस्था को तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। बच्ची के पिता मोहल्ला भैंनपुरा निवासी संजीव शाक्य ने बताया कि बच्ची को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# प्राशिसं के जिलाध्यक्ष सुशील यादव को हटाया

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष व महामंत्री ने जारी किया पत्र

- संगठन विरोधी गतिविधियों में सुशील यादव को हटाया
- दिलीप यादव संयोजक व 06 सह संयोजक तैनात

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील यादव की पद से छुट्टी हो गई है। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। साथ ही अध्यापक दिलीप यादव को संयोजक बनाया गया है।

संगठन के अध्यक्ष विनय तिवारी व महामंत्री उमाशंकर सिंह ने इस बाबत डीएम, सीडीओ, बीएसए, वित्त लेखाधिकारी व संयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त जिलाध्यक्ष सुशील यादव के नेतृत्व वाली समिति को भंग करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए संयोजक व 06 सह संयोजक बनाए गए हैं। सह संयोजक में रामेंद्र पाल, कदीर अहमद, अशोक कुमार, सर्वेश दुबे, रमाशंकर सिंह व उमा पाल शामिल हैं। इन सभी से कहा गया है कि जनपद के सभी ब्लॉक क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाकर शिक्षकों को संघ का सदस्य बनाएं। साथ ही दो महीने में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर जनपदीय संगठन का चुनाव कराएं। इस बारे में जब सुशील यादव का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल काट दी।

सुशील यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष।

दिलीप यादव, जिला संयोजक।

जैनब।

## बुखार से कानपुर में इलाज के दौरान युवती की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बुखार पीड़ित युवती की कानपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी इश्तियाक ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी पुत्री जैनब (27) पांच दिनों से बुखार से पीड़ित थी। उसे शनिवार को कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां सोमवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पिता ने बताया कि वह कानपुर के निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से पुत्री का इलाज करा रहा था। इसके बाद भी अस्पताल कर्मियों ने जांच व दवा के नाम पर उससे 30500 रुपये ले लिए।

# सिर में चोट लगने से हुई महिला की मौत

- महिला की हत्या व लूट के मामले में पुत्रियों से की पूछताछ
- पुलिस लाइन में अधिकारियों व कर्मचारियों की ली बैठक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मकरंदनगर के कुतलूपुर में महिला की हत्या के बाद लूट के मामले में डीआईजी ने मौके का निरीक्षण किया। महिला की पुत्री से बात कर जल्द खुलासे का भरोसा जताया। वहीं पोस्टमार्टम में महिला की मौत सिर में आई गंभीर चोट से होने की पुष्टि हुई।

सोमवार दोपहर सदर कोतवाली के मोहल्ला मकरंदनगर के कुतलूपुर में सोमवार को दिनदहाड़े टायल लगाने वाले मजदूर बदमाशों ने महिला सुनीता (50) पत्नी अरविंद श्रीवास्तव की हत्या कर लूटपाट की थी। पुत्री कोमल को मकान की दूसरी मंजिल में बांध कर डाल दिया था और घटना के बाद फरार हो गये। पुलिस की जांच में टायल लगाने वाले बलरामपुर जनपद के थाना मिरवां निवासी जसवंत व उसके भतीजे को आरोपी माना गया। पुलिस ने मृतका के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया इसमें मौत का कारण सिर में गंभीर चोट लगना पाया गया। यह चोट बदमाशों से भिड़ने के दौरान दीवार से टकराने से भी हो सकती है। मुंह में भी चोट मिली है। महिला चिल्ला न दे इसलिये बदमाशों द्वारा उसके मुंह व नाक को दबाने की आशंका भी है। इसी मामले को लेकर मंगलवार की दोपहर डीआईजी हरीशचंदर जिला मुख्यालय पहुंचे। वह सीधे कुतलूपुर स्थित घटनास्थल गये। वहां एसपी विनोद कुमार के साथ महिला की पुत्री कोमल व दिव्या से बात की। डीआईजी ने पूछताछ के दौरान दोनों पुत्रियों को बदमाशों को जल्द गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया। यह भी कहा कि पुलिस की तीन टीमों को लगाया गया है। इसके बाद डीआईजी पुलिस लाइन पहुंचे जहां एसपी के अलावा एएसपी अजय कुमार, सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, तिर्वा सीओ कुलवीर सिंह, छिबरामऊ सीओ के अलावा कोतवाली प्रभारी व कर्मचारियों के साथ बैठक की।

जानकारी लेते डीआईजी हरीशचंदर व एसपी विनोद कुमार। अमृत विचार

**पुलिस लाइन में डीआजी ने यह दिये निर्देश:** कार्यक्रम में सभी थाना प्रभारियों को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जोड़ा गया तथा उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला और बाल सुरक्षा संबंधित कार्यक्रम प्रभावी ढंग से चलाए जाएं। आगामी त्यौहारों पर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए।

# काली पट्टी बांधकर विद्यालय में शिक्षण कार्य करें शिक्षक

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** टीईटी की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में भारी रोष है। जबकि टीईटी अनिवार्यता से छूट के लिए केंद्र सरकार से संशोधन की शिक्षक मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने बैठक की।

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा कक्षा 01 से लेकर 08 तक के सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने को लेकर भारी रोष। उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष व अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने सभी शिक्षकों से अपील की है कि 15 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करें। विरोध प्रदर्शन जारी रखें। बैठक में संयुक्त मंत्री जावेद अहमद ने बताया कि यह लड़ाई बड़ी है। इसके लिए शिक्षकों को लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। जिला मंत्री बृजपाल सिंह भदौरिया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि लड़ाई हर स्तर पर मजबूती से लड़ी जाएगी।

बैठक के बाद जानकारी देते शिक्षक। अमृत विचार

# उच्चीकृत केजीबीवी में जल्द मिलेंगे प्रवक्ता, मिला अनुमोदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कई महीनों पहले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) मित्रसेनपुर को उच्चीकृत किया गया है। अब यहां कक्षा 09 से 12 तक की छात्राओं को पढ़ाने के लिए प्रवक्ता व प्रधानाचार्य समेत 14 लोगों की तैनाती होनी है।

जिले में 05 कस्तूरबा गांधी विद्यालय संचालित हैं। इसमें शैक्षणिक भवन व रहने के लिए सदर ब्लॉक क्षेत्र के केजीबीवी मित्रसेनपुर में सुविधा है। अब तक यहां कक्षा 06 से 08 तक की पढ़ाई होती रही लेकिन शासन ने इसे उच्चीकृत कर दिया। उसके बाद रिक्त पदों पर तैनाती के लिए आवेदन मांगे गए। विकास भवन में साक्षात्कार भी हुए। बताया गया है कि डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने चयनितों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। मंगलवार को बीएसए संदीप कुमार ने चयनितों के प्रपत्रों को गहनता से देखा। नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीसी बालिका रोहित तिवारी ने बताया कि प्रवक्ता के लिए जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, हिन्दी, गणित, अंग्रेजी व कंप्यूटर विषय के लिए तैनाती की जा रही है। साथ ही कार्यालय अधीक्षक व प्रधानाचार्य का भी चयन किया गया है। बताया गया है कि प्रधानाचार्य जिस विषय के होंगे उस विषय का प्रवक्ता का चयन नहीं किया जाएगा। रसोइया, चौकीदार व चपरासी की तैनाती भी की जानी है। चयन सूची को डीएम ने अनुमोदन दे दिया है।

अध्यापकों की तैनाती के लिए अभिलेख जांचते बीएसए संदीप कुमार।

# सपा प्रवक्ता के अतिरिक्त जिला स्तर पर कोई नहीं करेगा प्रेस वार्ता

- नगर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जारी किया पत्र
- सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को नहीं दी जायेगी धार्मिक फोटो

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। सपा के छुटभइया नेता या कार्यकर्ता मीडिया से वार्ता नहीं कर सकेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिये हैं।

जिले में सपा की ओर से मनमाने तरह से मीडिया में वयान प्रकाशित होते रहे हैं। इसे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिलाध्यक्ष कलीम खां को निर्देश दिये हैं कि जिले में वही पत्रकारों से वार्ता कर सकता है जिसे प्रवक्ता बना कर जिम्मेदारी सौंपी गई है या फिर वह लोग जो जिलाध्यक्ष की ओर से नामित होंगे। इस निर्देश का सपा जिलाध्यक्ष ने पत्र जारी किया है। पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ताओं को भी पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि समाजबादी पार्टी लखनऊ की ओर से नामित मुख्य प्रवक्ता ही मीडिया में वयान देंगे। जरुरत पड़ती है तो सपा जिलाध्यक्ष की ओर से नामित व्यक्त या वक्ता ही मीडिया से वार्ता करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह पत्र जारी होने के बाद यदि कोईसपा का पदाधिकारी या कार्यकर्ता मीडिया से वार्त करता है तो उसे संबंधित का निजी वयान माना जायेगा।

कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया गया है कि व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जिले में आने, रोड पर या सार्वजनिक स्थान पर किसी भी धर्म से जुड़ी हुई तस्वीर या वस्तु भेंट नहीं करेंगे। क्यो कि सपा के लिये हर धर्म पूज्यनीय है। किसी भी महा पुरुष या धर्मिक फोटो का अपमान बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस संबंध में सपा जिलाध्यक्ष ने प्रेस वार्ता भी की है।

# जनमानस को औषधीय पौधों की उपयोगिता के बारे में दी जानकारी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आयुष विभाग फर्रुखाबाद द्वारा 10वें आयुर्वेद दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनपद के 10 चिकित्सालयों के द्वारा ग्रामों के चिन्हित स्थान पर एवं जनपद स्तरीय भव्य कार्यकम का आयोजन रथान ऑफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में किया गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेदिक औषधीय पौधों की प्रदर्शनी लगाई गयी एवं जनमानस को औषधीय पौधों की उपयोगिता के बारे में बताया गया। औषधि प्रदर्शनी लोगों को खूब पसंद आयी। सम्मानित अतिथियों एवं प्रतिष्ठित्त व्यक्तियों को आयुर्वेद पुस्तक एवं आयुर्वेद औषधीय पौधों को प्रदान किया गया। औषधियों एवं औषधीय पौधों के गुणों के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में मंचासीन जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य लोग।

## हत्या में सजायफ्ता बंदी की मौत

**फर्रुखाबाद।** सेन्ट्रल जेल के सजायाफ्ता बंदी की हालत बिगड़ने पर दो दिन पूर्व जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती किया गया था, लोहिया में उपचार के दौरान बंदी ने दम तोड़ दिया।

लखनऊ के थाना मोहनलालगंज निगोहा निवासी 72 वर्षीय राजू उर्फ चन्द्र प्रकाश को हत्या के मामले में जनपद उन्नाव के न्यायालय ने 03 मई 1986 को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। बंदी राजू उन्नाव से तबादला होकर केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ में 20 जुलाई 2025 को आया था। बंदी को हृदय सम्बन्धी बीमारी थी। उसे 21-22 सितम्बर की रात भर्ती किया गया गया था। मंगलवार सुबह 8.40 बजे बंदी राजू की उपचार के दौरान मौत हो गई।

# दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिले भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कम्पिल थाना क्षेत्र के एक गांव में छात्रा के साथ कंप्यूटर सेंटर पर दूसरे समुदाय के युवकों ने दुष्कर्म किया था।

सोमवार देर शाम भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी प्रांशु द्विवेदी पीड़िता के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रांशु द्विवेदी ने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। लव जिहाद का एक पूरा गिरोह सक्रिय है। पीड़िता ने हिम्मत दिखाई है, एफआईआर दर्ज हुई और आरोपी जेल भी गए हैं। लेकिन कई तथ्य ऐसे सामने आ रहे हैं, जिनसे लगता है कि और भी पीड़ित हैं। निश्चित तौर पर एक हाईलेवल कमेटी बननी चाहिए। प्रशासन कार्रवाई कर रहा है, लेकिन अभी और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार ऐसे मामलों में बेहद संवेदनशील है। जेल में बंद आरोपियों पर भी कठोर कार्रवाई होगी ताकि यह उदाहरण बने और कोई भविष्य में किसी की बहन-बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके।

प्रांशु द्विवेदी ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा- कि वह चुन-चुनकर राजनीति करते हैं। जब किसी मामले में आरोपी दलित समाज से हो तो वह पूरे प्रदेश में शोर मचाते हैं, लेकिन जब आरोपी मुस्लिम समाज से होता है तो उनके मुंह में दही जम जाता है।

प्रांशुदत्त द्विवेदी।

## महिला ने लगाई फांसी, हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने पति से झगड़ा होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसकी हालत गंभीर है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जौरा निवासी मंजू (30) पत्नी जितेन्द्र के परिजनों ने बताया कि मंजू का पति बाहर रहकर नौकरी करता है। मंजू व उसके पति जितेंद्र का रुपयों को लेकर मोबाइल पर विवाद हो गया था जिससे नाराज होकर मंजू ने कमरे में जाकर गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने आनन फानन में उसको फांसी के फंदे से नीचे जमीन पर उतारकर गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचाया। डॉक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पैसे न दे पाने पर युवक को प्रेमिका ने पिटवाया

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कोतवाली एटा के मोहल्ला नई बस्ती बारह बीघा निवासी अजीत गुप्ता का कस्बा नवाबगंज निवासी महिला से लगभग एक वर्ष पूर्व शादी ऐप के माध्यम से परिचय हो गया। इसी दौरान अजीत गुप्ता का महिला के घर आना जाना शुरू हो गया।

मंगलवार को महिला व उसके परिजनों ने अजीत गुप्ता को फोन करके अपने घर बुलाया। महिला ने अजीत से शादी करने के एवज में पांच लाख रुपए की मांग की। जिस पर अजीत ने कहा कि मैं पहले ही तुम्हें 15 लाख दे चुका हूं अब कहां से लाकर दूं। इसी बात पर महिला, उसके पिता व दुकान पर काम करने वाले युवक ने अजीत को गालीगलौज कर लाठी डंडों से मारपीट कर दी, जिससे अजीत गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट के दौरान अजीत गुप्ता ने जेब में रखे आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ट व तीन हजार रुपए छीनने का आरोप लगाया। अजीत ने बताया कि महिला से बात करने के कारण ही मेरी पत्नी मुझे छोड़कर चली गई। अब इसने भी मेरे साथ पैसे न दे पाने के कारण मुझे धोखा दिया और मुझे बुलाकर लोगों से पिटवाया। अजीत ने बताया कि इसके परिजन भी शादी करने के इच्छुक थे। अजीत का घर पर आना जाना व फर्रुखाबाद के एक होटल में मिलने आना यह सब महिला के परिजनों को पता था। इस बात के साक्ष्य मेरे पास मौजूद हैं। अजीत गुप्ता ने महिला सहित तीन नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आयोजन | मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में हुआ आयुर्वेदिक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन

# आयुर्वेद दिवस पर दिखा स्वाद और सेहत का संगम

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मंगलवार को कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। जहां आमतौर पर क्लासरूम और लेक्चर हॉल में आयुर्वेद के सूत्र गूंजते हैं, वहीं आज पूरा परिसर स्वाद और खुशबू से महक उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के संरक्षक डॉ. बाबू सिंह यादव, कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव, प्रति कुलाधिपति डॉ. अंचल यादव और डीन डॉ. एके बाथम ने किया। कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह और चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव स्वयं विद्यार्थियों के स्टॉल्स पर पहुंचे और एक-एक व्यंजन की विधि, उसमें प्रयुक्त सामग्री और उसके लाभों के बारे में छात्रों से विस्तार से जानकारी की। दोनों अतिथियों ने छात्रों की रचनात्मकता और स्वास्थ्यवर्धक पकवानों की भरपूर सराहना की।

प्रतियोगिता की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि हर व्यंजन सिर्फ जीभ को नहीं, बल्कि शरीर को भी तृप्त करने वाला था। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. रंगनाथ मिश्र, कुलसचिव रणजीत सिंह, विधि संकाय के डीन डॉ. राजपाल सिंह, प्रो. शेरीन पी. एलेक्स, डॉ. बिन्दु राठौर, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. ललित यादव, डॉ. बीके सिंह, धीरेन्द्र सिंह, डॉ. बिनायक किन्नाल, डॉ. मोहित बघेल, डॉ. मानस, डॉ. रतन, डॉ. रीति यादव, डॉ. एवलीन जॉस, डॉ. शारदा, डॉ. पियाली कुंडू, डॉ. ईशान जैन, डॉ. राकेश कुमार भादौरिया, डॉ. अरजेंद्र सिंह, डॉ. पीयूष माधव सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।संचालन नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. अनुपमा एवं सांस्कृतिक समिति ने किया। प्रतिभागियों को स्वाद व सेहत के आधार पर आहार बनाने वालों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार दिए गए। मंगलवार को सम्पन्न हुई रंगोली प्रतियोगिता में बैच 2023 की टीम संख्या 2 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें शुभांगिनी गंगवार, अरशी, ज्योति, साक्षी, भूमि, सोनाली अग्रवाल शामिल रहीं। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम संख्या 11 संजय कुमार, आदर्श पटेल, अन्वेषिका शुक्ला, मनुप्रिया, अंकित प्रजापति, आकांक्षा गुप्ता, लक्की द्वितीय स्थान टीम संख्या 20 को मिला जिसमें उमा सिंह, निशा शर्मा, नितीश शर्मा, प्रिंस कुमार, सत्यजीत, दिव्यांशु विश्वकर्मा आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

स्टॉलों का अवलोकन करते कुलाधिपति डॉ अनार सिंह व चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव।

# आजम की रिहाई सत्य की विजय: नन्दकिशोर

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव नन्दकिशोर दुबे वन्देमातरम ने कहा आज समाजवादी पार्टी के लिए सबसे बड़ा दिन है क्योंकि आज समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान साहव जेल से रिहा हो गए हैं। मैं इसके लिए भारत की न्याय पालिका का आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होने कहा कि हम समाजवादियों को विश्वास था कि न्यायालय आजम खान के साथ न्याय अवश्य करेगा। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में सरकार द्वारा कोई भी झूठा मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा और कोई अन्याय नहीं होगा। यह समाजवादियों के लिए खुशी की बात है कि आजम खान मंगलवार को रिहा हो गए हैं।

नन्दकिशोर दुबे वन्देमातरम।

**सपाइयों ने मनाया जश्न:** गांव सिरमौर बांगर स्थित समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने आजम खान की रिहाई परमिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने बताया कि आजम खान के बाहर आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी, अब एक बुलंद आवाज हम सबके बीच मौजूद होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यापारियों से व्यापार मंडल ने किया सम्पर्क

इटावा । विश्व शिक्ष जीएसटी सुधारो के समर्थन में चलाई जा रही जीएसटी बचत महोत्सव अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने शहर के मुख्य बाजार में व्यापारियों से डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा, जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला, शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, जिला प्रभारी रवि पोरवाल, युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे, जिला उपाध्यक्ष शरद बाजपेई, शैलेंद्र सिंह राजावत, शहर महामंत्री विवेक गुप्ता, युवा जिला उपाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष एकलव्य भदौरिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### भारतीय पत्रकार एसो. की बैठक कल

इटावा । भारतीय पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक 25 सितंबर दिन गुरुवार को प्रातः 11:00 आर एस पब्लिक स्कूल लखना में बुलाई जा रही है । इस बैठक में पत्रकार एसोसिएशन की आगामी रण नीति की जानकारी एवं प्रदेश स्तर पर पत्रकार संगठन के गठन की चर्चा विस्तार से की जाएगी । इसकी जानकारी स्वामी शरण श्रीवास्तव ने दी। जनपद के सभी प्रिंट मीडिया से जुड़े एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े सभी सम्मानित साथियों से बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होने को कहा। बैठक में भाग लेने वालों में स्वामी शरण श्रीवास्तव, राकेश राठौड़ ,महाराज सिंह भदौरिया, करुणा शंकर दुबे, देशराज सिंह यादव, सुशील तिवारी आदि रहे।

### परशुराम सेवा समिति की बैठक संपन्न

इटावा। परशुराम सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक बहेड़ा रोड महेवा में संपन्न हुयी । बैठक की अध्यक्षता संरक्षक अरविंद तिवारी ने की तथा संचालन प्रदेश महामन्त्री विनय कुमार द्विवेदी ने किया । परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ .सुशील सम्राट ने कहा कि संगठन को सक्रियता प्रदान करने के लिए शीघ्र ही सदस्यता अभियान शुरू किया जायेगा उन्होंने कहा कि सक्रिय लोगों को ही जिम्मेदारी दी जाएगी । जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी अन्नू ने कहा कि संगठन के प्रचार व प्रसार के लिए गाँव स्तर से लोगों को जोडा जायेगा। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी । बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक हरि प्रकाश चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपालजी मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री रोहित चौधरी, जिला महामन्त्री राज तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष शिवम शुक्ला, प्रवीन तिवारी आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे ।

### ऑटो ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल

जसवंतनगर। नगर की सड़कों पर बेलगाम दौड़ रहे ओवरलोड ऑटो हादसों को दावत दे रहे हैं। मंगलवार दोपहर को ओवरलोड सवारियों से भरा एक ऑटो छिमारा की ओर से आ रही बाइक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में बाहर की ओर लटककर बैठे इस्माइल 60 और मोहम्मुद्दीन 35 गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक सवार पुनीत 30 वर्ष भी बुरी तरह चोटिल हो गया। हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी भिजवाया। वहीं, दुर्घटना के बाद ऑटो चालक मौके से ओटो सहित सवारियों को लेकर भाग निकला।

### सीओ ने पस्त किये अपराधियों के हौसले

कालपी। कालपी क्षेत्राधिकारी अवधेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा की जा रही कठोर कार्रवाई से अराजकतत्वों के हौसले पस्त हैं। क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह चोरों व अराजकतत्वों पर जबरदस्त कार्रवाई कर रहे हैं। इधर हाल में ही कालपी सर्किल की पुलिस ने कई चोरियों का खुलासा किया है। वहीं एसपी के स्तर से घोषित 25-25,000 के इनामीयों में कदौरा के मो. राहिल, आटा के सत्येंद्र राजपूत और चुर्खी थाने के रहने वाले शोभराज को गिरफ्तार कर जेल भेजा। श्री सिंह ने पूछने पर बताया कि अपराध नियन्त्रण के उद्देश्य से गैंगस्टर की कार्यवाही में थाना कालपी में पांच, थाना आटा में छह और थाना कदौरा में पांच के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गई है।

सीओ अवधेश सिंह।

# उन्नति बनीं डीएम और सौम्या बनीं सीडीओ

## बालिकाओं को बनाया एक दिन का अधिकारी, सीडीओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार । नारी सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान में मंगलवार को जिले में अलग-अलग स्थान पर विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं को अधिकारी बनाया गया। उनका हौसला बढ़ाकर उन्हें कामकाज करने का तरीका भी सिखाया गया। बेसिक शिक्षा विभाग की विद्यालयों में बालिकाओं को प्रधानाध्यापक 1 दिन के लिए बनाया गया।

मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा उन्नति यादव को जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठाया गया। उन्नति यादव ने वहां बैठकर लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निदान के लिए निर्देश दिए। उन्नति यादव ने कहा कि साइंस उनका पसंदीदा विषय है और उनका सपना आईएएस अफसर बनने का ही है, जिससे गरीबों और असहाय लोगों की मदद कर सकें।

जिलाधिकारी के रूप में अपने कार्यालय में बैठी बालिका उन्नति यादव । अमृत विचार

प्राइमरी विद्यालय का निरीक्षण करतीं सीडीओ बनी बालिका सौम्या । अमृत विचार

लोगों की समस्याएं सुनने के बाद एक दिन की जिलाधिकारी उन्नति यादव ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला के साथ कलेक्ट्रेट परसिर से छात्राओं की साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला प्रवेशन अधिकारी विनय कुमार रहे।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय की ही छात्रा सौम्या को एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। सीडीओ अजय कुमार गौतम ने उन्हे बताया कि किस तरह काम किया जाता है। सौम्या ने पहले कार्यालय पहुंच कर कामकाज किया इसके बाद विद्यालयों का निरीक्षण किया। एक दिन की सीडीओ सौम्या ने ग्राम पंचायत सराय एसर ने संचालित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजिका देखी जिसमें सभी शिक्षक मौजूद मिले लेकिन विद्यालय में हर्बल पार्क में घास उगी हुई थी, जिस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने इसकी साफ सफाई करने के लिए कहा। छात्र-छात्राओं से बात की और उनकी पढ़ाई तथा मिड डे मील के बारे में भी जानकारी पाई। उन्होंने प्रधानाध्यापक से कहा कि घास की सफाई कराई जाए और बच्चों को शत प्रतिशत हाजिरी के लिए प्रेरित किया जाए।

इसके साथ ही कस्तूरबा की कक्षा 7 की छात्रा सोनम को बेसिक शिक्षा अधिकारी, इसी विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा लक्ष्मी को वित्त व लेखाधिकारी और इसी विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा देवांशी को विकास भवन में जिला विकास अधिकारी बनाया गया। इन बालिकाओं ने अधिकारी के रूप में कार्यालय में बैठकर काम किया।

# शाबाश : पहली ही एशियन चैंपियनशिप में छा गईं अंशिका

कार्यालय संवाददाता इटावा

शूटर अंशिका।

- कजाकिस्तान में आयोजित टूर्नामेंट में पाया दूसरा स्थान

अमृत विचार । कजाकिस्तान के सिमकेंट में आयोजित एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में इटावा की होनहार शूटर अंशिका ने 50 मीटर .22 बोर में शानदार प्रदर्शन करते हुए छठा स्थान हासिल किया। खास बात यह रही कि यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था । भारतीय दल की ओर से उनकी कैटेगरी में शामिल प्रतिभागियों में अंशिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

अंशिका ने बताया कि मेरा सपना है कि मैं ओलंपिक में भारत के लिए पहला महिला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास बनाऊं। इसके लिए मैं रोज़ मेहनत कर रही हूं और अपने खेल को निखारने पर ध्यान दे रही हूँ। अंशिका अब तक राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में लगभग 25 स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनकी ज्यादातर उपलब्धियाँ गोल्ड ही रही हैं । इसके अलावा, उन्होंने 2024 में भोपाल में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के 50 मीटर इवेंट में रजत पदक भी जीता था। अंशिका ने अपनी शुरुआती ट्रेनिंग स्पोर्ट्स केयर अकादमी, इटावा में अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता कोच चंद्र मोहन तिवारी के मार्गदर्शन में शुरू की थी। आज वे कठिन अभ्यास और अनुशासन के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित कर रही हैं। अंशिका ने बहुत कम समय में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हमें भरोसा है कि आने वाले समय में वह भारत के लिए कई मेडल जीतेंगी।" वहीं अंशिका ने कहा कि मेरी इस उपलब्धि के पीछे सबसे बड़ा हाथ मेरे कोच चंद्र मोहन तिवारी का है। उनकी ट्रेनिंग और मार्गदर्शन ने मुझे यहाँ तक पहुँचाया है।

# जीएसटी कम होने से लोगों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। जीएसटी बचत महोत्सव' अभियान के अन्तर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता व सदर विधायक सरिता भदौरिया के नेतृत्व में भाजपा नेता व पार्टी पदाधिकारियों ने शहरी क्षेत्र में व्यापरियों से डोर टू डोर जनसंपर्क कर व्यापारियों से जीएसटी रिफार्म से आए बदलाव के अनुभव साझा किए।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने बताया कि जीएसटी में मुख्य रूप से सिर्फ 5 और 18 फीसदी की दो दरें ही होंगी। त्योहारों के इस सीजन में केंद्र सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले ने आम जनमानस को राहत और मध्यमवर्गी जनता के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया हैं। भाजपा के इस अभियान के पीछे का उद्देश्य व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता से सीधे जुड़ना, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने बताया कि देश में जीएसटी सुधारों के समर्थन में भाजपा शीर्ष संगठन द्वारा 'जीएसटी बचत महोत्सव' अभियान चलाया जा रहा हैं।

जनसम्पर्क करतीं विधायक, जिलाध्यक्ष व अन्य भाजपा नेता। अमृत विचार

- जीएसटी बचत महोत्सव के तहत भाजपा नेताओं ने व्यापारियों से किया सम्पर्क

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत को समाप्त किया हैं। संपर्क अभियान में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष विवेक भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी कमलेश कठेरिया, जिला मंत्री रजत चौधरी, राहुल राजपूत, ममता कुशवाहा, डॉ ज्योति वर्मा, सौरभ दीक्षित, अंशुल दुबे आदि रहे।

### कार की टक्कर से छात्र व छात्रा घायल

बकेवर । थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओवरब्रिज के नीचे एक बाइक सवार युवक व छात्रा को ईको कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये। लोगों ने घायलों को उपचार हेतु पच्चास शैय्या अस्पताल भेजा गया। मंगलवार की दोपहर बकेवर भरथना ओवरब्रिज के नीचे एक बाइक सवार को कार ने सामने से टक्कर मार दी जिससें बाइक पर सवार युवक सहित विद्यालय की छात्रा गम्भीर रुप से घायल हो गयी। ईकों कार बकेवर की तरफ जा रही थी। बाइक सवार कस्बा की तरफ मुड़ने लगा तभी सामने से आ रही कारने टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल बाइक चालक निशांत व छात्रा इंशू को लोगों ने उपचार हेतु बकेवर स्थित पच्चास शैय्या अस्पताल भेजा। जहां उन्हे प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत गम्भीर होने पर उन्हे जिला अस्पताल के लिऐ रेफर कर दिया गया।

# परशुराम लक्ष्मण संवाद को सुनकर दर्शकों ने लगाए जय श्रीराम के नारे

संवाददाता बसेरहर इटावा

अमृत विचार। कस्बा बसरेहर की सदियों पुरानी ऐतिहासिक और भव्य रामलीला इस वर्ष भी पूरे उत्साह, आस्था और परंपरा के साथ शुरू हुई।

सोमवार की रात परशुराम लक्ष्मण संवाद के हुए मंचन के दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। रामलीला मंचन के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथ के रूप में मौजूद समाजसेवी अंकित यादव सीटू जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी, और युवा पत्रकार असित यादव (सनी) ने भगवान की आरती उतारी । रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने दोनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंच पर आते ही जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गूंज उठा।

अतिथियों का स्वागत करते राम लीला के आयोजक। अमृत विचार

इस अवसर पर समाजसेवी अंकित यादव सीटू ने कहा कि रामलीला हमारे समाज और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। असित यादव पत्रकार ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक धार्मिक पात्र नहीं, बल्कि आदर्श पुरुष हैं। उन्होंने कहा रामलीला हमें जोड़ती है, संस्कार देती है और बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाती है। स्वागत करने वालों में अनिल यादव (अध्यक्ष), अवनीश कुमार (प्रबंधक), पदम तिवारी (उपाध्यक्ष), रोहित यादव (एडवोकेट), अमर पोरवाल, कपिल पोरवाल, सतीश बाबू यादव, भुबनेश पोरवाल, देवेन्द्र शाक्य, दिनेश चंद्र मिश्रा समेत तमाम लोग रहे।

# टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरों पर दिखी मुस्कान

टैबलेट के साथ कॉलेज के विद्यार्थी। अमृत विचार

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

अमृत विचार। नगर के हाईवे स्थित शिवपाल सिंह पीजी कॉलेज कैस्त में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना 'डिजीशक्ति' के अंतर्गत बीए के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए।

इस योजना का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ना हैं।कॉलेज प्रबंधक विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू और प्राचार्य संजय कुमार ने विद्यार्थियों को टैबलेट सौंपे और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में तकनीक की समझ और उपयोग विद्यार्थियों के लिए सफलता की कुंजी है। इस मौके पर कॉलेज का पूरा स्टाफ मौजूद रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गम्भीर घायल

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुसाबली निवासी प्रकाश चन्द्र अपनी पत्नी श्री देवी के साथ ददोरा गांव स्थित एसबीआई बैंक से रुपये निकालने जा रहे थे, मानिकपुर से पृथ्वीपुर रोड तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें पति पत्नी घायल हो गए। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर मोड़ निवासी अश्विनी मेडिकल स्टोर पर काम करता है वह दवा की सप्लाई करने स्कूटी से मैनपुरी जा रहा था तभी थाना वैदपुरा के आगे लोडर ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। उसका भाई मौके पर पहुंचा और उसे अस्पताल लेकर आया जहां इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर ने उसका उपचार किया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पृथ्वीपुरा के सामने तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार राहुल पाल घायल हो गया।

# राष्ट्र निर्माण व सामाजिक उत्तरदायित्व को जोड़ने का माध्यम है एनएसएस

संवाददाता बकेवर इटावा

अमृत विचार । जनता कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश किशोर त्रिपाठी ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे समाज सेवा और स्वावलंबन की भावना को अपने जीवन में अपनाएं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एम.पी. यादव, डॉ. पी.के. राजपूत तथा डॉ. ए.के. पांडेय

कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी व अन्य । अमृत विचार

उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद और महात्मा गाँधी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे उनके आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वक्ताओं ने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और सामाजिक चेतना का विकास करना है। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के अवसर प्रदान करता है।

### हाजी सकलैन अध्यक्ष निर्वाचित

इटावा। मदरसा सुल्तान ए हिन्द गरीब नवाज में संरक्षक एंव उलेमाओं की उपस्थिति में अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी शहर का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ, जिसमे अध्यक्ष पद पर हाजी सकलैन खलील निर्वाचित हुए।

अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी शहर का चुनाव मौलाना जाहिद रज़ा अशरफी, हाफिज अरशद, नदीम बरकाती शहजाद वारिस , संरक्षक हाजी अब्दुल वहाब खान अशरफी की देखरेख में हुआ। कमेटी के समस्त सदस्यों ने अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के लिए मतदान किया। चुनाव में हाजी सकलैन खलील अध्यक्ष, साबिर हुसैन राइन उपाध्यक्ष, असरार अहमद सेकेट्ररी, अमान उल्ला खां कोषाध्यक्ष, कासिम फारुकी प्रवक्ता, मो. शोएब खान रूमी मीडिया प्रभारी निर्वाचित हुये।

सुरक्षा व्यवस्था | एसपी ने रास्ते में मिलने वाले लोगों, दुकानदारों और व्यापारियों से संवाद भी किया

# पुलिस ने पैदल मार्च कर, दिलाया विश्वास

संवाददाता कालपी जालौन

अमृत विचार। नवरात्र के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुये सोमवार की शाम को पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में नगर में पुलिस जवानों ने सार्वजनिक स्थानों तथा सड़कों पर पैदल मार्च करके जनता को सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान एसपी ने मातहतों को सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिये। साथ ही रास्ते में मिलने लोगों, दुकानदारों और व्यापारियों से संवाद भी किया।

नवरात्र व दशहरा त्योहारों को सकुशल निपटाने के लिए पुलिस प्रशासन एलर्ट हो गया है। इसी को मद्देनजर रखते हुए बीती शाम को पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अगवाई में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी

पुलिस के जवानों के साथ पैदल मार्च करते एसपी, एसडीएम,सीओ और कोतवाल।

अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह,टरनंनगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र, रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल, उप निरीक्षक राजेश कुमार, महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी समेत पुलिस जवानों ने कालपी नगर के हाईवे चौराहे, मुख्य बाजार टरनंनगंज, फुल पावर चौराहा ,बाईपास, हाईवे सर्विस लेन, सराफा बाजार, खोवा मंडी के अलावा विख्यात धर्मस्थल मां बनखंडी धाम, देवी मंदिरों आदि स्थानों में घूम घूम कर पैदल मार्च किया। जगह-जगह पुलिस अधीक्षक ने जनता से संवाद स्थापित कर जानकारियां ली। पैदल मार्च के दौरान रास्ते में संदिग्ध लोगों से पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ भी की गई। इस मौके पर बिपलेंद्र कुमार, आशीष कुमार, सुनील कुमार के अलावा महिला सिपाही शामिल रहे। दरअसल पर्वो के अवसर पर कालपी नगरमें श्रद्धालुओं की भीड़ भाड़ रहती है। इसी क्रम में दशहरा पर्व पर एम एस वी इंटर कॉलेज ग्राउंड में रावण दहन तथा विशाल मेले का आयोजन होता है,जबकि नवरात्र में विभिन्न स्थानों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पुलिस जवानों के पैदल मार्च करने से नागरिकों में सुरक्षा का अहसास हुआ।

### एसडीएम ने समितियों में डीएपी बंटवाई

जसवंतनगर। मंगलवार को सहकारी समितियों में किसानों की जबरदस्त भीड़ रही। भीड़ की जानकारी होने पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह भी समिति में पहुंचे । उन्होंने पंक्तिबद्ध कराकर कृषकों को डीएपी खाद का वितरण कराया। तथा उच्च अधिकारियों से वार्ता करने के उपरांत किसानों को भरोसा दिया है कि सभी समितियों में डीएपी की उपलब्धता कल तक सुनिश्चित हो जाएगी तथा आसानी से खाद मिलने लगेगी। महेवा किसान सहकारी समिति कालपी के गोदाम में 112 बोरी डीएपी का स्टाक शेष बचा हुआ था। समिति के परिसर में किसानों के भारी भीड़ की सूचना मिलने पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह समिति के परिसर में पहुंचे तथा किसानों से संवाद स्थापित करके समझा बुझाकर शांत कराया। समिति के प्रभारी प्रभू दयाल तथा प्रदीप कुमार से जानकारियां लेने के बाद किसानों को खाद बंटवाई।

# पौधों की सुरक्षा के लिए लगवाएं ट्री गार्ड : डीएम

संवाददाता जालौन इटावा

अमृत विचार। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित बैठक में वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान लगाये गए पौधों एवं हरिशंकरी पौधरोपण अभियान की समीक्षा की। साथ ही वहां पर मौजूद मातहतों को दिशा-निर्देश भी दिये।

इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कराई जा रही जियो-टैगिंग प्रगति की समीक्षा की गई। कुछ विभागों की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और संरक्षण सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि पौधों का दीर्घकाल तक संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि प्रभागीय वनाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी जनपद में रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगवाने सहित अन्य प्रबंध एवं व्यवस्था सुनिश्चित करा लें । साथ ही सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि पौधों को समय-समय पर पर्याप्त पोषण एवं पानी मिले और उनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला पंचायती राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, बीएसए चंद्र प्रकाश, सहायक निबंधक सहकारिता विजय प्रकाश वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

पंडाल में सजी दुर्गा मां की मूर्ति।

### नवदुर्गा महोत्सव में हुआ भजन कीर्तन

**फफूंद, औरैया।** कस्बा में शिव शक्ति सेवा समिति गैस एजेंसी के पास दिबियापुर रोड फफूंद द्वारा आयोजित श्री नवरात्रि पूजन में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह की आरती और पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के बाद कीर्तन और भजन का विशेष आयोजन हुआ। कार्यक्रम में माताएं और बहनें भी मौजूद रहीं। बाहर से आए कीर्तन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कस्बे के लोग नवदुर्गा पंडाल में एकत्रित होकर भजनों का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम की सफलता में आयोजन समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा। समिति संरक्षक राजेंद्र प्रसाद पाल, गोरेलाल प्रजापत, चंद्रप्रकाश पाल, दुर्गेश राजपूत, अनुराग शुक्ला पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि, मुकेश यादव ,जमुना प्रसाद, अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ,उपाध्यक्ष प्रमोद पाल प्रधान ,महामंत्री लक्षद्वीप राजपूत ,संतोष कुमार कठेरिया, सतपाल सिंह पाल, निलेश राजपूत ,कोषाध्यक्ष राजवीर राठौर, विशेष सहयोगी अंकित रंजन त्रिपाठी, अश्वनी पांडे, आशीष पोरवाल, प्रमोद गुप्ता, मंगल सिंह राजपूत, दिवारी लाल यादव, कल्लू यादव, राम प्रकाश पाल, कपिल अग्निहोत्री, हिमांशु तिवारी, राहुल कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के चिरहा गांव के सामने बाइक और कार की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान एरवाकटरा थाना क्षेत्र के नगला भगत गांव निवासी अतर सिंह के रूप में हुई है। अतर सिंह अपनी बाइक से अछल्दा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। अछल्दा-बिधूना मार्ग पर चिरैहा गांव के पास सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल को सीएचसी अछल्दा ले जाया गया। डॉक्टर अमरदीप चौधरी ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में चोट की गंभीरता को देखते हुए अतर सिंह को पीजीआई सैफई रेफर कर दिया है।

एक दिन की प्रधानाध्यापक बनी अनिका।

### अनिका बनी एक दिन की प्रधानाध्यापक

**फफूंद, औरैया।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोठीपुर में एक दिन की प्रधानाध्यापक बनी कुमारी अनिका पांडे कक्षा 8 ने अध्यापकों की मीटिंग ली और कहा कि प्रार्थना के समय छात्रों एवं छात्राओं को नैतिक शिक्षा एवं स्वच्छता के बारे में बताया जाए और जो छात्र आए दिन विद्यालय में अनुपस्थित रहते हैं उनके अभिभावकों से संपर्क करके छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शिक्षा में गुणवत्ता के सुधार के लिए पढ़ाई पीरियड के हिसाब से की जाए। अध्यापक निश्चित रूप से अपने-अपने पीरियड में कक्षा में समय से अध्यापन कार्य करवाएं एवं कमजोर बच्चों पर अधिक ध्यान दें।

ब्लाक भाग्यनगर के ग्राम कनौती के प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत शिविर

# बहू- बेटियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह तत्पर: डीएम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

केक काटतीं बेटियां, साथ में उत्साहवर्धन करते डीएम डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने ब्लाक भाग्यनगर के ग्राम कनौती के प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आयोजित महिला शक्ति सम्मेलन शिविर में पहुंचकर शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टालों को देखा और कहा कि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्रों को मिले इसके लिए गांव का भ्रमण कर पात्रों को पंजीकृत करें जिससे कोई भी पात्र योजना के लाभ से वंचित न रहने पाए।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि किशोरियां व महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर सशक्त बनें तभी वह अपना सही रास्ता चुनकर विकास में भागीदार बन सकेंगी। इसके लिए जरूरी है कि पहले वह अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और वह उसके उपरांत कार्य क्षेत्र का चुनाव करके अपनी रुचि के अनुरूप कार्य करें जिससे उन्हें सफलता मिले। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए हर संभव मदद कर रही है और बहू-बेटियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तत्पर है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने महिला थाना स्थापित किए हैं। महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई है जिससे महिलाओं के साथ होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार के संबंध में वह अवगत करा सके और दुर्व्यवहार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इस नवरात्रि पर्व में सरकार द्वारा मातृशक्ति को स्वयं के संबंध में जागरूक करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग अपने स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति लापरवाही न बरतें तथा स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर अवश्य कराएं। इससे जब स्वयं स्वस्थ होगीं तो मेहनत आदि करने में भी पीछे नहीं रहेंगी और आवश्यकता पड़ने पर अपने साथ किसी भी अभद्र व्यवहार के लिए मजबूती से सामना करने में सक्षम रहेगीं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश अभियान के तहत आपका सुझाव लायेगा बदलाव हेतु जारी क्यू आर कोड के माध्यम से आमजन के सुझावों को शासन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने महिला शक्ति सम्मेलन शिविर में किशोरियों का जन्म दिन भी मनाया साथ ही नवजात शिशु का अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती माता की गोद भराई की गई। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं ग्राम प्रधान, महिलाएं व ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं को सुरक्षा व संरक्षा के प्रति करें जागरूक

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से विकास कार्यों व जनहितकरी लाभ परक योजनाओं के संचालन संबंधी कार्यों सहित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले महिला शक्ति सम्मेलन शिविर में की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की। कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों में विभागीय अधिकारी अधीनस्थों की ड्यूटी सुनिश्चित कराने के साथ-साथ स्वयं भी भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखें और शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को पात्रता के अनुरूप दिलाना सुनिश्चित करें। संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा थानाध्यक्ष शिविर में पहुंचकर महिलाओं को सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति जागरूक करें जिससे वह निडर हो। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि वह शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं और स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आवश्यकतानुसार दवा आदि भी उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित करें जिससे जरूरतमंदों को उपचार मिल सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि वह सीडीपीओ, आंगनबाड़ी शिविर पर पहुंचकर किशोरी मंच के संचालन की गतिविधियों तथा उनके द्वारा महिलाओं को दी जाने वाली जानकारी के संबंध में अवगत कराएं।

जानकारी देते व्यापारी। अमृत विचार

## उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट ने शुरू किया अभियान

स्वदेशी अपनाओ व्यापार बचाओ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विदेशी कंपनियों के ऑनलाइन व्यापार से प्रभावित हो रहे स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) ने जनपद औरैया में व्यापक जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है।

इस अभियान के तहत शहर और कस्बों में पंपलेट चस्पा कर तथा आमजन से सीधे संवाद कर लोगों से स्वदेशी सामान अपनाने की अपील की जा रही है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन बाजार के लगातार बढ़ते प्रभाव से छोटे और मध्यम व्यापारी अस्तित्व संकट का सामना कर रहे हैं। उपभोक्ता जब स्थानीय दुकानों से सामान खरीदने की बजाय विदेशी कंपनियों के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का रुख करते हैं, तो इससे स्थानीय व्यापारियों का कारोबार प्रभावित होता है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, मिश्रा गुट की औरैया इकाई ने शहर में लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। संगठन के जिला अध्यक्ष बबलू बाजपेयी ने कहा कि यह मुहिम केवल औरैया या उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश भर में चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि लोग स्वदेशी उत्पाद अपनाते हैं, तो न सिर्फ व्यापारियों की आजीविका सुरक्षित होगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत बनेगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## धुंधकारी प्रसंग का किया व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के ग्राम कंचौसी में चल रही स्थानीय भगवा वाले बाबा हनुमान जी मंदिर परिसर में नवरात्र महोत्सव के अवसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य सतीश अवस्थी ने भक्तों को भागवत महापुराण का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ का श्रवण नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक पहलू को शुद्ध और पवित्र बनाने का साधन है। आचार्य सतीश अवस्थी ने कथा के दौरान ज्ञान और वैराग्य की कथा सुनाकर बताया कि जब तक मनुष्य में वैराग्य और ज्ञान का उदय नहीं होता, तब तक वह सच्चे अर्थों में भक्ति का मार्ग नहीं पकड़ पाता। उन्होंने भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्ति ही मनुष्य को ईश्वर के निकट ले जाती है और उसके जीवन के सभी संकटों का समाधान करती है। कथा के क्रम में उन्होंने धुंधकारी प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने समझाया कि पापकर्मों में लिप्त जीवनर क्लेश ही देता है, जबकि भागवत श्रवण से आत्मा को मुक्ति मिलती है।

## पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड वितरित कराए

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**07** वर्ष पूरे होने पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल में मनाया गया

कार्यक्रम के दौरान प्रमाण पत्र देतीं सदर विधायक गुड़िया कठेरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 07 वर्ष पूरे होने पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक गुड़िया कठेरिया रहीं। साथ ही जिला पंचायत सदस्य सोनू सेंगर, अध्यक्ष आशा चक की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड वितरण कराए गए साथ ही साथ योजना से लाभ प्राप्त लाभार्थियों ने अनुभव साझा किए। चिकित्सालय जिन्होंने इस योजना के अंतर्गत सराहनीय कार्य किया है उन्हें प्रशस्ति पत्र विधायक गुड़िया कठेरिया द्वारा प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले चिकित्सालियों में सरकारी चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल, दिबियापुर, सहार, विधूना एवं जिला चिकित्सालय 100 शैय्या चिचौली, निजी चिकित्सालय में नयन ज्योति आई केयर सेंटर एवं गुलाब सिंह चिकित्सालय को दिया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शिशिर पुरी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ अशोक राय, चिकित्सा अधीक्षक दिबियापुर डॉ. विजय आनंद एवं आयुष्मान जिला के इकाई के सदस्य डॉक्टर जितेंद्र कुमार मिश्रा, दिलीप कुमार, विपिन कुमार एवं आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों आदि मौजूद रहीं।

सफाई अभियान के दौरान शामिल लोग। अमृत विचार

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रधान ने लगाई झाड़ू

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत कोठीपुर के ग्राम प्रधान अमरेश पांडे द्वारा स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत के देवी मंदिर में साफ सफाई के लिए झाड़ू लगाई गई। ग्राम प्रधान ने कहा कि स्वछता हमारे जीवन में बहुत ही आवश्यक है। गंदगी से कई तरह के रोग होते हैं, जिससे हमारे शरीर पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है आर्थिक नुकसान भी होता है। कहीं ना कहीं गंदगी के द्वारा हमारे पर्यावरण एवं पशु पक्षियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए हमें मानव जीवन मिला है। मनुष्य का यह कर्तव्य है कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। व्यक्ति जहां रह रहे हैं, वहां आसपास गंदगी न होने दें।

### मातृशक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित

**फफूंद, औरैया।** भाग्यनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत रामपुर बिहारी में स्वच्छता पखवाड़ा और मातृशक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद जिलाधिकारी ने मातृशक्ति और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और जीएसटी कम होने से उससे होने वाली बचत की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता पर भी जागरूक किया।

मंगलवार को ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत रामपुर बिहारी में आयोजित कार्यक्रम में जिला अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार आप लोगों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिसका पूरा लाभ भी सभी पात्रों को दिलाया जा रहा है। कहा कि देश के विकास में मातृ शक्ति का बहुत महत्व है ।

## बिधूना के तीन प्रतिभागी रहे अव्वल

संवाददाता, बिधूना

विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज कैथावा के तीन होनहार छात्रों ने औरैया जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए मंडल स्तरीय योग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। इन छात्रों का चयन अब राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो जल्द ही अयोध्या में आयोजित होगी।

- माध्यमिक विद्यालयीय स्तरीय मंडलीय योग प्रतियोगिता में लहराया परचम

कानपुर मंडल की माध्यमिक विद्यालयीय योग प्रतियोगिता सोमवार की शाम नगर पालिका इंटर कॉलेज औरैया में संपन्न हुई। जिसमें औरैया जनपद की तरफ से नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज कैथावा के तीन छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिसमें अंश शर्मा (अंडर-14) ने ट्रेडिशनल योग के साथ-साथ रिदमिक आर्टिस्ट में भी गोल्ड मेडल जीतकर मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया। कार्तिक शर्मा (अंडर-14) ने ट्रेडिशनल योग में गोल्ड मेडल हासिल किया। एवं नितिन कुमार (अंडर-19) ने ट्रेडिशनल योग में गोल्ड और रिदमिक आर्टिस्ट में सिल्वर मेडल जीता। इन तीनों छात्रों की सफलता ने न केवल अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे औरैया नगर को भी गौरवान्वित महसूस कराया है। अब सभी की निगाहें इन छात्रों पर टिकी हैं, जो अयोध्या में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### श्री रामलीला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**फफूंद, औरैया।** नगर में स्थित रामलीला मैदान में चल रहा श्री रामलीला महोत्सव में सोमवार की रात्रि को श्री रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि कृपा शंकर शुक्ला ने फीता काटकर और भगवान गणेश और भगवान विष्णु की आरती उतार कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान वैदिक मंत्रों की वर्षा हुई। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमे भगवान राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। आयोजन स्थल पर रामधुन की गूंज हुई। श्री रामलीला के प्रथम दिन नारद मोह, विश्वमोहिनी संवाद, पृथ्वी की पुकार का मंचन हुआ। कलाकारों ने नारद जी का विश्वमोहिनी संवाद कार्यक्रम देर तक सराहा गया।

आयोजन

सपा नेताओं और विहिप पदाधिकारी एवं समाजसेवियों की उपस्थिति से बढ़ी शोभा, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

# नवरात्रि पर तिलक नगर रामलीला मैदान में हुआ भव्य धनुष यज्ञ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते रामलीला कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्रि का पर्व पूरे जिले में धार्मिक उल्लास और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। औरैया जनपद की सबसे प्रतिष्ठित परंपराओं में शामिल तिलक नगर रामलीला का आयोजन इस वर्ष भी भव्य रूप से किया जा रहा है।

सोमवार की रात रामलीला मैदान में आयोजित विशाल धनुष यज्ञ कार्यक्रम में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। धनुष यज्ञ का आयोजन होते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मैदान में उमड़ पड़े। भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और रावण से जुड़े प्रसंगों पर आधारित मंचन और भव्य झांकियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता लालजी शुक्ला और रामजी शुक्ला मौजूद रहे। इसके साथ ही विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख अनिल दीक्षित ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष छुन्ना मिश्रा ने परंपरागत ढंग से मुख्य अतिथियों का पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। समिति के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अतिथियों का जोरदार अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि लालजी शुक्ला और रामजी शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि "रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, यह भारतीय संस्कृति की धरोहर है। श्रीराम के जीवन से हमें मर्यादा, धर्म, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और सद्भावना को और मजबूत करते हैं।" वहीं विहिप के क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख अनिल दीक्षित ने कहा कि "धनुष यज्ञ भगवान श्रीराम की मर्यादा और पराक्रम का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ते हैं।" धनुष यज्ञ कार्यक्रम में मंच पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भव्य झांकियां और संवाद मुख्य आकर्षण का केंद्र बने। भगवान श्रीराम द्वारा शिवधनुष भंग का दृश्य जैसे ही मंचित हुआ, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। कलाकारों ने रावण, जनकपुरी और अन्य पौराणिक प्रसंगों का जीवंत चित्रण कर दर्शकों को रामायण काल में पहुंचा दिया। झांकियों में आधुनिक लाइट और साउंड सिस्टम का उपयोग कर आयोजन को और भी भव्य रूप दिया गया। धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष छुन्ना मिश्रा के साथ राजकुमार सक्सेना, चंदू तिवारी, लालजी तिवारी, अनुराग त्रिपाठी, मनुआ अवस्थी, अभिषेक शुक्ला, गोपाल जी दुबे, सतीश यादव, कमलकांत वर्मा, शिवदास वर्मा, रविंद्र भदौरिया, गौतम शुक्ला, सुनील दुबे, पूरन पांडे, प्रेमकांत अवस्थी, अभिषेक त्रिपाठी रानू, अवधेश मिश्रा, अंकित गहोई, रविकांत बाजपेई, राजू तिवारी, वेद प्रकाश अवस्थी, ऋषभ पोरवाल समेत अनेक गणमान्य लोग इस आयोजन में शामिल हुए। रामलीला मैदान में आयोजित धनुष यज्ञ को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़े। भीड़ के बावजूद आयोजन समिति की ओर से पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। भक्तगण रामभक्ति के भजनों और नारों में डूबे रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि नवरात्रि में रामलीला देखना आध्यात्मिक आनंद प्रदान करता है और यह आयोजन जिले की सांस्कृतिक पहचान है। तिलक नगर रामलीला मैदान में हुआ यह धनुष यज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा बल्कि संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का संदेश भी दिया। कई लोग मौजूद रहे।

- सबसे प्रतिष्ठित परंपराओं में शामिल तिलक नगर रामलीला

## भूमाफिया पर एक करोड़ की भूमि हड़पने का आरोप

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाया है कि ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरा में भूमाफियाओं ने खतौनी में फर्जी प्रविष्ट कराकर करोड़ों की सरकारी भूमि हड़प ली।

आरोप है कि राजस्व अधिकारियों, चकबंदी लेखपाल सुशील कुमार पचौरी व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों ने सुविधा शुल्क लेकर योजनाबद्ध तरीके से यह हेरफेर किया। इसके बाद खाता संख्या 139 में रेणुका देवी का पता बदलकर ग्राम गुहियापुर मौजा नेहगंवा खिरिया जिला मैनपुरी दर्ज किया गया और मृतका रेणुका देवी के वारिसान घासीराम आदि पुत्र ब्रजलाल के नाम पर अधिकतम रकबा का चक आवंटन कर दिया गया। इससे अनुसूचित जाति के कृषक मजदूरों की मूल जोत और ग्राम सभा की भूमि, जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है, हड़प ली गई।

**शिकायतकर्ताओं के अनुसार,** इस फर्जीवाड़े की पुष्टि चकबंदीकर्ता ने 7 दिसंबर 2024 को अपनी रिपोर्ट में की थी और प्रकरण निस्तारण हेतु बंदोबस्त अधिकारी को भेजा गया था। लेकिन कार्रवाई न होने पर 16 जुलाई 2025 को अधिवक्ता सूरजपाल सिंह रघुवंशी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दोबारा शिकायत दर्ज कराई और संबंधित अधिकारियों व भूमाफियाओं पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। वरिष्ठ अधिवक्ता सूरजपाल सिंह रघुवंशी ने कहा कि अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव में इस प्रकरण को लेकर भारी आक्रोश है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में 30 महिलाओं ने कराई सेहत की जांच

**बिवांर।** कस्बे की पीएचसी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उमरी गांव के होम्योपैथिक चिकित्सालय से आई महिला डॉ.ईला रत्ना, सीएचओ डॉ.प्रगति सिंह की देखरेख में मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमें महिलाओं के ईएनवी, रक्तचाप, एनीमिया, टीवी आदि की जांच कराई। मंगलवार को 30 महिलाओं की जांच की गई। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 2:00 बजे तक चला। डॉक्टर प्रगति सिंह ने बताया कि जांच में महिलाओं में कोई गंभीर बीमारियां नहीं मिली है। बीमारियां मिलने पर इलाज किया जाएगा, ताकि महिला के साथ परिवार सशक्त रह सके।

### बिजली कटौती से व्यापारी खासे खफा

**सुमेरपुर।** पीस कमेटी की बैठक में बिजली कटौती बंद करने, लीकेज पाइप लाइन ठीक कराने, वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग पूरी नहीं होने पर व्यापार मंडल ने आक्रोश जताया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि उन्होंने नवरात्र के पूर्व थाने में हुई बैठक में सीओ सदर राजेश कमल,ईओ दिनेश आर्य, थानाध्यक्ष अनूप सिंह के समक्ष सुबह शाम होने वाली कटौती नवरात्र पर्व के दौरान बंद करने, जगह-जगह जल संस्थान की पाइपलाइन में लीकेज ठीक कराने तथा वार्डों के खंभों में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की थी। अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि सभी मांगों को पूर्ण किया जाएगा। लेकिन समस्याएं अभी तक यथावत हैं। इससे देवी भक्तों के साथ व्यापार मंडल में आक्रोश व्याप्त है। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि बजट के अभाव के चलते स्ट्रीट लाइट नहीं लग पा रही है। खराब लाइटों को ठीक कराकर चालू कराया जा रहा है।

### बसपाइयों ने एसओ को सौंपी संविधान की प्रति

**सुमेरपुर।** संविधान की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित एचएसओ को बसपा नेताओं ने संविधान की प्रति भेंट करके उनके कार्यों की सराहना की। कानून एवं विधि सम्मत कार्य करने पर बसपा यूनिट ने मंगलवार को थानाध्यक्ष अनूप सिंह को संविधान की प्रति भेंट करके उनके कार्यों की सराहना की गई। इस मौके पर बसपा विधानसभा प्रभारी डॉ.जितेंद्र सागर, डा.ज्ञान बाबू, संदीप श्रीवास, सभाजीत श्रीवास, छुट्टन, भूरा श्रीवास आदि मौजूद रहे।

### बाइक में पैर फंसने से युवक गंभीर घायल

**कुरारा।** कुरारा-बेरी मार्ग पर बाइक सवार युवक का बाइक में पैर फंस जाने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के देवीगंज गांव निवासी बलजीत (30) पुत्र जयराम बाइक से कस्बा आ रहा था। तभी बाइक में पैर फंस जाने से अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन आनन फानन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### रंगदारी मांगने पर दर्ज कराई एफआईआर

**राठ।** कस्बे में एक युवक से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। चरखारी रोड सिकंदरपुरा के रहने वाले एक युवक ने कुछ युवकों द्वारा उससे रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे के अजय सोनी ने बताया कि रात करीब 9 बजे वह चरखारी रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास से गुजर रहा था। आरोप लगाया कि सिकंदरपुरा मोहल्ले के पीयूष उर्फ पार्थ, अनमोल पठान, माधव और एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने कहा कि वह बहुत कमाई कर रहे हैं। इसलिए उन्हें एक लाख रुपए की रंगदारी देनी होगी। अजय ने रंगदारी देने से मना कर दिया। इस पर आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज की। जान से मारने की धमकी भी दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**कुरारा।** क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी बाबूराम पुत्र दस्सी अनुरागी लहरा गांव में 315 बोर का तमंचा लिए घूम रहा था। तभी मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक कमलेश प्रसाद ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान एक 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# बेटे की आंखों के सामने तालाब में डूबकर पिता की थम गई सांस

## सरीला कस्बे के कालिका देवी मंदिर के तालाब में नहाते समय हुआ हादसा

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- बेटे के शोर मचाने पर दौड़कर पहुंचे लोग, मगर नहीं बची जान
- काफी समय से मायके में रह रही पत्नी, पिता और बेटा बेहाल

**अमृत विचार।** कस्बे में मंगलवार सुबह कालिका देवी मंदिर परिसर के तालाब में नहाते समय से डूबकर एक युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने शव को तालाब से निकालकर सीएचसी लेकर पहुंचाया, जहां चेकअप के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा रहा।

श्रीराम।

सीएचसी के बाहर लगी मोहल्ले के लोगों की भीड़। अमृत विचार

कस्बे के मांझखोर मोहल्ला निवासी श्रीराम (35) मंगलवार सुबह करीब छह बजे अपने बेटे रामजीवन (13) के साथ कालिका देवी मंदिर के पास स्थित तालाब में स्नान करने गया था, तभी अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो बेटे रामजीवन ने शोर मचाया। आस-पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे तालाब से बाहर निकालकर फौरन सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

भाई टिर्रा ने सरीला चौकी में घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरीला चौकी प्रभारी दिनेश पटेल ने बताया कि श्रीराम स्नान करते समय गहराई में डूब गया था। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। श्रीराम मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी पत्नी लंबे समय से मायके में रह रही है। श्रीराम अपने पिता और एकलौते बेटे रामजीवन के साथ रहता था। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। मोहल्ले में भी शोक का माहौल है।

### तालाब के चारो तरफ तार लगाने के निर्देश

- हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीएम बलराम गुप्ता व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय अस्पताल पहुंचे और परिवार व आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि हादसे रोकने के लिए तालाब के चारों तरफ तार लगवाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। मृतक के परिवार वालों को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

## खाद की सूचना पर उमड़ी भीड़

**बिवांर।** क्षेत्र के भुजपुर पारा सहकारी समिति में एक ट्रक खाद आने की जानकारी पर किसानों में खाद पाने के लिए होड़ मच गई। किसानों ने पहले खाद पाने के लिए कर्मियों को घेर लिया। उधर बिवांर समिति में खाद न आने से किसान निराश होकर लौट गए।

भुजपुर रूरी पारा सहकारी समिति से बांधुर बुजुर्ग, बांधुर खुर्द, छेड़ी, चंदौली, पारा, अछपुरा, बहदीना गांव के किसान जुड़े हुए हैं। जिसमें एक ट्रक 500 बोरी खाद आने की जानकारी होने पर किसानों के भीड़ लग गई। करीब 200 किसानों के आधार कार्ड पासबुक जमा करा कर खाद बांटी गई। एक सैकड़ा किसान बैठकर अपनी बारी आने के प्रतीक्षा करने लगे हैं। खाद समाप्त होने के भय को लेकर पहले पाने के लिए किसानों ने कर्मियों को घेर लिया है। प्रभारी सचिव रामफल यादव ने बताया कि दो ट्रक खाद आने के लिए पीसीएफ में चेक लगी हुई है। आने पर नगद बिक्री न कर खाताधारक किसानों को दी जाएगी। वहीं बिवांर समिति में खाद न होने के चलते किसान निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हैं। सचिव ने बताया कि एक ट्रक खाद के आने की चेक लगी हुई है, आने पर वितरित की जाएगी।

डॉ.काउंट सीजर मैटी की पुण्यतिथि मनाते होम्योपैथी चिकित्सक। अमृत विचार

## डॉ.काउंट सीजर मैटी की पुण्यतिथि मनाई

**हमीरपुर।** इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के आविष्कारक डॉ.काउंट सीजर मैटी की 130 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई।

नगर के पटकाना स्थित इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धर्मार्थ चिकित्सालय में बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन के सदस्य ईएच डॉ.नरेन्द्र भूषण निगम एवं जिला प्रभारी अधिकारी ईएच डॉ.गणेश सिंह ने डॉक्टर मैटी के चित्र पर माल्यार्पण किया। डॉ.नरेन्द्र भूषण ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों को प्रैक्टिस करने के लिए प्रदेश शासन ने 4 जनवरी 2012 को जो शासनादेश जारी किया है उसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक की चिकित्सा के लिए सभी अधिकार सुरक्षित हैं। डॉ.मेहर मधुर निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी को अभी भी लोगों तक पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य करना होगा। इनके चिकित्सालय गांव-गांव और कस्बे कस्बे में खोलने होंगे। निशुल्क कैंप लगाकर रोगियों को इसका लाभ देना होगा। कार्यक्रम को ईएच डॉ.मानसी, जिला प्रभारी अधिकारी डॉ.गणेश सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ.सुनीता सागर, डॉ.रजनीश, डॉ.कंचन गुप्ता, डॉ.दिनेश कुमार, अंश निगम, केशव, डॉ.सन्तोष आर्य, डॉ.अरशद, चंद्रभूषण, वरिष्ठ कानूनी सलाहकार अंकुर निगम एड एवं शुभम पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# चंद्रावल नदी का तेज होगा जीर्णोद्धार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेते सांसद। अमृत विचार

- सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया गया कि जनपद में सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में कई बार उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। अक्टूबर से चन्द्रावल नदी का जीर्णोद्धार कार्यक्रम जन सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा। जनपद में अवैध खनन पर रोक लगाई गई और सर्वाधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। ग्राम पंचायतों को आईएसओ मानक प्रमाण पत्र दिलाने का भी कार्य किया जा रहा है। राशन वितरण के लिए सरकारी अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे है। इनवेस्ट यूपी के तहत गेल इंण्डिया लिमिटेड एवं नेवेली लिमिटेड द्वारा 1500 करोड़ की लागत से सोलर पॉवर प्लॉट लगाये जा रहे है। वहीं सांसद ने स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, सड़क, राजस्व, पंचायती राज, पशु चिकित्सा, डूडा, सिंचाई, आईसीडीएस, प्रोबेशन, पूर्ति, शिक्षा, यातायात, परिवहन, मत्स्य, आवास, श्रम, खनन, कौशल विकास, विपणन आदि से संबंधित विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में किए गए अच्छे कार्यो व जनपद की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिया जाने को कहा। बैठक में सीडीओ अरूण कुमार सिंह, सीएमओ डॉ.गीतम सिंह, एडीएम विजय शंकर तिवारी, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## आजम की रिहाई पर बांटी मिठाई

**हमीरपुर।** पूर्व मंत्री आजम खां के जमानत पर सीतापुर जेल से रिहा होने पर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में मिठाई बांटी गई।

सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष रिज़वान खान सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार किया। पार्टी नेताओं ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है। कोर्ट पर पूरा भरोसा है। आजम खां पर लगाए गए 104 मुकदमे पूरी तरह निराधार हैं। आने वाले समय में सत्य की ही जीत होगी। इस मौके पर शुभकरण सिंह परिहार, हरनारायण निषाद, रामनारायण यादव, अजय प्रताप सिंह परिहार, ओमप्रकाश सोनकर, लाला प्रधान, राघवेंद्र यादव, लकी, जुनैद खान, चंद्रप्रकाश यादव, निजाम खान, देवेश कुमार निषाद, रोहन निषाद आदि मौजूद रहे।

# महिला केयर टेकर की हत्या में 4 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं

अमृत विचार Follow UP

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

शिलारानी।

- हत्या का खुलासा नहीं होने से परिजनों में पुलिस के प्रति नाराजगी

**अमृत विचार।** जरिया थाना क्षेत्र के बौखर गांव में 55 वर्षीय महिला केयर टेकर की हत्या के मामले में चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। फिलहाल संदिग्धों से पूछताछ चल रही है। हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पाँच टीमें भी गठित की गई थी। हत्या का खुलासा अब तक न होने से मृतका परिजनों में पुलिस के प्रति नाराजगी है।

क्षेत्र के बौखर गांव निवासी शिलारानी उर्फ ललिता (55) पत्नी नंदराम गांव के ही सार्वजनिक शौचालय में केयरटेकर के रूप में कार्यरत थी। शनिवार की शाम उसका पति अमावस्या पर चित्रकूट गया था और वह घर में अकेली थी। देर शाम वह अपने घर का दरवाजा बंद करके अंदर हो गई थी। रविवार की सुबह काफी देर तक उसके दरवाजे नही खुले तो मोहल्ले के लोगों ने आवाज दी, जबाब न मिलने पर देखा तो वह मकान अंदर उल्टी पड़ी थी। अनहोनी की आंशका होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी थी।

महिला की हत्या की खबर लगते ही पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली थी। पति की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर पाई है।

थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं। संदिग्धों से पूछताछ जारी है। जल्दी ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# डीएम ने 7 अपराधियों को किया जिला बदर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में आपराधिक प्रवृत्ति के 7 लोगों पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत 6 माह के लिए जिला बदर किया है।

गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिलाधिकारी ने सुमेरपुर कस्बा निवासी रविंद्र कुमार भारतवंशी पुत्र स्व.रामप्रकाश, थाना राठ ग्राम कुर्रा निवासी मुमताज पुत्र रहीम बक्श, राठ कस्बा निवासी हिमांशु गुप्ता पुत्र शिव शंकर गुप्ता, जलालपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बरहरा निवासी अपलोश उर्फ अर्पित पुत्र राजकुमार, थाना चिकासी के ग्राम चक अमरपुरा निवासी आशीष पुत्र छत्रपाल लोधी, थाना मझगवां के ग्राम गिरवर निवासी सर्वेश पुत्र सुभाष एवं थाना राठ के ग्राम लींगा निवासी मनीष राजपूत पुत्र राजेश कुमार के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला बदर किए गए इन 07 लोगों को जिलाधिकारी ने 6 माह के लिए जनपद से निष्कासित किया है तथा आदेश दिए हैं कि निष्कासन की अवधि में वह जनपद की सीमा में प्रवेश न करें। जनपद से बाहर जहां वह निवास करेंगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं वहां के थाने को देंगे। साथ ही वहां पर किसी प्रकार शस्त्र या हथियार लेकर नहीं चलेंगे। इस आदेश का अनुपालन करने के लिए संबंधित को एक-एक लाख रुपये की दो प्रतिभूतियों एवं इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंध पत्र दाखिल करना होगा।

## ड्रोन उड़ाने की तैयारी में 3 लोग पकड़े गए

**कुरारा।** क्षेत्र के सिवनी ग्राम पंचायत के मजरा जगनपुर में धान के खेतों में यूट्यूबर ड्रोन उड़ाने की तैयारी कर रहे थे, तभी सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने की लगातार अफवाहें फैल रही है। मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे जगनपुर गांव में तीन लोग धान के खेतों की मेड में खाना बना रहे थे। वहीं गाड़ी में ड्रोन कैमरे रखे थे। ड्रोन कैमरे देख गांव वालों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस तीनों को थाने ले आई। कोतवाली निरीक्षक रामआसरे सरोज ने बताया कि तीनों वीडियो बनाकर यूट्यूब में डालते हैं। खेत वालों से अनुमति ली थी। पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। तीनों लोग मूसानगर के रहने वाले हैं।

# शिविर में सेहत की जांच के साथ रक्तदान

संवाददाता, मुस्करा

रक्तदाता को जूस पिलातीं विधायक और अध्यक्ष।

स्वास्थ्य शिविर में रजिस्ट्रेशन कराते मरीज। अमृत विचार

- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत शिविर का आयोजन हुआ

**अमृत विचार।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ, जिसमें दस से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

कस्बे की सीएससी में आयोजित रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का राठ विधायक मनीषा अनुरागी और जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ.गीतम सिंह ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य समस्याओं को सुना और जल्द ही समस्याओं को दूर करने की बात कही। सीएचसी में एक्स-रे टेक्नीशियन की पोस्टिंग की जानकारी देते हुए कहा कि दो दिन के अंदर एक्स-रे मशीन का लाभ मरीजों को मिलना शुरू हो जाएगा। वहीं विधायक मनीषा अनुरागी ने सीएचसी में अल्ट्रासाउंड की सुविधा के लिए सीएमओ से मांग की है।

सीएचसी प्रभारी डॉ.बृजेंद्र राजपूत ने बताया कि रक्तदान शिविर में बीते 19 तारीख को 15 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। जिनमें से 10 से अधिक लोगों का रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। ग्राम प्रधान उमरी कपिल वर्मा व प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.बृजेंद्र राजपूत ने पहले रक्तदान किया। वहीं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को दिखाने के लिए मरीजों की भीड़ लगी रही। इस मौके पर सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी, शक्ति चौरसिया, मधु गुरुदेव, प्रीति द्विवेदी, विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष आशा त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भक्ति की बयार | नवरात्र के दूसरे दिन मंदिरों में उमड़ी आस्था, दिन भर गूंजते रहे जयकारे

# मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर मांगा संयम का वरदान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन सुबह से ही जिलेभर के देवी मंदिरों और पंडालों में देवी गीतों के स्वर गूंजने लगे। आस्था व भक्ति का संगम मंदिरों में देखने को मिला। भक्तों ने मुरादों को पूरा करने की मनोकामना लिए मां के दरबार में पहुंच रहे थे।

नवरात्रि के दूसरे दिन मंगलवार को हाथ में आरती की थाल सजा कर महिलाएं भोर से ही शहर के प्रसिद्ध चौरा देवी मंदिर पहुंच गई। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर मां की आरती उतारी। वहीं देवी मां के पंडाल भी सजाएं गए हैं। जहां पर सुबह शाम मां के भक्तों की भीड़ मां की पूजा करने के लिए जुट रही है।दूसरे दिन माँ दुर्गा की नौ शक्तियों में द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। सच्चिदानंदम ब्रह्म स्वरूप की प्राप्ति कराना जिनका स्वभाव है। ऐसी माता ने कई हजार वर्ष तक तप का आचरण कर शिवजी को पति रूप में प्राप्त किया था। इसलिए इनका नाम तपश्चारिणी या ब्रह्मचारिणी के रूप में विख्यात हुआ है। दूसरे दिन देवी भक्तों के द्वारा मां ब्रह्मचारिणी की पूजा विधि विधान के साथ की गई। देर शाम शहर के देवादास मंदिर, गौरा देवी, किंग रोड, रहुनिया धर्मशाला, कालपी चौराहा, विवेक नगर, ग्वालटोली समेत 67 स्थानों में सजाए गए पंडाल में देवी भक्त आरती करते नजर आए।

चौरा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

बिवांर के पाथा देवी मंदिर में कन्याओं को भोजन कराया गया। अमृत विचार

### पाथा देवी मंदिर में कन्या भोज, गूंजते रहे गीत

**बिवांर।** कस्बे में आस्था के केंद्र पाथा देवी मंदिर में नवरात्र के दूसरे दिन सुबह कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्याओं ने भोजन कर गांव में सुख, समृद्धि, खुशहाली का आशीर्वाद दिया। हुनर सिंह यादव ने कन्याओं को अन्न दान और पैर छूकर आशीर्वाद लिया। अजीत यादव के साथ कमेटी के कार्यकर्ता कन्या भोज में सहयोग करते रहे। रास्ते से गुजर रही कन्याओं को रोककर प्रसाद आदि देकर अन्न दान किया गया। वहीं महिलाओं ने ढोलक की थाप और मंजीरे की खनकन के बीच देवी गीत गाए। मां के जयकारों से पंडाल गुंजायमान रहा।

# सफाई मित्रों की सेहत जांच जरूरी सलाह दी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लगाया गया शिविर

**अमृत विचार।** नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को सफाई मित्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका के सभागार में लगे इस शिविर में आधा सैकड़ा सफाई मित्र कर्मचारियों का चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य की जांच की।

नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को नगर पालिका में सफाई मित्र, उनके परिजन और निकाय के कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण डॉ.अरुण कुमार ने किया। चिकित्सकों की टीम ने सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार की फैल रही बीमारियों की रोकथाम की जानकारी दी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी, सफाई प्रभारी, सफाई सुपरवाइजर और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर के माध्यम से सफाई मित्रों को जागरूकता स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। जिससे सफाई मित्रों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने में मदद मिल सके।

ईओ नगर पालिका राजेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जो हमारे समाज की स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

# पिता के हत्यारे को अगवा कर कुल्हाड़ी से काट डाला

## सोमवार को अदालत से लौटते समय किया गया अगवा, उसी जगह पर की गई हत्या, जहां पिता को मारा गया था

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव में खूनी रंजिश में पिता के हत्यारे को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। बदले की आग में जल रहे हत्यारोपियों ने कोर्ट से लौटते समय अगवा करने के बाद अपने घर के बाहर उसी जगह पर हत्या की, जहां उनके पिता को मारा गया था। हत्या करने के बाद गांव के बाहर डालापुर मंदिर के पास शव फेंककर फरार हो गए। इस हत्याकांड से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। हत्या में छह लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोपी घर में ताला लगाकर फरार हो गए हैं।

बृजेंद्र राजपूत।

सनसनीखेज वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने कालीपहाड़ी गांव पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी हैं। एसपी ने सदर कोतवाली इंस्पेक्टर को हमलावरों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। उधर, सोमवार शाम से जवान बेटे की तलाश कर रहे माता-पिता के साथ परिवार के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए, जिनका रो-रोकर बुरा हाल रहा।

मूलरूप से कालीपहाड़ी गांव निवासी बृजेंद्र राजपूत (45) पुत्र नत्थू राजपूत सोमवार को मुकदमे की पेशी में जनपद न्यायालय आया था। अदालत में पेशी के बाद वह शाम तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा। हर तरफ खोजबीन करने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो पिता नत्थू राजपूत कालीपहाड़ी गांव पहुंचा, जहां गांव के बाहर डालापुर रोड पर मंदिर के पास उसका शव मिला। उसे कुल्हाड़ी से काटा गया था और चेहरे को पत्थर से कुचला गया था।

पिता ने हत्या की सूचना पुलिस को दी। हत्या की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष पांडेय पुलिस फोर्स के साथ कालीपहाड़ी गांव पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की। एसपी ने पुलिस टीमें गठित कर जल्द से जल्द हमलावरों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस ने हमलावरों की तलाश में कई जगह छापेमारी की, लेकिन अभी तक हमलावरों का कोई सुराग नहीं लगा है। उनके घरों पर ताला बंद है।

पुलिस ने पिता की तहरीर पर गांव के ही बब्लू राजपूत और उसके भतीजों समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद हत्या की एफआईआर दर्ज की है। तहरीर में कहा गया है कि जयपाल के बेटे और भतीजों ने मिलकर कोर्ट से लौटते समय बेटे बृजेंद्र राजपूत को अगवा किया और फिर गांव ले जाकर उसकी हत्या की है। बताते हैं कि आरोपी ने अपने घर के बाहर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या की और फिर गांव के बाहर शव फेंक दिया। पहचान मिटाने के लिए चेहरे को पत्थर से कूंचा गया।

- कोतवाली क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव में सनसनीखेज वारदात
- छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट, घर में ताला डाल फरार

हत्या के बाद घर में गमगीन बैठीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

### हत्या में हुई थी आजीवन कारावास की सजा

अगवा कर कुल्हाड़ी से काटे गए बृजेंद्र राजपूत को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। बताते हैं कि बृजेंद्र राजपूत का वर्ष 2016 में गांव के ही जयपाल राजपूत से पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में बृजेंद्र राजपूत ने जयपाल राजपूत की उसके घर के बाहर ही हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में बृजेंद्र राजपूत को अदालत से आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, लेकिन हत्या के आठ साल बाद वह हाईकोर्ट से जमानत पर छूट गया था। जमानत पर छूटने के बाद से ही जयपाल राजपूत के परिवार वाले बदले की आग में जल रहे थे और बृजेंद्र राजपूत की हत्या करने का ताना-बाना बुन रहे थे।

### सारी जमीन बेचकर छोड़ दिया था गांव

- एक साल पहले जमानत पर छूटने के बाद बृजेंद्र राजपूत ने अपने गांव कालीपहाड़ी की सारी जमीन बेच दी थी और पिता नत्थू राजपूत के साथ चरखारी कस्बे के धनुषधारी मोहल्ले में रहने लगा था। चरखारी में ही उसका पूरा परिवार रहता है। गांव वाले घर में ताला बंद है। बृजेंद्र राजपूत के गांव छोड़ने की वजह से बदले की आग में जल रहे जयपाल राजपूत के बेटे और भतीजों को मौका नहीं मिल रहा था। मौके की तलाश में डटे हत्यारोपियों ने साजिश रची और कोर्ट में तारीख कर वापस लौटते समय उसे अगवा कर खूनी दुश्मनी का बदला ले लिया।

## शिकायतें सुन त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**कुलपहाड़।** सीओ रविकान्त गोंड की अध्यक्षता में मंगलवार को थाना परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी ने पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और आमजन की शिकायतों को सुनकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में क्षेत्राधिकारी ने मिशन शक्ति के अंतर्गत रोजाना जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, महत्वपूर्ण स्थानों, चौराहों, बाजारों में प्रभावी पैदल गस्त व चेकिंग करने तथा आमजन से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उन्होंने पेंडिंग आहकामातों आरजीआरएस के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, विवेचना निस्तारण अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक विवेचनाओं के निस्तारण तथा ऑपरेशन क्लीन-2 के तहत माल निस्तारण आदि बिंदुओं की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिये गए। बैठक में प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा, अतिरिक्त निरीक्षक, चौकी प्रभारी बेलाताल, समस्त हल्का प्रभारी एवं बीट आरक्षी रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो अभियुक्त तमंचा के साथ गिरफ्तार

**महोबा।** मंगलवार को सदर कोतवाली पुलिस ने एक तमंचा व दो कारतूस सहित बब्लू (22) उर्फ डैंजर पुत्र आशाराम निवासी मोहल्ला कस्बाखाई को पकड़ा है। वहीं दूसरी पुलिस टीम ने अमन रैकवार (23) पुत्र गोवर्धन रैकवार निवासी मोहल्ला नयापुरा बन्धानवार्ड को अलामपुरा के समीप से 315 बोर तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

### अवैध असलहों के साथ 3 पकड़े गए

**महोबा।** चरखारी थाने की रिवई चौकी और गौरहरी चौकी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन अभियुक्तों को अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार किया। गौरहरी प्रभारी प्रशान्त दीक्षित ने पनवाड़ी रोड के पास मोहित सोनी पुत्र महेश सोनी निवासी तुर्रा के पास 315 बोर तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। इसी प्रकार एसआई सूरज कुमार पांडेय ने शिवम राजपूत पुत्र सुरेश राजपूत को 315 बोर के तमंचा व एक कारतूस सहित पकड़ा। रिवई पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीण राजपूत पुत्र हरिसिंह निवासी ग्राम कुल्हड़ा थाना मजगवां जिला हमीरपुर को तमंचा व एक कारतूस के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### बाइक फिसलने से युवक गंभीर घायल

**बिवांर (हमीरपुर)।** रात को घर वापस लौट रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर अचेत हो गया। सुबह रास्ता से निकले राहगीरों ने परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। क्षेत्र के उमरी गांव निवासी अरुण (17) पुत्र बच्चू विश्वकर्मा अपने मित्र अंशु के साथ शाम को किसी कार्य से इमिलिया गांव गया था। अंशु दूसरी बाइक से घर लौट आया। इमिलिया से वापस लौट रहे अरुण की बाइक कमोखर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पत्थर पर गिर गया है। बाइक तेज गति से होने पर अरुण घायल होकर अचेत हो गया है। जो पूरी रात अचेत अवस्था में सड़क के किनारे पड़ा रहा है। सुबह शाश्वत शांति इंटर कालेज के अध्यापक अनिल कुमार निकलते तो उसने उसे अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

# सुरक्षा और सम्मान का प्लान तैयार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत व्यापक कार्ययोजना तैयार कर अन्तर विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शारदीय नवरात्र पर्व से मिशन शक्ति का 30 दिवसीय विशेष अभियान (फेज-5) का शुभारम्भ किया गया है। 30 दिन तक मिशन शक्ति 05 अभियान में सम्मिलित विभागों की संकलित कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रमों, आयोजनों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन, संचालन के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों की बैठक आहूत की गई।

बैठक में शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए गांव व वार्ड स्तर पर पुलिस अधीक्षक के स्तर से बीट पुलिस अधिकारियों की लगायी गई रोस्टर ड्यूटी के अनुसार सम्बन्धित विभाग समन्वय स्थापित कर शासकीय योजनाओं का डोर टू डोर कैम्पेन किये जाने के अलावा अन्य दिवसों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए सम्बन्धित विभागों को कार्य योजना के अनुसार कार्य किये जाने के निर्देश दिये गये।

मिशन शक्ति की बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, युवा कल्याण अधिकारी, प्राचार्य वीरभूमि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला क्रीडा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी रहे।

## बेड एंड ब्रेकफास्ट नीति की शुरुआत

**महोबा।** पर्यटन विभाग की ओर से बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 के प्रचार-प्रसार के लिए राजकीय वीरभूमि महाविद्यालय में कैंप लगा। पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त ने बताया कि प्रदेश में बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति की शुरुआत हुई है, जिससे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटकों को आवास, भोजन की व्यवस्था होगी।

होम स्टे नीति के अंतर्गत नागरिक अपने आवासीय भवन के कम से कम एक या अधिकतम 6 कक्षों को किराए पर दे सकते हैं। इस स्कीम में देशी विदेशी पर्यटकों को किफायती दरों पर आवास, नाश्ता, बुंदेली भोजन देने के लिए पंजीकरण कराया जा सकता है। टूरिज्म रिसर्च फेलो अंशिमा श्रीवास्तव ने पीपीटी से बेड एंड ब्रेकफास्ट तथा होमस्टे नीति को विस्तार से समझाया।

# शिविर में किशोरियों की जांची सेहत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाड़ा के तहत जैतपुर ब्लाक के रजपुरा प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी में स्वास्थ्य टीम ने शिविर लगाया, जिसमें डॉक्टरों ने 35 किशोरियों के अलावा 107 बच्चों का परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी और एनीमिया के बारे में जानकारी दी गई।

प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती टीम। अमृत विचार

शिविर में बालिकाओं व बच्चों का पंजीयन करने के बाद एक एक कर डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। डाक्टर किशोरियों और बच्चों से उनकी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के बावत भी जानकारी की और उन्हें निशुल्क दवाएं और सुझाव प्रदान किए। शिविर में 35 किशोरियों के अलावा प्राथमिक विद्यालय व आंगनवाड़ी के 107 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर दौरान डॉ. अम्बुज गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि एनीमिया बच्चों में एक आम रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या सामान्य से कम हो जाती है, जिससे शरीर के अंगों को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। साथ ही इसके मुख्य कारणों में आयरन की कमी, विटामिन बी-12 या फोलेट की कमी, वंशानुगत विकार (जैसे सिकल सेल एनीमिया) और रक्तस्राव हो सकता है। कहा कि एनीमिया के लक्षणों में थकान, कमजोरी और पीलापन शामिल है। इससे बचाव के लिए आयरन युक्त खाद्य पदार्थ, हवितामिन सी युक्त फल और संतुलित आहार महत्वपूर्ण हैं साथ ही अत्यधिक दूध के सेवन से बचना चाहिए। इस मौके पर डॉ. पवन राजपूत, डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. अमित गंगेले, संगीता सहित तमाम सीएचसी जैतपुर स्टाफ मौजूद रहा।

# राजस्व टीम ने ई रिक्शा में डीएपी खाद पकड़ी

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** क्षेत्र में इस समय खाद की मारामारी है, वहीं समितियों के कर्मचारियों की सांठगांठ से खाद ब्लैक में बेची जा रही है। इसकी सूचना पर उपजिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार पंकज गौतम और नायब तहसीलदार मुकुंद कुमार ने संयुक्त रूप से एक ई रिक्शा को खाद के साथ जैतपुर अंडरपास के करीब पकड़ लिया। चालक से पूछताछ की जा रही है।

उपजिलाधिकारी ने दो नायब तहसीलदारों की टीम बनाकर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। टीम में लगाए गए अधिकारी वाहनों पर कितनी खाद की बोरियां जा रही है, कहां जा रही हैं, कहां से ली गई है इसकी जांच पड़ताल कर हकीकत का पता लगा रहे हैं, जिससे कहीं पर भी डीएपी खाद गलत लोगों के हाथ में न पहुंच सके। खाद ले जाने वाले किसानों के आधारकार्ड और कागजात भी चेक किए जा रहे हैं। मंगलवार को ई रिक्शा में जैतपुर की तरफ आधा दर्जन से ज्यादा डीएपी खाद की बोरियां लदी होने की सूचना पर नायब तहसीलदार ने खाद लदे ईरिक्शा का पीछा किया और जैतपुर अंडरपास के नजदीक से उसे पकड़ लिया। इसके बाद नायब तहसीलदार ने पकड़े गए ई रिक्शा से भरे ई-रिक्शा को फिलहाल कोतवाली कुलपहाड़ में खड़ा करा दिया गया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि खाद के अवैध परिवहन, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध प्रशासन सख्त रुख अपनाए हुए है।

- कुलपहाड़ कोतवाली में ई रिक्शा चालक से की गई पूछताछ

# नवरात्र में बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त करें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्युत, पेयजल व्यवस्थाओं को पर्व के मौके दुरुस्त रखने के विद्युत व जल निगम के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं अग्निशमन अधिकारी को सुरक्षा की दृष्टि से दुर्गा पंडालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिए जाने के बावत निर्देशित किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत को निर्देश दिए कि दुर्गा पंडालों और प्रमुख मंदिरों की सफाई व्यवस्था को सुचारू रुप बनाए रखें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए डीएम कहा कि विद्युत तारों व खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल दुरुस्त करवाया जाए, जिससे बिजली समस्या उत्पन्न न हो सके। जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि त्योहारों में पेयजल जलापूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए और उन्होंने कीरत सागर के किनारे मूर्ति विसर्जन वाले चिन्हित स्थानों पर बेरीकेटिंग व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट तौर पर कहा कि विद्युत तारों के नीचे अथवा ट्रांसफार्मरों के आसपास की सुरक्षा को देखते हुए दुर्गा पंडाल लगाये जाए, तथा सड़क को छोड़कर ही पंडाल बनाए जाएं।

जिलाधिकारी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को पंडाल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए साथ ही सभी उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि परंपरागत रूप से दुर्गा पंडाल स्थापित करने के साथ शांतिपूर्वक त्योहारों को संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की मूर्ति विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों और बेरिकेटिंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाए साथ ही सभी थाना प्रभारियों को दुर्गा पंडाल के स्थान का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह व सभी एसडीएम, क्षेत्राधिकारी के अलावा समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी सहित सभी धर्मों के लोग मौजूद रहे।

### बैठक में बैंकों की वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कलेक्ट्रेट सभागार में ऋण जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा की और कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंकों को सुधार करने के निर्देश दिए। बैंकों की एनपीए की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएमएफएमई, एक जनपद एक उत्पाद, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री माटीकला आदि योजनाओं की समीक्षा कर लक्ष्य प्राप्ति पर चर्चा की गई। बैठक में सीडीओ ने बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण किये जाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पान की खेती से जुड़े किसानों तथा पान से जुड़े व्यवसाय को बढ़ाने के लिए प्रयास किये जाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक सरोज कुमार, भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी अधिकारी ऋषभ सक्सेना, डीडीएम नाबार्ड, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उपायुक्त उद्योग, सहित बैंकर्स मौजूद रहे।

# जहरीला कीड़ा काटने से वृद्ध की थमीं सांसें

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- मौदहा कोतवाली क्षेत्र के परछछ गांव में चारपाई पर लेटा था वृद्ध
- गुड़गांव में रहता एकलौता बेटा अंतिम संस्कार का इंतजार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम परछछ में जहरीले कीड़े के काटने से एक वृद्ध की मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी होने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। इस घटना की सूचना गुड़गांव में रह रहे मृतक के बेटे को भेज दी गई है।

क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी मोतीलाल विश्वकर्मा उर्फ कल्लू 80 अपनी वृद्ध पत्नी के साथ गांव में अकेले रहता था। उसका इकलौता पुत्र जय प्रकाश गुड़गांव में परिवार समेत रहता है। कल्लू व उसकी पत्नी सोमवार की रात खाना खा पीकर सो गए और सुबह जब उसकी पत्नी ने अपने पति को चारपाई पर लेटे देखा तो उसे आवाज लगा जगाने का प्रयास किया। लेकिन कल्लू के न उठने पर जब उसकी पत्नी उसके पास पहुंची तो उसका शरीर नीला व बेसुध पड़ा देख उसने शोर मचाया। जिस पर आसपास में रहने वाले पड़ोसी एकत्र हो गए। अंदाजा लगाया जा रहा कि रात्रि में कल्लू के पैर में किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कल्लू अपने पीछे चार विवाहित पुत्रियां व एक विवाहित पुत्र समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गए हैं। इस घटना की सूचना उसके पुत्र जय प्रकाश को गुड़गांव भेज दी गई है। उसके आने के बाद ही मृतक का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

नवरात्र की धूम

देवी मंदिरों में तड़के पहर से ही पहुंचने लगे श्रद्धालु, दिन भर गूंजते रहे जय माता दी के जयकारे

# ब्रह्मचारिणी की आराधना को देवी मंदिरों में उमड़ी आस्था

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जिले में सुबह से चारो तरफ महिलाएं और पुरुष मंदिरों में आते जाते दिखाई दिए। सुबह से श्रद्धालुओं ने शहर की बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर, छोटी चंद्रिका देवी मंदिर, विन्ध्वासिनी, शारदा देवी, शीतला देवी और काली देवी मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना प्रार्थनाएं की जा रही हैं।

मां भगवती के पंडाल में आरती करते भक्त। अमृत विचार

सुबह और शाम को देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में होने वाली आरती में भक्त श्रद्धा भाव के साथ पहुंच रहे और आरती के बाद देर रात तक भजन कीर्तन में शामिल होकर मां दुर्गा को प्रसन्न कर मनोकामनाएं पूर्ण करने में लगे हुए हैं। मंगलवार को तड़के से महिलाएं देवी मंदिरों में नंगे पैर पहुंचीं, जहां पर पूजा अर्चना और आराधना करने के बाद देवी मां से प्रार्थना की। सुबह छह बजे से आठ बजे के बीच देवी मंदिरों में भक्तों की अधिक भीड़ जुटी। देवी मंदिरों में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक नजर आई। देवी मंदिरों के अलावा शहर में जगह जगह सजाए गए दुर्गा पंडालों में भी पूजा करने के लिए भक्तों का आने जाने का सिलसिला जारी रहा। मां की आरती के समय सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिली। ग्रामीण अंचलों में भी दुर्गा पंडालों में सुबह से श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंच जाते हैं, जिसके चलते दुर्गा पंडालों में सारा दिन भक्ति गीत की गूंज से पूरा शहर भक्ति मय दिखाई दे रहा है। नवरात्र के शुरु हो जाने के बाद शहर के हर गली मोहल्लों में चहल पहल बढ़ गई है। सुबह से लोग घरों के अलावा आसपास के कुओं व हैंडपंपों में नहाने के लिए लोग निकल पड़ते हैं इसके बाद पवित्र वस्त्र धारण कर मंदिर में आना जाना शुरू हो जाता है। नवरात्र पर्व के प्रति देवी भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। महिलाएं हाथों में पूजा की थाली लेकर नंगे पैर झुंड बनाकर देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद घरेलू कामकाज करने में जुटती हैं। शाम के समय दुर्गा पंडालों में महिलाएं, किशोरियां भजन कीर्तन करने के लिए पहुंच जाती हैं।

### भक्तों ने मां भगवती से मांगा संयम का वरदान

- नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने देवी मंदिरों व घरों में मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर संयम का वरदान मांगा। भक्तों ने माता को रोली से तिलक कर पुष्प व फल अर्पित किए गए। वहीं घरों व दुर्गा पंडालों में नवरात्रि व्रत व दुर्गा चालीसा का पंडितों ने पाठ किया गया।

# एसपी ने जांची सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नवरात्र में सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर एसपी ने पुलिस के साथ नगर का भ्रमण किया। एसपी ने मिश्रित आबादी वाले इलाकों, बाजार, प्रमुख चौराहो और दुर्गा पंडालों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही पंडालों में सुरक्षा के आवश्यक निर्देश दिए।

दुर्गा पंडाल में अग्निशमन यंत्र की जानकारी देते एसपी। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने पैदल गश्त कर नगर क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर आयोजकों को अग्निशमन यंत्रों के संचालन की जानकारी देते हुए हर पंडाल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस पूर्णतः मुस्तैद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वस्तु की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, जिससे पुलिस कार्रवाई कर सके। पुलिस ने पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की भी अपील की। गश्त दौरान एसपी ने आम आदमी के अलावा व्यापारियों से संवाद स्थापित किया और व्यापारियों को प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए प्रेरित किया, जिससे भीड़भाड़ वाले स्थानों की सतत निगरानी की जा सके। पंडाल समितियों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग शासन के निर्धारित मानक एवं समय सीमा के अनुसार करने की बात कही गई। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसपी ने पुलिस टीम के साथ नगर के प्रमुख मार्गों का भी भ्रमण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएलओ को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**मानिकपुर।** उपजिलाधिकारी आरआर रमन ने बताया कि 25 सितंबर को मतदेय स्थल संख्या 241 से 326 तक पूर्वाह्न 11 बजे, 327 से 412 तक अपराह्न एक बजे से बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 20 सितंबर को मतदेय स्थल संख्या 13 से 53 तक के बीएलओ प्रशिक्षित किए जाएंगे।

### आज से राघव प्रयाग घाट में होगी रामलीला

**सीतापुर।** राघव प्रयाग घाट में 24 से 30 सितंबर तक अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् नई दिल्ली एवं जिला प्रशासन सतना के सहयोग से यह आयोजन किया जाएगा। 26 सितंबर को इंडोनेशिया के कलाकार लीला मंचन करेंगे। 27 को वियतनाम और 29 सितंबर को मलेशिया की मंडली का रामलीला मंचन करने का कार्यक्रम है।

### तालाब की सफाई कर किया पौधरोपण

**मानिकपुर।** जिला गंगा समिति एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व की अगुवाई में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नदवनिया तालाब के किनारे पौधरोपण किया गया। इस मौके पर श्रमदान कर सफाई भी की गई। कार्यक्रम में सचिन कुमार, गोपाल कृष्ण गुप्ता, रामपाल, आकांक्षा पटेल, आदित्य कुमार रहे।

# साइकिल रैली निकालकर दिया महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा

## मुख्य विकास अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी, छात्राओं को बनाया एक दिन का अधिकारी

साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर।

छात्राओं से दिक्कतें पूछतीं एक दिन की प्रधानाध्यापक मोनिका।

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** नवरात्र और मिशन शक्ति पर छात्राओं ने साइकिल रैली निकालकर लोगों को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए जागरूक किया। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर और जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता मौजूद रहीं। रैली में राजकीय बालिका इंटर कालेज और चित्रकूट इंटर कालेज की छात्राओं ने भाग लिया। रैली जीजीआईसी से ट्रैफिक चौराहे होते हुए पटेल चौक से तहसील परिसर पहुंची। तहसील सभागार में छात्राओं को जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया और आवेदन करने के लिए कहा। छात्राओं को 1090 वूमेन पावर लाइन ,181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में बताते हुए जानकारी दी गई कि इन नंबरों पर अपनी सुरक्षा के लिए शिकायत कर सकती हैं। उनकी जानकारी गुप्त रखी जाती है। महिला थाना प्रभारी नीलम ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को विस्तार से बताया । साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताकर जागरूक किया। बताया कि बालिकाएं किसी प्रकार की धोखेबाजी और छेड़छाड़ से संबंधित कॉल आए तो इस नंबर पर शिकायत दर्ज कर जानकारी दे सकती हैं। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद वर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ सिंह, यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह, चाइल्ड लाइन की टीम तथा प्रधानाचार्य शशि कला रहे।

### एक दिन की प्रधानाध्यापक बनीं मोनिका

- पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कछारपुरवा में मिशन शक्ति के अंतर्गत कक्षा आठ की छात्रा मोनिका देवी को एक दिन के लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापक बनाया गया। मोनिका ने स्कूल की सफाई, पठनपाठन को परखा और मध्याह्न भोजन को चखकर देखा। बच्चों से उनकी दिक्कतें पूछीं। इस दौरान प्रधानाध्यापक उषा रानी त्रिपाठी, रचना यादव, सुशील पांडेय, सरला देवी, विद्यासागर सिंह आदि मौजूद रहे।

### कर्मयोगी कार्यक्रम की दी जानकारी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में मंगलवार को रिक्रूट आरक्षियों को राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम के बारे में बताया। एसपी ने बताया कि राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम एक राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य नौकरशाही में सुधार लाना, शासन को बेहतर बनाना और भविष्य के लिए एक सक्षम, नागरिक-केंद्रित सिविल सेवा का निर्माण करना है। यह मिशन कर्मयोगी के नाम से भी जाना जाता है और सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों को निरंतर सीखने, सहयोग करने और अधिक सक्रिय, प्रौद्योगिकी सक्षम बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, प्रभारी निरीक्षक आरटीसी प्रदीप कुमार,पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह, एसआई संदीप आदि मौजूद रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। ड्रिल का निरीक्षण किया और शस्त्रों के बारे में बताया। रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण में अनुशासन बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। बाद में उन्होंने परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव को सुधार के लिए निर्देशित किया।

कोतवाली परिसर में खड़े घूस लेने के आरोपी तहसील के दोनों कर्मचारी।

# दो कर्मचारी घूस लेते रंगे हाथ दबोचे गये

- एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** हैसियत प्रमाणपत्र बनवाने के लिए सुविधाशुल्क मांगने के आरोप में बांदा से आई एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार अपराह्न कर्वी तहसील से एक राजस्व लिपिक (माल बाबू) और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को रंगे हाथ घूस लेते पकड़ा। टीम दोनों आरोपियों को कोतवाली ले गई।

जानकारी के मुताबिक, पुरवा तरौंहा निवासी रमाकांत द्विवेदी ने बांदा में एंटी करप्शन विभाग से शिकायत की थी कि हैसियत प्रमाणपत्र बनाने के लिए उससे राजस्व लिपिक राहुल और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इश्तियाक अहमद द्वारा घूस मांगी जा रही है। मंगलवार अपराह्न लगभग चार बजे एंटी करप्शन टीम की बांदा इकाई के प्रभारी सीबी सिंह और ट्रैक टीम प्रभारी श्यामबाबू के साथ दस सदस्यीय टीम तहसील पहुंच गई। बताते हैं कि जब पीड़ित घूस की रकम लेकर तहसील पहुंचा तो रकम पहले तहसील के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इश्तियाक ने ले ली और माल बाबू के पास जाकर रुपये देने के लिए बैठ गया। इसी दौरान एंटी करप्शन टीम ने दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। माल बाबू की तलाशी लेने पर 10 हजार 70 रुपये भी बरामद किए गए। इसके बाद एंटी करप्शन टीम ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश करने की तैयारी में जुट गई। इस संबंध में कर्वी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह ने बताया कि एंटी करप्शन टीम कर्वी तहसील से दो कर्मचारियों को हिरासत में लेकर आई है। इस दौरान टीम के सदस्यों से कई लिपिकों की नोकझोंक भी हुई। इनका कहना था कि अन्य जिलों में भी ऐसी घटनाएं हुई हैं और आरोपियों को छोड़ा गया है। इस पर टीम प्रभारी ने कहा कि जो भी कहना हो अपने अधिकारियों से कहिए।

मंडल प्रभारी विनय चौरसिया का स्वागत करते उप्र उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### जनसभा की तैयारियों के संबंध में बैठक

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की जनसभा नवंबर माह में प्रदेश की राजधानी में होगी। इस संबंध में मंगलवार को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चित्रकूट धाम मंडल प्रभारी विनय चौरसिया ने जिलाध्यक्ष आशीष अग्रवाल के साथ बैठक की। बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल के निर्देश पर बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में अमित अग्रवाल, गोविंद नारायण श्रीवास्तव, केशव प्रसाद प्रजापति, रमेश विश्वकर्मा, शिवगणेश पटेल, सुरेश द्विवेदी, वसंत पटेरिया आदि व्यापारी मौजूद रहे ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती की मौत

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह खेत पर बेहोश मिली। परिजन उसे अस्पताल ले कर पहुंचे। वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह सात माह की गर्भवती थी। हालांकि इस संबंध में मायके और ससुरालीजनों ने किसी तरह की तहरीर नहीं दी। इन्होंने तो पोस्टमार्टम कराने से भी इंकार कर दिया पर पुलिस ने एहतियातन पोस्टमार्टम कराया। माना जा रहा है कि खून की कमी के चलते उसकी मौत हुई है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत

विनीता।

पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे सदर विधायक अनिल प्रधान।

- खून की कमी से मौत होने की आशंका

ग्राम असोह निवासी राकेश की पत्नी विनीता देवी (22) रोजाना की तरह सोमवार को गांव के बाहर खेतों में घास लेने गई थी। जब शाम हो गई और विनीता नहीं लौटी तो घरवाले चिंतित हो गए। खेतों की ओर जाकर देखा कि विनीता बेहोशी की हालत में खेत में ही पड़ी थी। परिवारीजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी ले गए। वहां मौजूद डाक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पति राकेश खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है। विनीता का मायका ससुराल से महज तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पचोखर के मजरा मझियार में है। मृतका के पिता रामानुज ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। उसने बताया कि पुत्री को किसी प्रकार की ससुराल पक्ष से कोई शिकायत नहीं थी। ससुर रामबहोरी ने बताया कि बहू सात माह की गर्भवती थी। पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाया तो खून की कमी बताई थी। इसका इलाज चल रहा था। विनीता की मौत से दोनों परिवारों में मातम पसर गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया लेकिन आगे किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसके चलते थानाध्यक्ष अनुपमा तिवारी ने शव को जिला चिकित्सालय भेज कर पोस्टमार्टम कराया। वहीं सदर विधायक अनिल प्रधान ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# ‘आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए’

संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, आयुष ग्राम ट्रस्ट, चित्रकूट में १०वें आयुर्वेद दिवस पर मंत्रालय द्वारा घोषित विषयक ‘आयुर्वेद जनजन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए’ विषयक भाषा संगोष्ठी परिषद का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी परिषद् के प्रथम सत्र का शुभारंभ प्रो. (डॉ.) एसएन सिंह, पूर्व निदेशक, आयुर्वेद सेवायें, उप्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस सत्र में आयुष ग्राम ट्रस्ट के संस्थापक आचार्य डॉ. मदनगोपाल वाजपेयी , प्रो. (डॉ.) जेपी अवस्थी, पूर्व विभागाध्यक्ष द्रव्यगुण विभाग, राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, अतर्रा बांदा, डॉ. आदर्श कुमार त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य डॉयट, शिवरामपुर, डॉ. सीताराम गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक, कर्वी तथा श्री अनन्तराम त्रिपाठी,एडवोकेट, सचिव आयुष ग्राम ट्रस्ट, एवं श्री राजेन्द्र त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष विहित उपस्थित रहे।

दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति को सम्मानित करते पद्म श्री मदनगोपाल वाजपेयी व मौजूद अतिथिगण। अमृत विचार

इस सत्र में आरएवी शिष्य डॉ. कपिल कुमार, डॉ. शोभना शर्मा, डॉ. अनुराधा, डॉ. रितिका सैनी, सहित अनेक अतिथि गणों ने अपने विचार व्यक्त किये। प्रथम सत्र के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रो.एसएन. सिंह ने कहा कि हमें किसी भी चिकित्सा पद्धति की बुराई नहीं करना चाहिए। बल्कि हमें अपनी पद्धति को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं शास्त्र के अनुसार चिकित्सा एवं नये-नये शोध करना चाहिए।

संगोष्ठी परिषद के दूसरे सत्र का शुभारंभ पद्मश्री डॉ. वीके जैन, निदेशक सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय एवं अध्यक्ष रायपुर (छ०ग०) चित्रकूट सतना एवं डॉ. एके सिंह, पुलिस अधीक्षक, चित्रकूट धाम ने किया। इस सत्र में आचार्य डॉ. मदन गोपाल वाजपेयी, प्रो. (डॉ.) आशीष अग्रवाल, प्राचार्य राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, अतर्रा बांदा, डॉ. सत्येन्द्र पटेल, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बाँदा, राजनारायन द्विवेदी, प्रतिनिधि चेयरमैन, नगर पंचायत, ओरन, बांदा तथा डॉ. राकेश श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष ग्रामोदय विश्वविद्यालय मंचासीन रहे।

अपने उद्बोधन में आचार्य डॉ. मदनगोपाल वाजपेयी ने आयुर्वेद के महत्व के बारे में बताया। अपने उद्बोधन में पद्मश्री डॉ. वीके जैन ने आयुर्वेद चिकित्सकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आयुर्वेद अभी भी ईविडेंस बेस्ड चिकित्सा के क्षेत्र आधुनिक चिकित्सा से बहुत पीछे है। इसलिए आप लोग आचार्य डॉ. वाजपेयी के संरक्षण में आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों का अध्ययन करें और औषधियों के मूल में जाकर शोध करें।

इसके साथ अन्य गणमान्य अथितियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही विशुद्ध आयुर्वेद चिकित्साभ्यास आयुर्वेदाचार्यों का कलश, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन केशव शिवहरे ने किया। कार्यक्रम के समापन पर अनंत राम त्रिपाठी, एडवोकेट, सचिव आयुष ग्राम ट्रस्ट ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इसी क्रम में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्विद्यालय द्वारा आचार्य डॉ.मदन गोपाल वाजपेयी राष्टीय गुरु आर ए वी भारत सरकार, आयुष मंत्रालय को महर्षि चरक सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान तमाम सभ्रांत और महत्वपूर्ण लोग मौजूद रहे।

आयोजन | जीएसटी बचत उत्सव पर कलेक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# कर की दरों में कमी होने से मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। जीएसटी की दरों में कमी और बचत उत्सव के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, अधिवक्ताओं और व्यापारियों की संगोष्ठी हुई। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि सरकार के इस कदम से करों की दर में कमी होने से लोगों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में लोगों को इसका फायदा होगा। व्यापारियों से कहा कि निर्धारित दाम पर ही वस्तुओं को बेचा जाये। ग्राहक से किसी प्रकार की धोखाधड़ी न की जाये। सरकार की इस पहल का लाभ लोगों को देने में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। अपर आयुक्त झांसी जोन रामनारायण आनंद ने व्यापारियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 375 वस्तुओं एवं सेवाओं में करों की दरों में परिवर्तन किया है। 28 प्रतिशत जीएसटी वाली वस्तुओं को 18 प्रतिशत व 18 प्रतिशत एवं 12 प्रतिशत वाली अधिकतर वस्तुओं की जीएसटी पांच प्रतिशत कर दी गई है। कई वस्तुओं पर जीएसटी समाप्त कर दी गई है। इस मौके पर पंकज अग्रवाल, ओम केशरवानी, राजीव अग्रवाल, राहुल गुप्ता, गुलाब चंद्र गुप्ता, श्याम जी निगम, बृजेश त्रिपाठी, शानू गुप्ता, अरुण गुप्ता, धीरज नारायण द्विवेदी, नारायण सिंह, सुशील कुमार गुप्ता,मोहित जैन, गिरीश अग्रवाल, ओमप्रकाश साहू, महादेव, मोहित गुप्ता, छोटे लाल गुप्ता, रामेंद्र गौतम, मुकुल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, शिवनाथ त्रिपाठी, सौरभ अग्रवाल, प्रद्युम्न अग्रवाल, डीके सचान आदि रहे।

बचत उत्सव पर हुई संगोष्ठी में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व व्यापारी, अधिवक्ता और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### खर्च कम होगा, बढ़ेगी क्रय क्षमता

- उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत ने आशा जताई कि जीएसटी में कमी होने से प्रत्येक परिवार का खर्च कम होगा। क्रय क्षमता में वृद्धि होगी, राज्य में उत्पादन बढ़ेगा, जीडीपी में वृद्धि होगी। अन्य अधिकारियों और व्यापारियों ने भी विचार रखे।

पंकज ऑटो मोबाइल्स
हमारे यहाँ Ace, Magic Maximo, Bolero, Scorpio, Pick-up, Tata Megha, Super Ace का स्पेयर पार्ट मिलते है। Maruti, Hyundai, Honda, Renault, Skoda, Nissan, Toyota, Ford, Chevrolet इन सभी कम्पनियों की गाड़ी का Suspention & Disc Pad & Break Rotor एवं स्पेयर पार्ट मिलते है।
15-C, 2nd Floor, Gulati Motor Market Gadarian Purwa, Kanpur
Whatsapp No. 8874837218

नवरात्रि, धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
बम्पर धमाका लोन एवं एक्सचेंज मेला
डाउन पेमेंट 19999*/- मात्र या एक्सचेंज ऑफर 0* डाउन पेमेंट पर
लोन की बेहतरीन सुविधाएं
• Low Down Payment
• कम ब्याज दर पर फाइनेंस
• No Cost EMI का विकल्प उपलब्ध
आसान फाइनेंस सुविधा
1 चार्ज पर 130 से 200 किमी रेंज
बैटरी की गारण्टी 3 वर्ष व 5 वर्ष तक
पुराना ई-रिक्शा लाओ नया ई-रिक्शा ले जाओ, बेहतरीन वैल्यू के साथ
MAYURI के. आर. इण्टरप्राइजेज
Mob: 7398886766, 7398615366, 8318583760
बैटरियों पर फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है।
पता – विकास नगर कपसेठी प्रयागराज रोड, कर्वी, चित्रकूट

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **बीरेंद्र कुमार पुत्र परमेश्वरदीन निवासी पूरे रानी मजरे अतरेहटा, महराजगंज, जिला रायबरेली** का भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी नं. 275911191 मेरे पुत्र रोबिन त्यागी जो कि घरेलू नाम से है। सही नाम आर्यन त्यागी है। पालिसी में रोबिन त्यागी की जगह वास्तविक नाम आर्यन त्यागी दर्ज किया जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम DURGESH था से बदलकर DURGESH CHAUHAN रख लिया है। अब मुझे DURGESH CHAUHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-BHRIGUNATH ADD-VILL AND POST-DIGHAWANIYA MAJHAUWA DIST-AZAMGARH (276124 (U.P)

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम चन्द्रा अंकित है जो विवाह उपरांत सोनिया हुआ। चन्द्रा व सोनिया दोनों मेरे ही नाम है। मुझे चन्द्रा उर्फ सोनिया Chandra alias Soniya पत्नी नंदलाल मोदियानी नाम से जाना व पहचाना जाए। पता– 8 , शक्तिपुरम ,आशा राम बापू आश्रम रोड, मानसनगर, लखनऊ 226023

**सूचना**
मैंने अपना नाम फौजिया बानो मोहम्मद जाहिद से बदल कर फौजिया बानो पत्नी श्री अली अजहर खान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **फौजिया बानो पत्नी श्री अली अजहर खान 337 / 526 ए, पुताली वाली गली मंसूर नगर, सआदतगंज, लखनऊ**

**सूचना**
मैं अपने पुत्र अकरम को गलत चाल चलन के कारण अपने सभी संबंधों एवं चल अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूं।भविष्य में अकरम द्वारा किए गए किसी भी कार्यो से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **साबिरा पत्नी असगर, मोहल्ला पटेल नगर,थाना उतरौला, जिला बलरामपुर**

**सूचना**
मैंने अपना नाम SHAKILUR RAHMAN से बदलकर SHAKEELUR RAHMAN रख लिया है भविष्य में मुझे SHAKEELUR RAHMAN के नाम से जाना व पहचाना जाये । S/O AHMAD HUSAIN ADD - 164, ASHRAF TOLA NEAR MASJID MISRI HATA SANDILA HARDOI (UP) 241204

**सूचना**
मेरा एक किता मूल दस्तावेज बैनामा दिनांक 31.05.2022 बुक संख्या 1 जिल्द 12791 में पेज 181 से 196 क्रमांक 7827 जिसमे विक्रेता कमल कुमार क्रेता जया मंध्यन थी जो सब रजिस्टर कार्यालय गोण्डा में पंजीकृत हुआ था गोण्डा कचेहरी में कही खो गया है। **जया मंध्यन पत्नी प्रेम कुमार निवासी , राजा मोहल्ला शहर जिला गोण्डा।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा खाता इलाहाबाद बैंक विशुनपुर बैरिया में खाता संख्या –21855822614 था। जिसमें मेरा नाम मन्जू देवी पत्नी सीता राम ग्राम वसन्तपुर तिवारी पोस्ट विशुनपुर बैरिया लिखा था। मेरे पति के मृत्यु के बाद मेरी दूसरी शादी पर मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम संजू देवी पत्नी राम प्रीत ग्राम जमदरा पोस्ट बहलोलपुर जिला गोंडा अंकित हो गया है। जो सही है। मन्जू देवी व संजू देवी एक ही महिला का नाम है।

**सूचना**
हमने अपने बेटे दीपक सिंह की शादी 02.03.2025 को आँचल सिंह के साथ किया था। दीपक व उनकी पत्नी आये दिन वाद – विवाद करते रहते हैं। वह दोनों हमारे व हमारे परिजनों के कहने – सुनने में नहीं है। जिसके चलते हम व हमारे परिजन उनके उक्त कृत्यों से आजिज आ कर दीपक व आँचल को अपनी समस्त चल व अचल सपत्ति से बेदखल करते हैं। उसके लिए किये गये लेनदेन के प्रति किसी प्रकार के उत्तरदायी हम व हमारे परिजन नहीं होंगे। **ममता सिंह पत्नी विनोद प्रताप सिंह एवं विनोद प्रताप सिंह पुत्र ललन सिंह,निवासी – पूरे वैष्णव, नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, थाना – जेठवारा,जिला – प्रतापगढ़** (उ.प्र.)

**सूचना**
मैं **शहनाज बानो पत्नी अफजाल अहमद निवासी ग्राम सैफुल्लागंज थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर** ,मेरा पुत्र मो0 अहमद कक्षा–10 का छात्र है। पुत्र की कक्षा 9 व पूर्व के शैक्षिक प्रपत्रों में मेरा नाम (SHAHANAZ BANO) लिखा है, जो त्रुटिपूर्ण है, जबकि मेरा नाम (SHENNAZ BANO) लिखा है जो सही है, जिसे संशोधित करके (SHENNAZ BANO) मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में अंकित किया जाय तथा दोनो नाम मेरे ही है।

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट संख्या m 5337358 में मेरा नाम शाहीना बानो (shahina bano) दर्ज है। अब मैंने अपना नाम बदलकर शाहीन बानो ( shahin bano) रख लिया है। अब मुझे शाहीन बानो ( shahin bano ) के नाम से ही पहचाना जाए । **शाहीन बानो पत्नी मोहम्मद हासिम, निवासी ग्राम 27 आशायस थाना बेहटा मुजावर , पर 0व तहसील बांगरमऊ , जिला उन्नाव**

**सूचना**
मेरे पुत्र सतेंद्र कुमार के गलत सोहबत में पड जाने के कारण उसका चाल चलन खराब हो गया। वह परिवार में किसी की बात नही मानता इस कारण मैने उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।यदि कोई व्यक्ति लेनदेन, लिखा पढी व शादी विवाह करता है तो वह स्वंय ही जिम्मेदार होगा। मैं, मेरी पत्नी व पुत्रियों उसके किसी कार्य के लिए जिम्मेदार नही होगी। – **अशोक कुमार पुत्र राम सनेही निवासी नगला कढोरी थाना चौबिया जिला इटावा।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सूपुत्र नीरज कुमार जिसका आधार नं0–909320347213 है इनके आधार कार्ड मे त्रुटिवश इनकी जन्मतिथि 12/01/2000 अंकित हो गयी है जबकि इनकी वास्तविक जन्मतिथि 12/01/2001 है। भविष्य मे यह 12/01/2001 की जन्मतिथि से जाने पहचाने व पुकारे जायेगें। दिलीप कुमार 502/ I/8 डा0 अम्बेडकर नगर डालीगंज निरालानगर लखनऊ

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की अंग्रेजी स्पेलिंग RANJAN अंकित है, जबकि मेरा आधार कार्ड के अनुसार मेरा वास्तविक नाम RANJAN KATIYAR है। RANJAN और RANJAN KATIYAR दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। –**रंजन कटियार पुत्र योगेश चन्द्र कटियार निवासी हाउस नं0– 189, धन्सुआ पोस्ट सेंट्रल जेल, फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।**

भविष्य उनका है जो आज उसके लिए तैयारी करते हैं।
**-मैल्कम एक्स,** नागरिक अधिकारवादी

## न्यायपालिका में जवाबदेही

उच्चतम न्यायालय ने जो चिंता व्यक्त की है, वह हमारे न्यायिक तंत्र की एक गहरी विडंबना सामने लाती है। उच्च न्यायालयों के कुछ न्यायाधीश अपने काम को समय पर पूरा करने में असमर्थ हैं और निर्णय सुनाई के बाद लंबित रह जाते हैं। यह स्थिति न्याय की मूल भावना और जनता के विश्वास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। जब एक पीड़ित अथवा वादी वर्षों तक अपने मामले की सुनवाई का इंतजार करता है और अंततः सुनवाई पूरी होने के बाद भी फैसला टलता रहता है, तो न्याय का मूल उद्देश्य ही अधूरा रह जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर न केवल असंतोष जताया है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि न्यायाधीशों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन आवश्यक है, ताकि जिम्मेदारी और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित हों। न्यायपालिका लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है और इसकी विश्वसनीयता केवल निष्पक्षता से नहीं बल्कि समयबद्धता से भी तय होती है। यदि अदालतें सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रखकर वर्षों तक लंबित छोड़ दें, तो जनता का विश्वास टूटना स्वाभाविक है। समस्या केवल न्यायाधीशों की व्यक्तिगत क्षमता या इच्छा शक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि एक व्यापक व्यवस्थागत कमी है। काम का अत्यधिक बोझ, जटिल प्रक्रिया, अपर्याप्त संसाधन और तकनीकी ढांचे की कमी जैसी बातें भी इस समस्या को गहरा करती हैं।

न्यायपालिका में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का प्रश्न नया नहीं है। समय-समय पर न्यायिक सुधार की मांग होती रही है, लेकिन सुधार केवल संरचनात्मक नहीं, बल्कि मानसिकता स्तर पर भी जरूरी हैं। यह मान लेना कि एक बार न्यायाधीश बन जाने के बाद उसके कामकाज पर कोई प्रश्न नहीं उठाया जा सकता, लोकतांत्रिक मूल्य के विपरीत है। किसी भी जिम्मेदारीपूर्ण पद पर कार्यरत व्यक्ति के प्रदर्शन का आकलन स्वाभाविक प्रक्रिया होनी चाहिए। न्यायपालिका भी इससे अछूती नहीं रह सकती। यह मूल्यांकन न केवल दोष निकालने के लिए बल्कि सुधारात्मक कदमों और क्षमता निर्माण के लिए भी होना चाहिए। न्यायिक प्रशासन में तकनीक का अधिकाधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। ई-कोर्ट, डिजिटल फाइलिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम से न्यायिक कार्यवाही को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जा सकता है। निर्णय लिखने और सुरक्षित रखने की प्रक्रिया को भी तकनीक की मदद से सुव्यवस्थित किया जा सकता है, ताकि सुनवाई के बाद अनावश्यक विलंब न हो।

उच्चतम न्यायालय का हालिया रुख इस बात का संकेत है कि अब समय आ गया है, जब न्यायपालिका को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। केवल निर्णयों की गुणवत्ता ही नहीं, बल्कि उनकी समयबद्धता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। न्याय में देरी, न्याय से इंकार के समान है- यह सिद्धांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यदि न्यायपालिका स्वयं को जनता के प्रति जवाबदेह बनाती है, तो लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। अतः उच्चतम न्यायालय की इस चिंता को एक चेतावनी की तरह नहीं, बल्कि सुधार की दिशा में एक अवसर की तरह देखना चाहिए। यही कदम भविष्य में न्यायिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, भरोसेमंद और नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप बना सकेगा।

### प्रसंगवश

## भारतीय शोधार्थियों को प्रोत्साहन की जरूरत

पक्षियों के पंख अपने आप में संपूर्ण रूप में विकसित होते हैं, लेकिन हवा के बिना कोई भी पक्षी उड़ान नहीं भर सकता। यही स्थिति भारत में नवाचारी प्रयोगधर्मियों के साथ रही है। उनमें कल्पनाशील असीम क्षमताएं हैं, लेकिन कल्पनाओं को आकार देने के लिए प्रोत्साहन एवं वातावरण नहीं मिल पाता है, हालांकि 11 साल से सत्तारुढ़ नरेंद्र मोदी सरकार ने इस वातावरण के निर्माण में अकल्पनीय काम किया है, किंतु अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनर्गल फैसलों के चलते जरूरी हो गया है कि हम अपने उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मौलिक सोच को शोध की दिशा में प्रेरित करें, क्योंकि हाल ही में ट्रंप ने नासा और नेशनल साइंस फाउंडेशन जैसे शोध विकास संस्थानों के बजट में 50 प्रतिशत से ज्यादा की

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

कटौती कर दी है। दूसरी तरफ एच-1 बी वीजा के शुल्क में आवेदन के लिए एक लाख डॉलर, यानी करीब 86 लाख रुपये का अतिरिक्त भुगतान करने की शर्त लगा दी है। इस किस्म के वीजा के सबसे ज्यादा लाभार्थी वे दक्ष युवा भारतीय हैं, जो अमेरिका की आईटी कंपनियों में नौकरी करने के इच्छुक रहते हैं। ट्रंप भविष्य में ऐसे और कानूनी उपाय कर सकते हैं, जिससे युवा उद्यमियों को अवसर मिलने में कमी आए। ऐसी हालत में भारत को ऐसे कल्पनाशील शोधार्थियों को बढ़ावा देना जरूरी है, जिनमें नवाचारी प्रतिभा है।

नासा और नेशनल फाउंडेशन के बजट में भारी कटौती के बाद यूरोप ने 'चूज यूरोप फॉर साइंस' थीम पर मई-2025 में एक बैठक कर दुनिया के शोधार्थियों के लिए अपने संस्थानों के द्वार खोल दिए हैं। फ्रांस और भारत ने बजट बढ़ा दिया है। चीन पूर्व से ही स्कूल स्तर पर छात्रों की मौलिक सोच एवं आविष्कार की संभावनाओं की पहचान कर छात्रों को अनुसंधान की दिशा में उन्मुक्त करने लग गया है। भारत ने नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बनाकर एक लाख करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है, जिससे शोध की सोच को आविष्कार के रूप में साकार किया जा सके। अब छात्र वित्तीय स्वतंत्रता के साथ अपने शोध आगे बढ़ा सकेंगे।

वर्तमान और भविष्य के शोध एआई, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटर, अंतरिक्ष विज्ञान, गणित और स्टेम साइंस के अनुसंधानों से जुड़े होंगे। आज के समय में नासा और भारत सुपर कंप्यूटर और डिजिटल संचार के माध्यमों में पाणिनि के अष्टाध्यायी में उल्लेखित संस्कृत को इनकी भाषा बनाने के संयुक्त अनुसंधान में लगे हैं। संस्कृत की भाषाई सटीकता और तार्किकता के चलते इसे कृत्रिम बुद्धि और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकी में प्रयोग की संभावनाएं बढ़ रही हैं। संस्कृत की व्याकरण प्रणाली को तीन हजार से अधिक वर्ष पहले महर्षि पाणिनि ने संहिताबद्ध किया था। वैज्ञानिक इसे भाषाई विज्ञान का एक अद्वितीय नमूना मानते हैं। संस्कृत सुसंगत 'कंप्यूटर अनुकूल भाषा' है, इसलिए इसे एआई और रोबोटिक्स तकनीक के लिए उपयोगी भाषा माना जा रहा है।

एक समय रूस ने भारत को अंतरिक्ष मिसाइल प्रक्षेपण से जुड़े क्रायोजनिक इंजन की तकनीक देने से मना कर दिया था। तब एपीजे अब्दुल कलाम ने इसे अपनी बुद्धि और देशज संसाधनों से विकसित किया और आज हम अंतरिक्ष में प्रमुख वैश्विक शक्ति हैं। इसी तरह 1987 में अमेरिका ने हमें सुपर कंप्यूटर देने से मना कर दिया था, तब भौतिक शास्त्री विजय पांडुरंग भटकर ने इस स्थिति को एक चुनौती माना और भारत का पहला सुपर कंप्यूटर परम स्वयं की तकनीक से विकसित किया। अतएव ट्रंप के अवरोधों को हमें एक अवसर के रूप में देखने की जरूरत है।

## तीन पड़ोसी देशों में उथल-पुथल, कुछ कहता है ये पैटर्न!

राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले तीन साल में दक्षिण एशिया ने तीन बड़े राजनीतिक संकट देखे। 2022 में श्रीलंका, 2024 में बांग्लादेश और 2025 में नेपाल। तीनों जगह हालात इतने बिगड़े कि सत्ता पलट गई और शीर्ष नेता देश छोड़कर भागे। सवाल उठता है कि आखिर ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है? क्या यह महज संयोग है या फिर एक गहरा पैटर्न बन रहा है?

**नेपाल में जेन-जी विद्रोह:** हाल ही में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और एक्स जैसी 26 अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियों पर बैन लगा दिया। चीन के करीबी ऐप्स जैसे टिकटॉक को छूट मिली। यह फैसला सीधे चीन के प्रति झुकाव और अमेरिकी कंपनियों के विरोध का संकेत माना गया। नेपाल में पहले से ही बेरोजगारी ऊंची थी। 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक युवा बेरोजगारी दर लगभग 18% थी। इस माहौल में सोशल मीडिया बैन ने आग में घी का काम किया। आंदोलन सोशल मीडिया से शुरू होकर सड़कों पर उतर आया। अंततः ओली को इस्तीफा देकर हेलिकॉप्टर से भागना पड़ा।

**बांग्लादेश में छात्रों की 'जुलाई क्रांति':** 2024 में बांग्लादेश में हाईकोर्ट ने सरकारी नौकरियों में 30% कोटा लागू करने का आदेश दिया। यह फैसला युवाओं को भड़काने वाला साबित हुआ। आंदोलन स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के बैनर तले शुरू हुआ। बांग्लादेश में बेरोजगारी दर लगभग 12% है और हर साल लाखों नए ग्रेजुएट नौकरी की तलाश में निकलते हैं। कोटा फैसले ने उनकी उम्मीदें तोड़ीं। सरकार ने लाठीचार्ज और इंटरनेट शटडाउन किया, जिससे हालात और बिगड़े। जुलाई से अगस्त के बीच झड़पों में सैकड़ों लोग मारे गए। आखिरकार 5 अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर भारत में शरण लेनी पड़ी। सेना प्रमुख ने अंतरिम सरकार बनाई और मुहम्मद यूनुस को सलाहकार नियुक्त किया।

**श्रीलंका संकट और तख्तापलट:** 2022 में श्रीलंका का संकट सबसे गहरा था। देश पर 51 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज था। विदेशी मुद्रा भंडार खत्म हो गया और महंगाई 34% तक पहुंच गई। 63 लाख लोग खाने की कमी से जूझ रहे थे। 31 मार्च को राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के घर के बाहर आंदोलन शुरू हुआ। सरकार ने सोशल मीडिया बैन किया, लेकिन प्रदर्शन और फैल गए। जुलाई तक हजारों लोगों ने राष्ट्रपति भवन और पीएम आवास पर धावा बोला। राजपक्षे देश छोड़कर भागे और बाद में सिंगापुर से ई-मेल के जरिए इस्तीफा दिया। महीनों की खींचतान के बाद नई सरकार बनी।

यहां एक जैसा पैटर्न कैसे बन रहा? तीनों देशों की घटनाओं में एक स्पष्ट पैटर्न उभरता है। युवा वर्ग में नाराजगी थी और उन्होंने आंदोलन की शुरुआत की। संवाद की जगह दमन चुना गया, जिससे गुस्सा और बढ़ा। विदेशी दबाव और हस्तक्षेप रहा। अमेरिका-चीन जैसे देशों ने मौकों का फायदा उठाने की कोशिश की। तीनों देशों में नेताओं को पलायन करना पड़ा।

सवाल उठता है कि क्या इनके पीछे विदेशी ताकतें शामिल हैं? हर बार जब छोटे देशों में बड़ा आंदोलन होता है, तो सवाल उठता है, क्या इसमें बाहरी हाथ है? हां, बाहरी ताकतें मौके का फायदा उठाती हैं और आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय रंग देने की कोशिश करती हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना ने आरोप लगाया था कि अमेरिका उन पर दबाव डाल रहा था। नेपाल में भी कहा गया कि अमेरिका ने जेन-जी आंदोलन को सपोर्ट दिया। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार मानते हैं कि अमेरिका और चीन दोनों ही इस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। नेपाल के मामले में ओली की चीन से निकटता और अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियों पर बैन से यह साफ दिखा। हालांकि सच यह भी है कि जनता के भीतर असंतोष न हो, तो कोई भी विदेशी ताकत आंदोलन को हवा नहीं दे सकती।

भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और जनता की उम्मीदों को नजरअंदाज करना ही इसका असली कारण है।

भारत के पड़ोस में बार-बार हो रही राजनीतिक उथल-पुथल को हल्के में नहीं लिया जा सकता। अस्थिरता से न सिर्फ सुरक्षा बल्कि आर्थिक और कूटनीतिक रिश्तों पर भी असर पड़ता है। पाकिस्तान में सेना का नियंत्रण, अफगानिस्तान में तालिबान, म्यांमार में गृह युद्ध और अब नेपाल की स्थिति यह बताती है कि पूरा दक्षिण एशिया उथल-पुथल में है। भारत को चाहिए कि वह पड़ोसियों में लोकतंत्र और स्थिरता को मजबूत करने के प्रयास करे, क्योंकि अगर पड़ोस में आग लगी होगी, तो धुआं हमारे घर तक भी आएगा।

भारत इस संकट को चिंता के साथ देख रहा है। पड़ोस में ऐसे किसी भी संकट का स्वाभाविक ही भारत पर भी असर होता है। यह दो बड़े खतरे पैदा करते हैं। पहला, सुरक्षा से जुड़े संकट। शरणार्थी सीमा पार करके आ सकते हैं, चरमपंथी सुरक्षित जगह ढूंढ सकते हैं और अशांत लोग सीमावर्ती राज्यों में अव्यवस्था फैला सकते हैं। दूसरा खतरा है- आर्थिक दबाव। समृद्ध देश अकसर समूह में विकास करते हैं। युद्ध के बाद का यूरोप, नॉर्डिक देश या आसियान इसका उदाहरण हैं। कारण, पड़ोस में स्थिरता से स्थिर सीमाएं बनती हैं, जिससे सरकारें व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास पर ध्यान दे पाती हैं, जबकि अशांति से भरा पड़ोस हमेशा एक बाधा साबित होता है। भारत को यह बात हाल के कड़वे अनुभवों से समझ में आ भी रही है। भारत फिलहाल तो स्थिति पर नजर रखे हुए है। अमेरिका के उलट, भारत अपने पड़ोसियों की घरेलू राजनीति में दखल नहीं देता, लेकिन यह उसकी उदासीनता नहीं है। जब भी जरूरत पड़ी है, भारत ने पड़ोसियों की मदद की है। हमने पूर्वी पाकिस्तान को आजादी दिलाने के लिए सैन्य हस्तक्षेप किया। नेपाल में संविधान परिवर्तन के दौरान हमने सुझाव दिए।

पड़ोस की उथल-पुथल भारत के लिए चेतावनी भी है और अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अस्थिरता का धुंआ हमारी ओर भी आएगा और अवसर इसलिए कि भारत नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकता है।

### आमने सामने

मेरी कभी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं रही। न मुझे राज्यसभा की सीट चाहिए, न विधानसभा का टिकट। मेरा अपने किसी भी परिवारजन से कोई विरोध नहीं है। मेरे खिलाफ ट्रोल्स, पेड मीडिया और पार्टी पर कब्जा जमाने की नीयत रखने वाले लोग अफवाह फैला रहे हैं।
**-रोहिणी आचार्य**
लालू यादव की बेटी

पहले दोनों बेटों में झगड़ा था। लालू जी ने अपने बड़े बेटे को परिवार और पार्टी से निकाल दिया। अब बेटे और बेटी में भी झगड़ा है। लालू जी को खुद इसे सुलझाना चाहिए, लेकिन यह सच है कि भाई-बहन के बीच झगड़ा शुरू हो गया है। मुझे लगता है कि राजद के अंदर कुछ चल रहा है।
**-शाहनवाज हुसैन**
राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा

## जीएसटी: बदलेंगे आर्थिक व सामाजिक हालात

कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

जीएसटी के दो स्लैब से कारोबार में वृद्धि होने की पूरी संभावना है। वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामानों सहित चार सौ उत्पादों में कटौती से नवरात्रि में खरीद-फरोख्त से लोगों को राहत मिलेगी। एक राष्ट्र एक कर प्रणाली से देश में आर्थिक सुधार और देश की अर्थव्यवस्था में भारी तरक्की हुई है। भारत को कमतर समझने वाले अमेरिका ने देश के आर्थिक स्वावलंबन को कमजोर करने की ठान रखी है। अमेरिका की दोगली नीति का आभास होते ही, प्रधानमंत्री मोदी ने मेड इन इंडिया पर जोर देना आरंभ कर दिया है। जीएसटी रिफार्म भी इसी मामले में अच्छा कदम है। रिफार्म को बचत उत्सव बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि व्यापारी वर्ग जीएसटी के सुधारात्मक दृष्टिकोण से प्रसन्न है। उन्होंने नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों के लागू होने की जानकारी देते हुए कहा कि हर नागरिक देवो भवः के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने मिडिल क्लास समूह के लिए बड़ी भूमिका निभाने और 12 लाख की कर प्रणाली से मुक्त करने की बात कहते हुए कहा कि मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत दी गई है। कारोबार और निवेश में सुधार होगा। उन्होंने अन्य टैक्स को भी सरल बनाने का भरोसा दिलाया।

दरअसल, जीएसटी सुधार से घरेलू सामान, रोजमर्रा के सामान, हेल्थ आइटम, निर्माण सामग्री, रसोई समान और शिक्षा सामग्री जैसी चीजें सस्ती की गई हैं। मोदी ने देश की खातिर मेड इन इंडिया को समृद्ध बनाकर लोगों को अपने मन में स्वदेशी की ललक पैदा करने का आह्वान किया। अहम यह है कि अमेरिका के टैरिफ के आगे देश मजबूती से खड़ा है, इसके लिए सभी लोगों को सामूहिक तौर से देश में बने सामान को अपनाना होगा। अगर, इस बार हम अमेरिका के सामने परास्त हुए, तो वो कदम-कदम पर भारत को दबाता रहेगा, इसलिए मेड इन इंडिया देश का नारा है। जीएसटी में कमी के साथ ही सरकार की पूरी निगरानी रहेगी कि जनता को इसका लाभ मिल रहा है या नहीं मिल रहा है? अगर, जीएसटी के रिफॉर्म के बाद भी दाम कम नहीं होते हैं, तो उस पर दंडात्मक कार्यवाई का प्रावधान भी होगा।

छोटे और बड़े व्यापार की विसंगतियों को सरकार ने खत्म कर दिया है। उनकी उलझनें समाप्त हो गई हैं। साथ ही विपक्ष का सत्तारूढ़ को घेरने का महंगाई का मुद्दा भी खत्म होता दिखाई दे रहा है। इससे देश में राजनीतिक माहौल बेहतर होगा। आने वाले दिनों में कई त्योहार पड़ रहे हैं, साथ ही शादियों का भी सीजन आ रहा है। जीएसटी कम होने से निश्चित तौर पर लोगों की बचत बढ़ेगी और खरीदने की क्षमता में भी इजाफा भी होगा। इससे सामाजिक खुशहाली भी आएगी। खर्च करने की क्षमता बढ़ने से कारोबार भी गति पकड़ेगा।

भारत में जीएसटी रिफॉर्म के बाद अमेरिका ने भारत को परेशान करने के लिए एच1बी वीजा में बदलाव कर दिया है। अमेरिका का यह फैसला भारतीय पेशेवरों की मुश्किलें बढ़ाने वाला है। ऐसे में अगर भारत आर्थिक गति पाता है तो पेशेवरों के लिए अपने ही देश में न सिर्फ रोजगार करना सरल होगा, बल्कि नई नौकरियां भी पैदा होंगी। अगर अमरीका फीस वृद्धि पर कायम रहता है तो कंपनियों के पास दूसरे विकल्प भी खूब हैं। वे भारत में अपना कारोबार करने के लिए भी तैयारियां कर सकती हैं, क्योंकि देश में हुनर कम नहीं है। मोदी ने जीएसटी रिफॉर्म से सरलीकरण का मौका दिया है। इसके साथ ही मेड इन इंडिया के सुनहरे भविष्य के लिए युवाओं के सामने भी मौका है।

इस रिफॉर्म से देश के अन्नदाता किसानों को भी फायदा होगा। किसानों के लिए कई चीजें सस्ती हुई हैं। ट्रैक्टर पर 12 फीसद जीएसटी लगती थी। नए स्लैब में 5 फीसदी कर दी गई है, जिससे किसानों को बड़ी राहत होगी। वानिकी-बागवानी मशीन, हार्वेस्टिंग और थ्रेसिंग मशीन और खाद बनाने की मशीनें भी सस्ती हुई हैं। निश्चित तौर पर इससे किसानों को बड़ी राहत मिली है। इससे उनकी बचत होगी और आगे चलकर आय में भी वृद्धि होगी।

चार सौ उत्पादों में जीएसटी कटौती से नवरात्रि में लोगों को भारी राहत मिलेगी। इससे सामाजिक खुशी के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था में गति भी आएगी।

### सोशल फोरम

## बैल और विचारक की कथा

एक बहुत बड़ा विचारक था। एक दिन वह सुबह-सुबह अपने गांव के तेली के घर तेल खरीदने गया। उसने देखा कि उसके पीछे ही तेली का कोल्हू चल रहा था। बैल की आंखों पर पट्टियां बंधी थीं और वह बैल कोल्हू को चला रहा था। कोई चलाने वाला नहीं था। उसने उस तेली से पूछा, "कोई चला नहीं रहा है, फिर भी ये बैल चल रहा है, बात क्या है?" उस तेली ने बड़े मतलब की बात कह दी।

जय धयाल
ब्लॉगर

उसने कहा, "देखते नहीं हैं, उसकी आंखें हमने बंद कर रखी हैं। जब आंख बंद होती है तो बैल को पता ही नहीं चलता कि कोई चला रहा है कि नहीं चला रहा है। आंख खुली हो तो बैल पता लगा लेगा कि कोई नहीं चला रहा है, तो वह खड़ा हो जाएगा।"

उस विचारक ने पूछा, "लेकिन अगर बैल खड़ा हो जाए, तो तुम्हें कैसे पता चलेगा? तुम तो पीठ किए बैठे हुए हो।" तेली ने जवाब दिया, "उसके गले में हमने घंटी बांध रखी है। चलता है तो घंटी बजती रहती है, जैसे ही घंटी रुकती है हम फिर उसे चला देते हैं। उसे कभी यह ख्याल ही नहीं आ पाता कि बीच में चलाने वाला गैर-मौजूद था।" उस विचारक ने फिर पूछा, "लेकिन यह भी तो हो सकता है कि बैल खड़ा हो जाए और सिर हिलाता रहे, घंटी बजती रहे।"

इस पर तेली ने जवाब दिया, "हाथ जोड़ते हैं आपके, कृपा करके यहां से चले जाइए, कहीं बैल ने आपकी बात सुन ली, बड़ी मुश्किल हो जाएगी। बैल बिचारा सीधा काम कर रहा है, इस तरह की बात सुन लेगा तो सब गड़बड़ हो जाएगी।"

दुनिया में कोई मालिक नहीं चाहता है कि विचार मनुष्य तक पहुंच जाए और मनुष्य, जो जोता हुआ है, बहुत से कोल्हुओं में उससे काम करवाया जा रहा है और उसके गले में घंटियां बांध दी गई हैं, जो बज रही हैं और आदमी है कि आंख बंद किए चला जा रहा है। आंख किस बात से बंद है? आंख विश्वास से बंद है। विलीव, आदमी की आंख पर विलीव की पट्टियां हैं, विश्वास की पट्टियां हैं। तभी तो एक ही पट्टी एक आदमी को मुसलमान बना देती है, दूसरे को हिंदू, तीसरे को जैन, चौथे को ईसाई बना देती है। अन्यथा आदमी-आदमी में कोई और फर्क है सिवाय विश्वासों के?

एक आदमी और दूसरे आदमी में कोई भेद है, कोई दीवार है, कोई खाई है उन दोनों के बीच? उनके प्रेम को रोकने वाली कोई दीवार है? सिर्फ विश्वास के अतिरिक्त और कोई दीवार नहीं है। मैं मुसलमान हो जाता हूं, आप हिंदू हो जाते हैं। अगर कभी कोई ख्याल दिलाने आ जाए तो कोल्हू का मालिक कहता है- आपके हाथ जोड़ते हैं, आप यहां से जाइए। **-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## पटरी पर आ रही है यूपी की अर्थव्यवस्था

उत्तर प्रदेश में नवंबर में एक बार फिर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। सरकार का दावा है कि इस बार 5 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य है। यह आयोजन पिछले आठ वर्षों में राज्य सरकार के निवेश आकर्षण अभियान का अगला चरण है। अहम सवाल यह है कि अब तक हुई चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ने कितना असर दिखाया, कितने रोजगार बने और क्या निवेश के बड़े-बड़े दावे जमीन पर हकीकत बन पाए?

2017 से पहले उत्तर प्रदेश निवेश के नक्शे पर पिछड़ा राज्य माना जाता था। बिजली की किल्लत, खराब सड़कें, औद्योगिक परिवहन की कमी, भूमि अधिग्रहण की दिक्कतें और कानून-व्यवस्था की समस्याएं

धीरेंद्र सिंह
लखनऊ

निवेशकों को यहां से दूर रखती थीं। 2012 से 2017 के बीच औसतन 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए और उनमें से भी अधिकांश ठोस परियोजनाओं में नहीं बदल पाए। निवेशक उत्तर प्रदेश के बजाय गुजरात, महाराष्ट्र या दक्षिणी राज्यों को तरजीह देते थे।

योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद तस्वीर बदली है। सात एक्सप्रेसवे बनकर तैयार हुए हैं और 6 निर्माणाधीन हैं। एयरपोर्ट की संख्या चार से बढ़कर 16 हो गई और नोएडा में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। बिजली आपूर्ति जिलों और गांवों तक नियमित हुई और कानून-व्यवस्था में सुधार ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। यही वजह है कि 2018 से राज्य सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को निवेश आकर्षण का प्रतीक बना दिया है।

पहली सेरेमनी 2018 में हुई, जिसमें 61 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनमें लगभग 35 प्रतिशत प्रोजेक्ट शुरू हो पाए। दूसरी सेरेमनी 2019 में हुई और उसमें 67 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से केवल 25 से 30 प्रतिशत ही धरातल पर उतर सके। तीसरी सेरेमनी 2022 में हुई, जिसमें 80 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास हुआ। चौथी सेरेमनी 2023 में हुई, जिसमें एक लाख 90 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव रखे गए। सरकार का दावा है कि इनमें से 70 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है, हालांकि स्वतंत्र मूल्यांकन बताता है कि कई प्रोजेक्ट अभी भी प्रक्रियात्मक अड़चनों में अटके हुए हैं।

सरकार का दावा है कि 2017 से अब तक 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियां और स्थानीय स्तर पर अनुमति जैसी प्रक्रियाएं अभी भी निवेश की गति धीमी करती हैं। बड़ी परियोजनाओं के लिए एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट जैसे बुनियादी ढांचे ने सहारा दिया है, लेकिन पावर सप्लाई और लॉजिस्टिक्स की चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं।

निवेश का असली मकसद रोजगार है। सरकार का कहना है कि अब तक हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से छह लाख से अधिक रोजगार पैदा हुए, लेकिन इनमें से कई रोजगार अस्थायी या अनुबंध आधारित हैं। ग्रामीण युवाओं और परंपरागत उद्योगों से जुड़े श्रमिकों तक इसका असर सीमित रहा है। सीएमआईई के आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत के बराबर है। यानी निवेश का व्यापक असर रोजगार पर उतना नहीं पड़ा, जितना दावा किया जा रहा। इस बार जब पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 555 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है तो असली चुनौती यही होगी कि निवेश को ठोस परियोजनाओं और स्थायी रोजगार में बदला जाए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कुंभलगढ़ किला

## वास्तुकला, वीरता और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम

### यूनेस्को ने घोषित कर रखा है विश्व धरोहर

यह किला यूनेस्को विश्व धरोहर की सूची में शामिल है। 2013 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल चुना गया था। अपनी कई सारी खूबियों और शानदान इतिहास की वजह से ही इसे विश्व धरोहरों की सूची में स्थान मिला। शाम के पर्यटक लाइट एंड साउंड शो का लुत्फ उठाते हैं।

राजस्थान समृद्ध इतिहास और संस्कृति के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। यहां की ऐतिहासिक धरोहरों को देखने के लिए भारत ही नहीं दुनियाभर से पर्यटक आते हैं। यह राज्य अपने खानपान और कल्चर के लिए प्रसिद्ध है। यहां के राजसमंद जिले में बसा कुंभलगढ़ किला सिर्फ एक किला नहीं, बल्कि वास्तुकला, वीरता और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है। यह किला एक बेहद खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। यह किला राजस्थान प्रांत के गौरव, अदम्य साहस और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। यहां का वैभव देखते ही बनता है। यहां आने वाले पर्यटक अपने साथ यहां की यादें और कहानियां व इतिहास का एक टुकड़ा लेकर लौटते हैं। हर साल यहां ढाई से तीन लाख सैलानी घूमने आते हैं। कुंभलगढ़ किला इतिहास के पन्नों में राणा कुंभा की आन-बान-शान का प्रतीक है। कुंभलगढ़ की सर्दियों और उत्सवों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। किले के चारों ओर 36 किमी लंबी दीवार है, जिसे ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया कहा जाता है।

### अभेद्य किले के रूप में पहचान

- इस किले की गिनती देश के सबसे अभेद्य किलों में होती है। इसे मेवाड़ किले के नाम से भी जाना-पहचाना जाता है। यह ऐतिहासिक किला महाराणा प्रताप का जन्मस्थान भी है। दुश्मन इसे कभी जीत न सके इसलिए इसके निर्माण के समय सुरक्षा के हर पहलू पर ध्यान रखा गया। इसके सात द्वार, 13 पर्वत चोटियां, वॉच टावर सदैव आक्रमणकारियों के लिए चुनौती रहे हैं।

### सर्दियों में होती ज्यादा भीड़

- अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर में विदेशी पर्यटकों की ज्यादा भीड़ होती है। किले में आयोजित होने वाले मेले, उत्सव और सर्दी के मौसम में जंगल सफारी में जानवरों की मस्ती देखने का मजा ही अलग होता है। यह किला पर्यटकों की शेरगाह का प्रमुख स्थान है। किला मेवाड़ की आन-बान-शान का प्रतीक है। 15 वीं शताब्दी में मेवाड़ शासक महाराणा कुंभा ने इसका निर्माण कराया था। किले के चारों ओर करीब 36 किलोमीटर लंबी दीवार है। इसे 'ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया' भी कहते हैं। इस दीवार की विशालता चीन की ग्रेट वॉल के बाद दुनिया में दूसरा स्थान रखती है। किले से दिखने वाला हरा-भरा अरावली का विस्तार और जंगल सफारी लोगों में रोमांच भर देती है। यही वजह है कि यह किला लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह किला जितना शानदार है, उतना ही शानदार इसका इतिहास उत्कृष्ट है।

### किले में सात दरवाजे हैं

- इस किले में प्रवेश के लिए सात गढ़वाले प्रवेश द्वार हैं। इनके नाम अरेट पोल, हनुमान पोल, राम पोल, विजय पोल, निंबू पोल, पाघरा पोल और टॉप खाना पोल है। किले में ही बादल महल भी है, जोकि किले के सबसे ऊंचाई वाले स्थान पर स्थित है। महल के आसपास बादलों का मनोहारी दृश्य दिखता है। इस वजह से इसे बादल महल भी कहते हैं। किला परिसर में 360 से अधिक मंदिर स्थापित हैं, जिनमें से 300 जैन मंदिर हैं और बाकी हिंदू हैं। इन मंदिरों में शिव मंदिर, वेदी मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर मम्मदेव मंदिर, लक्ष्मी नारायण भगवान का मंदिर प्रसिद्ध है। किले की वास्तुकला, ऊंची पहाड़ियां, हरियाली, घना जंगल यहां आने वाले पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। पर्यटक यहां किले के साथ ही यहां के हस्तशिल्प, पारंपरिक भोजन, लोककला और आदिवासी संस्कृति के भी कायल हैं। यही वजह है कि कुंभलगढ़ सिर्फ किले तक सीमित न रहकर सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में भी विश्व मानचित्र पर उभर चुका है।

डॉ. विकास शुक्ला
वरिष्ठ न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन

# नौ देवी और आज की नारी

नवरात्रि के दौरान पूजी जाने वाली नौ देवी आज की नारी के विभिन्न रूपों और गुणों का प्रतीक हैं। ये नौ देवी हैं – शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री

### नौ देवी और नारी के रूप

- **शैलपुत्री :** नारी के बचपन का प्रतीक।
- **ब्रह्मचारिणी :** नारी की तपस्या और संयम का रूप।
- **चंद्रघंटा :** नारी की सुंदरता और सुरक्षा का संदेश।
- **कूष्मांडा :** नारी की सृष्टि रचना में भूमिका।
- **स्कंदमाता :** नारी का मातृत्व का रूप।
- **कात्यायनी :** नारी की शक्ति और अन्याय के खिलाफ आवाज।
- **कालरात्रि :** नारी की शक्ति जो अन्याय का विरोध करती है।
- **महागौरी :** नारी की शांति और सौम्यता का प्रतीक।
- **सिद्धिदात्री :** नारी की सिद्धियों और आंतरिक शक्ति का प्रतीक।

### आज की महिलाएं देवी रूप भी हैं

- आज की महिलाएं भी देवी के विभिन्न रूपों की तरह हैं। वे अपने जीवन में शक्ति, साहस, ममता और बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करती हैं। चाहे वह घर हो, कार्यस्थल हो या समाज, महिलाएं अपनी भूमिका को निभाते हुए देवी के गुणों को दर्शाती हैं।
- **शक्ति और साहस :** महिलाएं अपने जीवन में चुनौतियों का सामना करती हैं और उन्हें पार करती हैं।
- **ममता और करुणा :** महिलाएं अपने परिवार और समाज के प्रति ममता और करुणा दिखाती हैं।
- **बुद्धिमत्ता और नेतृत्व :** महिलाएं अपने निर्णयों और कार्यों में बुद्धिमत्ता और नेतृत्व का प्रदर्शन करती हैं।

### देवी और नारी - एक समान

- देवी और नारी में समानता है, दोनों ही शक्ति, करुणा और सामर्थ्य का प्रतीक हैं। जैसे देवी अपने भक्तों की रक्षा करती हैं, वैसे ही महिलाएं अपने परिवार और समाज की रक्षा करती हैं। देवी और नारी दोनों ही अपने गुणों से समाज को समृद्ध बनाती हैं। बस हर महिला में हम देवी को और देवी में अपने परिवार को देखना शुरू करें ,तब ही महिला सशक्तिकरण के सही अर्थ को साकार कर पाएंगे।

लेखिका : डॉ. निशा शर्मा

# लोकरंग की बहुआयामी सौगात : गवरी

अरावली की घाटियों में बसे राजस्थान के 'भील' वनवासियों का अतीत अत्यंत गौरवशाली रहा है। एकलव्य की संतान माने जाने वाले ये भील महाराणा प्रताप की गोरिल्ला फौज के बहादुर सैनिक थे। मेवाड़ राजवंश के राज-चिन्ह में भील को 'भीलू राणा' के रूप में तीर-कमान लिए रक्षक के रूप में दिखाया गया है। अपने अंगूठे के रक्त से नए महाराजाओं के राजतिलक का विशेषाधिकार तक मिला हुआ था इन्हें। राजस्थान के इन्हीं भीलों का परंपरागत लोकनाट्य है - 'गवरी'। गवरी को लोकमानस में 'राई' के नाम से भी जाना-पहचाना जाता है। शिव और भस्मासुर की कहानी गवरी की मूल कथा मानी जाती है। गवरी में जो दृश्य अभिनित किए जाते हैं वे खेल, भाव अथवा सांग के नाम से पुकारे जाते हैं। गवरी के मूल में नृत्य की प्रधानता रही है, जो आज भी देखी जा सकती है। प्रत्येक भील परिवार का सदस्य इसमें भाग लेना अपना नैतिक व धार्मिक कर्तव्य समझता है। फलतः गवरी में कलाकारों की संख्या चालीस-पचास से लगाकर सौ से भी ज्यादा तक हो जाती है।

मुहूर्त के अनुसार प्रायः रक्षाबंधन के बाद आने वाली ठंडी राखी के दिन से ही गवरी प्रारंभ हो जाती है जो लगभग 40 दिनों तक अनवरत चलती है। प्रत्येक भीली गांव में इस समय गवरी नाचना अनिवार्य-सा है। जिस गांव में गवरी नहीं ली जाती वहां वर्षा कम ज्यादा होने, अकाल पड़ने, भयंकर भूकंप आने, आग लग जाने, चोरी-डाका पड़ने एवं हरी-भरी खेती नष्ट हो जाने की आशंका रहती है। ऐसी भील समुदाय की मान्यता है। भारत में कहीं भी ऐसा लोकनाट्य नहीं मिलेगा, जो इतनी लंबी अवधी तक पात्रों के इतने बड़े समूह के साथ विविध गांवों में इतने सुव्यवस्थित ढंग से सूर्योदय से सूर्यास्त तक प्रदर्शित किया जाता है।

इस नृत्य नाटिका में प्रमुख नायक बूड़िया है, जिसे शिव का प्रतिक माना जाता है। इसके बदन पर भगवा साफा बंधा होता है। कमर में बड़े-बड़े घुंघरू बंधे रहते हैं। बूड़िया अपने मुंह पर भयानक मुखौटा बांधे रहता है। इसके हाथ में लकड़ी की बनी तलवार होती है। यह प्रत्येक स्वांग के पहले और अंत में दूसरे कलाकारों के विपरीत दिशा में नृत्य करता है। बूड़िये के साथ दो 'रायां' होती है, जिनमें अलौकिक शक्तियों का प्रवेश रहता है। वे मुंह को इस प्रकार बांधे रहती है कि केवल आंखें ही दिखाई पड़ती हैं। दो भोपे होते हैं, जिनके गले में देवताओं के प्रतीक चिन्ह बंधे रहते हैं। ये हाथ में मोर-पंख, लोह-जंजीर आदि रखकर देवताओं से नृत्य परिसर में उपस्थित रहने के लिए प्रार्थना करते हैं।

गांव का कोई मैदान, चौराया अथवा खुला आंगन ही गवरी का रंगमंच होता है। जहां-जहां गवरी वाले गांव की बहिन-बेटियां ब्याही हुई होती हैं, वहां-वहां इसके प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं। गवरी में चार प्रकार के पात्र होते हैं, जिनमें देवपात्र, मानव पात्र, दानव पात्र एवं पशु पात्र होते हैं। देवपात्र सभी प्रकार के विकारों से रहित आदर्श के प्रतीक एवं कालजयी होते हैं। कालका, शिव- पार्वती देव पात्र के रूप में उपस्थित होते हैं। गवरी में मानव पात्रों की बहुलता होती है, जिनमें कंजर, नट, भोपा, संकरिया, बूड़िया, खेतूड़ी, देवर, भोजाई, बादशाह, बणियां, कानुगुजरी, कृष्ण आदि होते हैं। डाकण, भंवरा, हठिया, भियांवड़ तथा खड़ल्या भूत गवरी के दानव-पात्र हैं, इनका रूप भयानक होता है। सूअर, रीछ तथा शेर पशु पात्र होते हैं। गवरी में कभी पुरुष पात्र अपना शौर्य दिखाते हैं तो कभी अशुद्ध एवं असत् वृत्तियों के दानव पात्र सृष्टि को अपने मनोनुकूल संचालित करने का प्रयत्न करने हैं एवं सृष्टि पर कब्जा करना चाहते हैं। गवरी में ये पात्र धाड़-फाड़ करते हुए दिखाई देते हैं, लेकिन अंत में कालचक्र ऐसा आता है कि सभी नष्ट हो जाते हैं और देवसत्ता स्थापित हो जाती है।

गवरी धारण के पीछे मात्र मनोरंजन का उद्देश्य ही नहीं रहा और न ही आजीविका उपार्जन की भावना ही दृष्टिगोचर होती है। इसका मुख्य उद्देश्य भीलों द्वारा अपने धार्मिक कर्तव्य की संपूर्ति तथा बाबा शिव को रिझाकर गांव की खुशहाली, जाति की सुरक्षा एवम् रोग-शोक, दुःख-दारिद्र तथा दुर्भिक्ष से छुटकारा पाने का रहा है। गवरी में नृत्य की भी प्रधानता पाई जाती है। पात्रों में होने वाले संवाद बड़े नाटकीय एवं मनोरंजक होते हैं। नृत्य के अलावा इसका गीत पक्ष भी बड़ा प्रबल होता है। कलाकारों की पोशाकें बड़ी कलात्मक सज्जा लिए पात्रों की भूमिका के अनुरूप होती है। इन्हें धारण कर पात्र अपने को साधारण व्यक्ति से अलग अनुभव करता है और सफलता के साथ अपनी भूमिका का निर्वाह करता है। गवरी में स्त्रियों की भूमिका भी पुरुष ही अदा करते हैं। यह सच है कि लोककलाएं प्रदर्शन के बिना जिंदा नहीं रह सकती और प्रदर्शन से उनकी कलाएं संवरती-निखरती हैं, लेकिन इन कलाओं को सीख-समझकर उन्हें सरंक्षण देने वालों को सरंक्षण कहा है? हमें स्वयं व आने वाली पीढ़ी को लोक कलाओं से जोड़कर हर संभव हमारी महान विरासत को संरक्षित करना होगा। सरकारी स्तर पर भी इस दिशा में व्यापक प्रयास होने चाहिए।

राजकुमार जैन राजन

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,102.10 | 25,169.50 |
| गिरावट | 57.87 | 32.85 |
| प्रतिशत में | 0.07 | 0.13 |

सोना : 1,18,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,39,600 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 24 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### 15 शहरों के लिए 20 उड़ानों का परिचालन करेगी एआई एक्सप्रेस

**मुंबई।** एयर इंडिया समूह ने मंगलवार को कहा कि वह नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपनी किफायती विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करेगा। पहले चरण में 15 से अधिक शहरों के लिए प्रतिदिन 20 उड़ानों का परिचालन किया जाएगा। एयर इंडिया ने बयान में कहा कि 2026 के मध्य तक इसे बढ़ाकर 55 किया जाएगा, जिसमें पांच अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल होंगी। अदाणी समूह और महाराष्ट्र के नगर विकास प्राधिकरण सिडको के संयुक्त स्वामित्व वाले नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) का इस महीने के अंत में संचालन शुरू हो सकता है।

### आयात में कटौती और निर्यात में वृद्धि राष्ट्रवाद का सबसे बड़ा रूप

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि आयात कम करना और निर्यात बढ़ाना राष्ट्रवाद का सबसे महत्वपूर्ण रूप है। गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान और अनुसंधान में आगे बढ़ने वाला देश 'विश्वगुरु' के रूप में उभरेगा। उन्होंने शिक्षा और नवाचार को राष्ट्रीय विकास के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सबसे जरूरी चीज है ज्ञान। दुनिया में जो भी देश प्रगति करता है, वह वैसा ज्ञान और अनुसंधान के बल पर ही करता है। रक्षा, कृषि और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी अनुसंधान जारी है।

### जीएसटी कटौती, केंद्र की ई-कॉमर्स मंचों पर नजर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ई-कॉमर्स मंचों पर उपलब्ध कराए जाने को लेकर सतर्क है और इस पर लगातार नजर बनाए है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कुछ ई-कॉमर्स मंच पर बेची जा रही रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में उचित कटौती न होने की शिकायतों के बीच सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारी कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं।

# रुपये में रिकॉर्ड गिरावट, सोना-चांदी शिखर पर

## रुपया 48 पैसे टूटकर 88.76 प्रति डॉलर पर, सोने की कीमतें 2,700 रुपये बढ़कर 1,18,900 प्रति 10 ग्राम

नई दिल्ली, एजेंसी

सुरक्षित निवेश के लिए वैश्विक मांग बढ़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,700 रुपये बढ़कर 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। रुपये में मंगलवार को गिरावट जारी रही और दोपहर के कारोबार में यह 48 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 88.76 पर आ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,18,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में भारी गिरावट ने कीमती धातु की कीमतों में तेजी को और बढ़ा दिया। चांदी की कीमतें भी मंगलवार को 3,220 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। पिछले सत्र में यह 1,36,380 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में भारी बढ़ोतरी के कारण विदेशी कोषों की निरंतर निकासी के बीच मंगलवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 48 पैसे की गिरावट के साथ 88.75 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे भारतीय आईटी सेवा निर्यात को बड़ा झटका लगने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,791.10 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। हाजिर चांदी 0.57 प्रतिशत बढ़कर 44.32 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

### एच-1बी वीजा शुल्क से भारतीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा

**मुंबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि से मंगलवार को बाजार में उथल-पुथल मचने के बीच भारतीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.41 पर खुला। बाद में फिसलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.76 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 48 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को 12 पैसे की गिरावट के साथ 88.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.38 पर आ गया। अंतर्राष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66.23 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

### डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से निर्यातकों को राहत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये के रिकॉर्ड 88.75 के स्तर से नीचे गिरने से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय उत्पादों की मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी, लेकिन निर्यातकों ने आगाह किया है कि यह उतार-चढ़ाव आयात के मोर्चे पर कई चुनौतियां पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि रत्न एवं आभूषण, पेट्रोलियम और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे आयात-निर्भर क्षेत्रों को लागत में वृद्धि के कारण कम लाभ मिल सकता है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, रुपये में गिरावट से अल्पावधि में निर्यातकों को निश्चित रूप से मदद मिलेगी। लेकिन हमें डॉलर के मुकाबले मूल्य में स्थिरता की आवश्यकता है। इसी तरह के विचार साझा करते हुए, मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक चेयरमैन एस के सर्राफ ने कहा कि इससे देश के निर्यात को फायदा होगा क्योंकि अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने के समय घरेलू सामान कम प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। उन्होंने कहा, हमारी मुश्किलें कुछ हद तक कम हो जाएंगी। मुझे उम्मीद है कि अगले 4-5 महीनों में रुपया 100 प्रति डॉलर तक पहुंच जाएगा। मुझे लगता है कि 100 नया सामान्य होगा। एक अन्य व्यापारी ने कहा कि इस घटनाक्रम से कच्चे तेल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान, विदेशी शिक्षा और विदेश यात्रा तक का आयात महंगा हो जाएगा। रुपये के अवमूल्यन का प्राथमिक और तत्काल प्रभाव आयातकों पर पड़ता है, जिन्हें समान मात्रा और कीमत के लिए अधिक भुगतान करना होगा। हालांकि, यह निर्यातकों के लिए एक वरदान है क्योंकि उन्हें डॉलर के बदले अधिक रुपये मिलते हैं। भारत पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन जैसे ईंधन की अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 85 प्रतिशत विदेशी तेल पर निर्भर है।

# उप्र, गुजरात में प्रमुख खरीफ दलहनों और तिलहनों की खरीद को केंद्र की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को इस वर्ष उत्तर प्रदेश और गुजरात से प्रमुख खरीफ दलहनों और तिलहनों की खरीद को मंजूरी दे दी। इस संबंध में निर्णय क्रमशः उत्तर प्रदेश और गुजरात के कृषि मंत्रियों सूर्य प्रताप शाही और राघवजी पटेल के साथ एक वर्चुअल बैठक में लिया गया।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि बैठक में, केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में लगभग 2.27 लाख टन उड़द (काला चना), 1.13 लाख टन अरहर, 1,983 टन मूंग, 30,410 टन तिल और 99,438 टन मूंगफली की खरीद पर सहमति व्यक्त की। गुजरात में, केंद्र ने 47,780 टन उड़द, 4,415 टन मूंग, 1.09 लाख टन सोयाबीन और 12.62 लाख टन मूंगफली खरीदने पर सहमति जताई।

बयान के अनुसार, चौहान ने कहा कि खरीफ 2025-26 के लिए पहले अग्रिम अनुमान जारी होने के बाद, किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए, आवश्यकतानुसार स्वीकृत मात्रा में संशोधन किया जा सकता है।

### भारत व्यापार का प्रमुख गंतव्य बनकर उभरा

**नई दिल्ली।** भारत अपनी वाणिज्य एवं विनिर्माण गतिविधियों को नए सिरे से व्यवस्थित करने की मंशा रखने वाली कंपनियों के लिए अब सबसे आकर्षक गंतव्य बनकर उभर रहा है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड की यह रिपोर्ट कहती है कि सर्वेक्षण में शामिल करीब आधी कंपनियों ने भारत के साथ अपना व्यापार बढ़ाने या बरकरार रखने का इरादा जताया है जबकि दो में से एक कंपनी भारत में विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ाने या बनाए रखने की सोच रही है। खासकर अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और हांगकांग की 60% से अधिक कंपनियां भारत से व्यापार बढ़ाने की योजना बना रही हैं।

# जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.5% पर बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लगाया अनुमान

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत पर मंगलवार को बरकरार रखा। रेटिंग एजेंसी ने मोटे तौर पर अनुकूल मानसून के बीच मजबूत घरेलू मांग का हवाला देते हुए इसे 6.5% पर कायम रखा है।

एसएंडपी ने साथ ही कहा कि उसे चालू वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है क्योंकि उसने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को घटाकर 3.2 प्रतिशत कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी। एसएंडपी ने बयान में कहा, हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष (31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाला वर्ष) में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रहेगी। हमारा अनुमान है कि घरेलू मांग मजबूत बनी रहेगी जिसे मोटे तौर पर सौम्य मानसून, आयकर तथा माल एवं सेवा कर में कटौती और सरकारी निवेश में तेजी से मदद मिलेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में अपेक्षा से कहीं अधिक कमी से चालू वर्ष में मुद्रास्फीति को कम रखने में मदद मिलेगी। एसएंडपी ने कहा, इससे मौद्रिक नीति में और समायोजन की गुंजाइश बनती है।

हमारा अनुमान है कि भारतीय रिजर्व बैंक चालू वित्त वर्ष में ब्याज दर (रेपो रेट) में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा। एसएंडपी ने अपनी रिपोर्ट 'एशिया-प्रशांत चौथी तिमाही 2025: बाह्य दबाव से वृद्धि में कमी' में कहा कि पूरे क्षेत्र में अपेक्षाकृत लचीली घरेलू मांग से अमेरिकी आयात शुल्क में वृद्धि एवं धीमी वैश्विक वृद्धि के बाद मजबूत बाह्य प्रतिकूल परिस्थितियों का प्रभाव कम हो जाएगा।

# भारत जल्द नवोन्मेषण सूचकांक में शीर्ष 10 देशों में होगा शामिल

गांधीनगर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पिछले दशक में वैश्विक नवोन्मेषण सूचकांक में भारत की रैंकिंग 91 से बढ़कर 38 हो गई है। देश अगले तीन साल में शीर्ष 10 में जगह बना लेगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान के परिणाम दिखने लगे हैं और देश अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है।

इसने देश के युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाला बना दिया है। शाह ने यहां गुजरात सरकार के 'स्टार्टअप कॉन्क्लेव' के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा, हाल ही में वैश्विक नवाचार सूचकांक की घोषणा की गई। 2015 में इस सूचकांक में हमारी रैंकिंग 91 थी लेकिन 2025 में हम 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह हमारे लोगों की क्षमता को दर्शाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारे युवाओं के प्रदर्शन एवं क्षमताओं को देखते हुए देश अगले तीन वर्ष में शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा और दुनिया में नवोन्मेषण के क्षेत्र में अग्रणी होगा। स्टार्टअप इंडिया' योजना भारत सरकार की प्रमुख पहल है, जिसे 2016 में नवाचार को बढ़ावा देने और एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए शुरू किया गया था। इसका मकसद भारत को नौकरी चाहने वाले देश से नौकरियों का सृजन करने वाले देश में बदलना है। शाह ने कहा, 2014 में हमारे पास सिर्फ 500 स्टार्टअप थे। आज हमारे पास डीपीआईआईटी (उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) के साथ पंजीकृत 1.92 लाख स्टार्टअप हैं। 2014 में हमारे पास चार यूनिकॉर्न थे और अब हमारे पास 120 ऐसे प्रतिष्ठान हैं जिनका संयुक्त बाजार मूल्य 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। उन्होंने कहा कि आज कुल स्टार्टअप में से 52 प्रतिशत छोटे व मझोले शहरों में स्थित हैं।

स्टार्टअप कॉन्क्लेव के उद्घाटन अवसर पर गृह मंत्री शाह।

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बोले- भारत की रैंकिंग 91 से बढ़कर 38 हुई, स्टार्टअप इंडिया अभियान का दिखने लगा है असर



# कांग्रेस जीएसटी सुधारों का श्रेय लेने को स्वतंत्र: भाजपा

## कहा- विपक्ष को लगता है कि लोग सुधारों से खुश हैं तो वे प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए बैनर व होर्डिंग लगाकर श्रेय ले लें

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को कहा कि जीएसटी के नवीनतम सुधारों से लोगों को वस्तुओं की कीमतों में कमी के साथ काफी राहत मिली है। भाजपा ने कांग्रेस की आलोचना को लेकर उस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी पार्टी लगातार मांगें उठाती रहती है क्योंकि वह जानती है कि केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही उन्हें पूरा कर सकते हैं, यदि मांगें जनहित में हों। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पर राज्यों वाली जीएसटी परिषद द्वारा जीएसटी दर में कटौती संबंधी निर्णय का श्रेय लेने का आरोप लगाया है।

इस पर, भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अगर विपक्षी दल को लगता है कि लोग सुधारों से खुश हैं तो वे प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए बैनर और होर्डिंग लगाकर इसका श्रेय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती लागू होने से पूरे देश में उत्सव का माहौल है और कार, बाइक, इलेक्ट्रॉनिक सामान और दवाइयों सहित विभिन्न वस्तुओं की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आयी है। उन्होंने मीडिया की खबरों और मंत्रियों समेत राजग नेताओं को सोमवार को विभिन्न बाजारों के दौरे के दौरान लोगों और दुकानदारों से मिली प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, लोग खुश हैं।

कांग्रेस द्वारा नवीनतम जीएसटी सुधारों को सीमित, अपर्याप्त और बहुत देर से बताये जाने और सरकार से विभिन्न अन्य मुद्दों पर ध्यान देने के लिए कहने पर, पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहने के दौरान 75 वर्षों तक 17 प्रकार के कर लगाये और अपने शासन के दौरान लोगों को राहत प्रदान करने के लिए प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा, वह (कांग्रेस) 'एक राष्ट्र, एक कर' (व्यवस्था) नहीं ला सकी। जीएसटी भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही वास्तविकता बन सका। पात्रा ने कहा, कांग्रेस भी हमसे मांग करती है। पहलगाम (आतंकी हमले) के बाद उसने सख्त कार्रवाई की मांग की थी...उन्हें पता है कि सिर्फ यही सरकार सख्त कार्रवाई करेगी...वे मांग करते रह सकते हैं। हमें कोई आपत्ति नहीं है। मोदी जी उनकी सभी मांगें पूरी करेंगे जो जनहित में हैं।

### भारत को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त कराना सबसे बड़ी देशभक्ति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि बेरोजगारी और वोट चोरी का सीधा संबंध है तथा अब भारत को अब इन दोनों से मुक्त कराना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है। राहुल ने बिहार के कुछ युवाओं पर लाठीचार्ज और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैर करने से संबंधित अलग-अलग वीडियो 'एक्स' पर साझा किए और कहा कि युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है, क्योंकि जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी है - और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोज़गार और अवसर देना। उन्होंने दावा किया कि भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती और वह वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बनी रहती है। उन्होंने कहा, इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है।

# पंचतत्व में विलीन हुए जुबिन गर्ग, राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार, उमड़ा जनसैलाब

गुवाहाटी, एजेंसी

गायक जुबिन गर्ग का गुवाहाटी के बाहरी इलाके कमरकुची वन क्षेत्र में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गर्ग की बहन पाल्मे बोरठाकुर और संगीतकार राहुल गौतम ने तोपों की सलामी के बीच चिता को अग्नि दी। राहुल गौतम, जुबिन के शिष्य हैं।

अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के दौरान पुजारियों के मार्गदर्शन में गर्ग की बहन और उनके शिष्य ने चिता की सात बार परिक्रमा की और इस दौरान वहां मौजूद सभी लोग खड़े हो गए और नम आंखों से उन्होंने अपने प्रिय कलाकार को अंतिम श्रद्धांजलि दी तीन दशक के अपने करियर में गर्ग ने 38,000 से अधिक गीत गाए और लोगों के दिलों में जगह बनाई। गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग अंतिम संस्कार के लिए बने चबूतरे के किनारे बैठी थीं और उनकी आखों से लगातार अश्रुधारा बह रही थी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा उन्हें सांत्वना देते नजर आईं। गर्ग के 85 वर्षीय बीमार पिता मोहिनी मोहन बोरठाकुर परिवार के सदस्यों के साथ कुछ दूरी पर बैठे थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी जुबिन के प्रशंसकों में शामिल हैं और वह भी उस चबूतरे के पास खड़े देखे गए जहां पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। जैसे ही आग की लपटें आसमान की ओर उठीं, 'जुबिन, जुबिन' के नारे हवा में गूंजने लगे और लोग उनका गाना 'मायाबिनी रातिर बुकु' गाते नजर आए। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन हो गया।

गुवाहाटी में गायक जुबिन गर्ग के अंतिम संस्कार पर उमड़ी भीड़।

- बहन पाल्मे बोरठाकुर, संगीतकार राहुल गौतम ने दी मुखाग्नि

### बीओआई के अधिकारियों को सीबीआई कोर्ट से सजा

**नई दिल्ली।** लखनऊ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 6.8 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक ऑफ इंडिया के उप मुख्य प्रबंधक पंकज खरे, राजेश खन्ना और शमशुल हक सिद्दीकी को तीन साल की कैद और 1.25-1.25 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

इस मामले में आरोपी निजी कंपनी अनीता कॉन्ट्रैक्टर एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई ने वर्ष 2008 में लखनऊ में बैंक ऑफ इंडिया की हजरतगंज मुख्य शाखा के सहायक महाप्रबंधक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। आरोप था कि 2004-2006 के दौरान आरोपियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा था।

# हाईकोर्ट से सभी मामलों के जल्द निपटारे की उम्मीद न करें

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उच्च न्यायालय उसके पर्यवेक्षी नियंत्रण में नहीं हैं और यदि वे न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या की आधी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं, तो उनसे सभी मामलों का शीघ्रता से निस्तारण करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी की तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय को मामले के शीघ्र निस्तारण का निर्देश देने की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि यह मामला हाईकोर्ट में 13 वर्षों से से लंबित है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, उच्च न्यायालय इस अदालत के पर्यवेक्षी नियंत्रण में नहीं हैं। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले ही हाईकोर्ट में मामले के शीघ्र निस्तारण के लिए दो अर्जियां लगा चुका है। पीठ ने कहा, अर्जी दायर करते रहिए, लेकिन अगर उच्च न्यायालय न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या से आधी क्षमता के साथ काम कर रहा है, तो आप उनसे कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वे सभी मामलों का आपकी इच्छानुसार तेजी से निस्तारण करें? पुराने मामले भी लंबित हैं। जाइए और अनुरोध कीजिए। याचिका पर विचार करने से मना करते हुए, पीठ ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट में शीघ्र सुनवाई और निस्तारण के लिए अर्जी दायर करने की अनुमति दी।

- सुप्रीम कोर्टने कहा- आधी क्षमता से काम कर रहे हैं उच्च न्यायालय

### दी रियल एस्टेट डेवलपर्स पर छह मामले दर्ज करने की अनुमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में रियल एस्टेट परियोजनाओं में बैंकों और डेवलपर्स के बीच कथित अपवित्र सांठगांठ के संबंध में मकान खरीदारों से धोखाधड़ी के लिए छह और नियमित मामले दर्ज करने की मंगलवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद यह अनुमति दी। केंद्रीय एजेंसी सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष उल्लेख किया कि एजेंसी ने सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर से बाहर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में स्थित विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं में प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है।

### बुलडोजर फैसले से बहुत संतुष्टि मिली : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि बुलडोजर कार्रवाई पर उनके फैसले से उन्हें अत्यधिक संतुष्टि मिली है, क्योंकि यह मानवीय समस्याओं से निपटता है। न्यायमूर्ति गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने 13 नवंबर 2024 को बुलडोजर न्याय की तुलना एक अराजक स्थिति से की थी और देशभर के लिए दिशानिर्देश निर्धारित किये थे। शीर्ष न्यायालय के वकीलों के एक शैक्षणिक समूह द्वारा 19 सितंबर को आयोजित एक अभिनंदन समारोह में सीजेआई गवई ने कहा कि उन्हें लगभग छह महीने तक न्यायमूर्ति विश्वनाथन के साथ पीठ साझा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बुलडोजर से जुड़ा निर्णय, उन निर्णयों में से एक है जिसने हम दोनों को अत्यधिक संतुष्टि दी।

### न्यायिक भर्ती के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य के आदेश निरस्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को निरस्त कर दिया, जिसमें दीवानी न्यायाधीश के पद के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य कर दी गई थी। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा अपनी खंडपीठ के फैसले को चुनौती देने वाली अपील स्वीकार कर ली। उच्च न्यायालय की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने दलील दी कि पुनर्परीक्षा'असंवैधानिक और अव्यावहारिक है तथा इससे मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी। शीर्ष अदालत ने पिछले वर्ष उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें तीन वर्ष की अनिवार्य वकालत की शर्त के बिना दीवानी न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया रोक दी गई थी।

# पूनम पांडे को रामलीला कमेटी ने मंदोदरी के किरदार से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में लव कुश रामलीला कमेटी ने कुछ वर्गों के विरोध के बाद, इस साल की रामलीला में मंदोदरी की भूमिका निभाने से अभिनेत्री पूनम पांडे को हटाने का फैसला किया है। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने यहां 'कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया' में संवाददाता सम्मेलन में कहा, किसी कलाकार का मूल्यांकन उसके काम से होना चाहिए, न कि उसके अतीत से। जनभावना को ध्यान में रखते हुए निर्णय की समीक्षा की गई।

कुमार ने कहा, समाज में हर महिला की एक भूमिका होती है और उसे अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। शुरुआत में, हमें लगा कि पूनम पांडे, मंदोदरी का सकारात्मक किरदार निभा सकती हैं। लेकिन कुछ वर्गों के विरोध को ध्यान में रखते हुए हमें इस पर पुनर्विचार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कमेटी पांडे का एक कलाकार के रूप में सम्मान करती है, लेकिन तय किया गया है कि यह भूमिका कोई और अभिनेत्री निभाएगी। कुमार ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज में भगवान राम और सद्भाव का संदेश फैलाना है। हम नहीं चाहते कि इस आयोजन पर कोई विवाद हावी हो। पांडे को लिखे एक पत्र में, कमेटी ने कहा कि इस फैसले को उनके प्रति अनादर के रूप में नहीं, बल्कि भगवान राम के आदर्शों को बनाए रखने के प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए।

# भारत से व्यापार समझौते के लिए स्टारमर को लिविंग ब्रिज सम्मान

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टारमर को घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में उनकी भूमिका के लिए 'लिविंग ब्रिज' सम्मान से सम्मानित किया गया है।

- ब्रिटेन में भारतीय मूल की मंत्री सीमा मल्होत्रा ने किया स्वीकार

ब्रिटेन की भारतीय मूल की मंत्री सीमा मल्होत्रा ने सोमवार शाम लंदन स्थित 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' परिसर में आयोजित एक समारोह में लेबर पार्टी नेता केअर स्टारमर की ओर से सम्मान स्वीकार किया। मल्होत्रा विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय में हिंद प्रशांत मामलों की प्रभारी हैं। ब्रिटेन स्थित 'स्ट्रेटिजिक कंसल्टेंसी इंडिया बिजनेस ग्रुप' द्वारा आयोजित वार्षिक लिविंग ब्रिज पुरस्कार में नई दिल्ली स्थित बहुराष्ट्रीय समूह जीएमआर ग्रुप, ब्रिटिश-भारतीय व्यवसायी जीपी हिंदुजा, केपीएमजी यूके की चेयर बीना मेहता और साउथहैम्प्टन विश्वविद्यालय को भारत और ब्रिटेन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# चीन के शीर्ष रक्षा वैज्ञानिक भ्रष्टाचार के आरोप में हिरासत में

**बीजिंग।** हथियार प्रणालियों के लिए 'सेमीकंडक्टर चिप्स' विकसित करने में विशेषज्ञता रखने वाले चीन के एक शीर्ष वैज्ञानिक को भ्रष्टाचार निरोधक प्राधिकारियों ने हिरासत में ले लिया।

उनकी कंपनी 'झेजियांग ग्रेट माइक्रोवेव टेक्नोलॉजी' ने यह जानकारी दी। हांगकांग में 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसे 21 सितंबर को कंपनी के अध्यक्ष यू फैक्सिन के परिवार से पता लगा कि यू को हुआंगशी के 'सुपरवायसरी कमीशन' द्वारा हिरासत में लिया गया है।' यू यहां हांग्जो स्थित झेजियांग यूनिवर्सिटी के 'एयरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स' स्कूल में प्रतिष्ठित प्रोफेसर भी हैं।

## चिंताजनक स्तर पर
# एंटीबायोटिक का प्रयोग

हाल ही में एक ताजा अध्ययन में एक बार फिर एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक इस्तेमाल पर गहरी चिंता जताई गई है। इस बात पर भी निराशा व्यक्त की गई है कि गंभीर चेतावनियों के बावजूद एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग जरा भी कम नहीं हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इसे पहले ही वैश्विक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और विकास के लिए एक बड़ा खतरा बता चुका है। बीबीसी की ओर से इसी साल जारी की गई एक रिपोर्ट में एंटीबायोटिक प्रतिरोध के कारण हर साल लाखों बच्चों की मौत की आशंका जताई गई है। अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया को इसके लिए खासतौर पर चिह्नित किया गया है। एंटीबायोटिक का खतरनाक स्तर पर इस्तेमाल रोकने के लिए दुनिया के कई देशों में नियम-कायदे बनाए गए हैं। भारत में भी इस पर काम चल रहा है लेकिन अभी तक सख्त प्रतिबंध लागू नहीं किए गए हैं। साइंस एडवांसेज पत्रिका के एक लेख में इसके गंभीर खतरों का खुलासा किया गया है।

### अत्यधिक इस्तेमाल क्यों घातक
- इससे बैक्टीरिया में प्रतिरोध यानी एएमआर विकसित होता है, दवाओं का असर धीरे-धीरे खत्म हो जाता है।
- एंटीबायोटिक शरीर में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया को भी मारते हैं जिससे पाचन, प्रतिरक्षा कमजोर हो जाती है।
- एलर्जी, पेट विकार, सी डिफिसाइल जैसे घातक कान्सी संक्रमणों का जोखिम और साइड इफेक्ट्स बढ़ते हैं।
- एएमआर बढ़ने से सर्जिकल प्रक्रिया, केमोथेरपी, इंटेंसिव केयर में संक्रमण का इलाज मुश्किल हो जाता है।

### व्यापक दुष्परिणाम
- विश्व स्तर पर 2019 में एएमआर संबंधी लाखों मौतें रिपोर्ट की गईं। डब्ल्यूएचओ की ओर से कई चेतावनी।
- ओ नील की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि काबू न पाया गया तो भविष्य में एएमआर से बड़ी मानवहानि संभव।
- कोविड- 19 के दौरान वायरस पर प्रभावहीन होने के बाद भी उपयोग बढ़ा, इससे एएमआर का जोखिम बढ़ा।

### डब्ल्यूएचओ की चिंता
- एएमआर आधुनिक चिकित्सा के आधार सर्जरी, कीमो और आईसीयू केयर को खतरे में डालता है।
- एंटीबायोटिक के दुरुपयोग से नई दवाओं का धीमा विकास, फिर भी वैश्विक नीतियों की बड़ी कमी।
- ज्यादातर देशों की ओर से नेशनल एक्शन प्लान बनाने की सिफारिशों को नजरंदाज करने की चिंता।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास
- यूरोप, यूके, यूएसए और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में डॉक्टर की सलाह के बगैर एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल सख्ती से प्रतिबंधित कर दिया गया है।
- देशों में संक्रमण नियंत्रण की नीति और अस्पतालों में स्टिवार्डशिप प्रोग्राम लागू किया गया है, विकल्प के तौर पर थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है।
- कई देशों में नेशनल एक्शन प्लान के तहत विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशों के अनुरूप योजनाएं बनाई गई हैं और उन्हें सख्ती से लागू किया गया है।

### एंटीबायोटिक के विकल्प
- रोग निरोधक वैक्सीनेशन ताकि बैक्टीरियल/वायरल रोग घटने से एंटीबायोटिक की जरूरत कम की जा सके।
- बेंच/पॉइंट-ऑफ-कयर टेस्ट जैसे रैपिड डायग्नोस्टिक्स जो बैक्टीरिया/वायरस संवेदनशीलता जल्दी बताएं।
- फेज थेरेपी जिसका कुछ वर्षों में क्षेत्र बढ़ा है, इसके साथ नए एंटीमाइक्रोबियल्स और पिप्लाइन दवा की खोज।

### क्यों होता है ज्यादा इस्तेमाल
- जब साफ नहीं होता कि संक्रमण बैक्टीरियल है या वायरल, जोखिम कम करने को एंटीबायोटिक देते हैं।
- डॉक्टर कई बार मरीजों को जल्द राहत दिलाने के लिए एंटीबायोटिक का इस्तेमाल शुरू कर देते हैं।

# भारत के साथ संबंध अमेरिका के लिए बेहद महत्वपूर्ण

## जयशंकर से मुलाकात के बाद बोले अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो, कहा- द्विपक्षीय मुद्दों पर नई दिल्ली का योगदान सराहनीय

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत के साथ संबंध अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने व्यापार, रक्षा और ऊर्जा सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर नई दिल्ली की निरंतर भागीदारी की सराहना भी की।

रूबियो ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय 80वें सत्र के इतर सोमवार सुबह यहां जयशंकर से मुलाकात की। विदेश विभाग द्वारा बैठक के विवरण में कहा गया है कि रुबियो ने दोहराया कि भारत के साथ संबंध अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और उन्होंने व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, महत्वपूर्ण खनिजों तथा द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित अन्य मुद्दों सहित अनेक मुद्दों पर भारत सरकार की निरंतर भागीदारी के लिए सराहना की। बयान में कहा गया कि है कि रुबियो और जयशंकर इस बात पर सहमत हुए कि अमेरिका और भारत 'क्वाड' के माध्यम से एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

न्यूयॉर्क : यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास के साथ जयशंकर।

जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि न्यूयॉर्क में रुबियो से मिलकर अच्छा लगा। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, हमारी बातचीत में वर्तमान चिंता के कई द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रगति के लिए निरंतर जुड़ाव के महत्व पर सहमति बनी। हम संपर्क में बने रहेंगे। रुबियो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा उन्होंने जयशंकर के साथ द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की, जिनमें व्यापार, ऊर्जा, दवाइयां, महत्त्वपूर्ण खनिज और अन्य विषय शामिल हैं, ताकि भारत और अमेरिका के लिए समृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

पिछले कुछ महीनों में व्यापार, शुल्क (टैरिफ) और नयी दिल्ली द्वारा रूसी तेल की खरीद को लेकर दोनों देशों में तनाव के बीच लगभग एक घंटे तक चली यह बैठक रुबियो और जयशंकर के बीच पहली आमने-सामने की बातचीत थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद के लिए नयी दिल्ली पर दंड स्वरूप 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया, जिससे अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो विश्व में सर्वाधिक है। इस बैठक से कुछ ही दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नए एच1बी वीजा पर एक लाख अमेरिकी डॉलर का भारी-भरकम शुल्क लगाने वाले एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए।

## विदेशी विरोधी एजेंडे के लिए आव्रजन नीति इस्तेमाल कर रहा है अमेरिका

- इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट ने ट्रंप की नीति को विनाशकारी बताया

**न्यूयॉर्क।** एक प्रमुख सामुदायिक संगठन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एच1बी वीजा पर 100,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने की घोषणा अमेरिकी नौकरियों की रक्षा के बारे में नहीं है बल्कि विदेशी विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आव्रजन नीति को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने की है। भारत से जुड़े संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' ने ट्रंप के आदेश की कड़ी निंदा की और कहा कि इसकी वजह से घबराहट और अफरातफरी है, खासकर उन पेशेवरों में जो विदेश में काम कर रहे हैं या आपात चिकित्सा स्थिति में अपने परिवार से मिलने जा रहे हैं। 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' के कार्यकारी निदेशक चिंतन पटेल ने एक बयान में कहा कि एच-1बी वीजा धारकों को निशाना बनाकर ट्रंप हमारे आर्थिक भविष्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं और साथ ही भारतीय अमेरिकियों और देश भर के सभी आप्रवासी समुदायों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे रहे हैं। यह संगठन अमेरिका भर में समुदाय के सदस्यों को संगठित, एकजुट और निर्वाचित करके भारतीय और दक्षिण एशियाई अमेरिकियों को मजबूत बनाने की दिशा में काम करता है। उसने कहा कि यह विनाशकारी नीति अमेरिका के वैश्विक नेतृत्व के लिए खतरा है, अमेरिकी प्रतिस्पर्धा को संचालित करने वाले बेहद कुशल कार्यबल को कमजोर करती है।

# कनाडा में आतंकी पन्नू का करीबी खालिस्तानी नेता गोसल गिरफ्तार

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा की पुलिस ने खालिस्तानी नेता इंदरजीत सिंह गोसल को ओंटारियो प्रांत के व्हिटबी शहर में हथियारों से जुड़े दर्जन से अधिक अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किया है। गोसाल को आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी माना जाता है।

- निज्जर की हत्या के बाद संभाली थी जनमत संग्रह की कमान

ग्लोबल न्यूज ने अदालत के दस्तावेजों के हवाले से बताया कि ओंटारियो प्रांतीय पुलिस ने शुक्रवार को गोसल को बंदूक का लापरवाही से इस्तेमाल करने और अन्य संबंधित अपराधों के लिए गिरफ्तार किया। सोमवार को 36 वर्षीय गोसल को ओशावा की अदालत में पेश किया गया। अदालत में उस पर टोरंटो निवासी 23 वर्षीय अरमान सिंह और न्यूयॉर्क निवासी 41 वर्षीय जगदीप सिंह के साथ आरोप लगाए गए।

गोसल खालिस्तान पर जनमत संग्रह अभियान चला रहा है। उसने यह जिम्मेदारी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद संभाली थी। सीबीसी की खबर के अनुसार, गोसल सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का भी सदस्य है। खबर के अनुसार गोसल ने सोमवार को कॉल या संदेश का कोई जवाब नहीं दिया। एसएफजे एक अलग सिख राष्ट्र की मांग को लेकर अभियान चलाता रहा है और इसके नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को भारत सरकार द्वारा आतंकवादी घोषित किया जा चुका है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ग्लोरिया गंगटे नॉर्वे में भारत की नई राजदूत

**नई दिल्ली।** माल्टा में भारतीय उच्चायुक्त ग्लोरिया गंगटे को नॉर्वे में भारत की नई राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा की वर्ष 2000 बैच की अधिकारी गंगटे के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। माल्टा में उच्चायुकत नियुक्त किए जाने से पहले वह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर थी। अभी डॉ. बी बाला भास्कर नार्वे में भारत के राजदूत हैं। भारत और नॉर्वे के बीच आजादी के बाद से ही सौहार्दपूर्ण तथा मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं।

### पाकिस्तान के लिए वायु क्षेत्र 24 अक्टूबर तक बंद

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के सैन्य एवं असैन्य विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद रखने की समयसीमा 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। पाकिस्तान ने भी 24 अक्टूबर तक भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। पहलगाम हमले के मद्देनजर अप्रैल से दोनों देशों ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद कर रखे हैं। भारत और पाकिस्तान ने इस सिलसिले में 'नोटिसेज टू एयरमेन' अलग से जारी किया है। इसके अनुसार, भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत विमानों और पाकिस्तानी कंपनियों/संचालकों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमानों के लिए उपलब्ध नहीं होगा।

# उथल-पुथल और निरंतर मानवीय पीड़ा के युग में प्रवेश कर चुके हैं हम: गुतारेस

## गाजा का किया जिक्र, कहा- विनाश का यह स्तर कभी नहीं देखा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वैश्विक शांति और प्रगति पर मंडरा रहे खतरों के बीच मंगलवार को एक ऐसी दुनिया बनाने की अपील की, जिसमें सत्ता पर कानून का शासन हावी हो और देश अपने स्वार्थों के लिए संघर्ष करने के बजाय एकजुट होकर आगे बढ़ें।

गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सम्मेलन की शुरुआत

पर अपने संबोधन में कहा कि हम उथल-पुथल और निरंतर मानवीय पीड़ा के युग में प्रवेश कर चुके हैं। शांति और प्रगति के प्रयास असमानता और उदासीनता के बोझ तले दब रहे हैं। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना सभी पक्षों से सूडान के युद्धरत पक्षों का समर्थन बंद करने को कहा। उन्होंने इजराइल का नाम तो नहीं लिया, लेकिन गाजा में उसके कृत्यों के खिलाफ कड़े शब्दों में कहा कि उन्होंने महासचिव के रूप में अपने नौ साल के कार्यकाल के दौरान मौत और विनाश का स्तर इतना खराब कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा, फलस्तीनी लोगों को दी जा रही सामूहिक सजा को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता।

## खोखले शब्दों से भरा है संयुक्त राष्ट्र, यहां युद्धों का कोई समाधान नहीं: ट्रंप

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों और 150 से अधिक वैश्विक नेताओं के सामने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इस अंतरराष्ट्रीय संगठन की कड़ी आलोचना की। ट्रंप ने कहा कि जिन विभिन्न युद्धों को उन्होंने रुकवाया है, उनके बारे में संयुक्त राष्ट्र ने उनसे संपर्क नहीं किया। ट्रंप ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में अपार क्षमता है, लेकिन यह उस क्षमता के आसपास भी नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा, अधिकतर मामलों में, कम से कम अभी तो, वे बस एक बेहद कड़े शब्दों वाला पत्र लिखते हैं और फिर उस पर अमल नहीं करते। ये खोखले शब्द हैं और खोखले शब्दों से युद्ध हल नहीं होते। ट्रंप ने दुनिया भर के देशों के प्रतिनिधियों को यह बताने में जरा भी समय बर्बाद नहीं किया कि अमेरिका दुनिया में सबसे गर्म देश है और कोई भी देश उसके आसपास भी नहीं है। उन्होंने बाद में कहा कि अमेरिका व्यापार करने के लिए दुनिया का सबसे अच्छा देश है।

### रूसी तेल खरीदने वाले चीन और भारत यूक्रेन में रूसी युद्ध के पहले वित्तपोषक

ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में यह भी कहा कि रूसी तेल खरीदने वाले चीन और भारत यूक्रेन में रूसी युद्ध के प्राथमिक वित्तपोषक हैं। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जिससे भारत पर लगाया गया टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम चर्चा में कहा, चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं। भारत ने अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क को अनुचित बताया है। भारत ने कहा है कि किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह, वह अपने राष्ट्रीय और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा।

## गरबा उत्सव

मां दुर्गा की उपासना के लिए नौ दिवसीय नवरात्र शुरू होने के साथ गुजरात के शहरों में गरबा की धूम शुरू हो गई है। नवरात्र उत्सव के पहले दिन सोमवार की रात राजकोट में गरबा करतीं महिलाएं। एजेंसी

# इक्वाडोर की जेल में दंगा, 14 की मौत

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर की एक जेल में हुए दंगों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए।

इक्वाडोर की पुलिस ने बताया कि एल ओरो प्रांत की राजधानी मचाला शहर स्थित जेल में सोमवार तड़के दंगों के बीच गोलीबारी की सूचना मिली। एल ओरो के पुलिस प्रमुख विलियम कैले ने बताया कि घटना में 13 कैदियों और एक गार्ड की मौत हो गई, 14 घायल हुए हैं। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया। कैले ने कहा कि मारे गए अधिकतर लोग इक्वाडोर के सबसे हिंसक समूहों में से एक लॉस चोनेरोस से संबंधित थे।

# यूक्रेन के हमलों से मॉस्को में बाधित हुआ हवाई यातायात

मॉस्को, एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को को निशाना बनाकर यूक्रेन की ओर से पूरी रात किए गए ड्रोन हमलों के कारण मंगलवार को मॉस्को क्षेत्र के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई यातायात प्रभावित रहा। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के पोर्टल के अनुसार, शाम से मॉस्को और आसपास 36 ड्रोन मार गिराए गए।

सोमवार (स्थानीय समयानुसार) शाम करीब सात बजे दक्षिण-पश्चिम मॉस्को स्थित पीटीआई कार्यालय के आसपास दो जोरदार विस्फोट के बाद कई छोटे विस्फोटों की आवाज सुनी गई। सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने बताया कि ड्रोन हमले के कारण मॉस्को हवाई अड्डों पर 200 से अधिक उड़ानें रद्द या विलंबित हुईं। मॉस्को समयानुसार, सुबह 10:00 बजे तक, शेरेमेत्येवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 71 उड़ान विलंबित हुईं और 96 रद्द कर दी गईं।

दोमोदेदोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार उड़ानें विलंबित हुईं जबकि दो रद्द कर दी गईं, जबकि वनुकोवो हवाई अड्डे के लिए 40 उड़ानें विलंबित हुईं और पांच को क्षेत्रीय हवाई अड्डों पर भेज दिया गया। सोबयानिन ने कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ और बचाव सेवाएं उन क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं जहां मार गिराए गए ड्रोन का मलबा गिरा था।

### अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन पर नाटो की रूस को चेतावनी

**ब्रसेल्स।** नाटो ने इस महीने की शुरुआत में पोलैंड के ऊपर रूसी ड्रोन को मार गिराए जाने और पिछले सप्ताह एस्टोनिया में रूसी लड़ाकू विमानों की घुसपैठ के बाद कहा कि वह भविष्य में भी अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन रोकने को सभी साधनों का उपयोग करेगा। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से नाटो और मॉस्को के बीच 10 सितंबर को पोलैंड में पहली बार आमना-सामना हुआ था जिसने यूरोपीय नेताओं को झकझोर दिया था और सवाल उठने लगा था कि नाटो रूस के बढ़ते आक्रमण के खिलाफ कितना तैयार है।

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 सितंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया पूर्ण रात्रि तक।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- चित्रा 16.16 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलेगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की लोग प्रशंसा करेंगे। आपको अत्यधिक सम्मान प्राप्त होगा। घर के लिए आप महत्वपूर्ण खरीदारी कर सकते हैं।

**वृष** — आज कारोबार में आप अपने मन की करेंगे, जिसके कारण आपको इच्छित लाभ भी मिलेगा। परिवार में संकोच के कारण दबाव में रहेंगे। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है। निम्न रक्तचाप की समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को अच्छा जनसमर्थन मिलेगा। व्यापार में सहयोगियों के साथ आपका तालमेल काफी अच्छा रहेगा। अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाने का विचार बनाएंगे। धन के लेन-देन में सावधानी रखनी चाहिए।

**कर्क** — आज समझदारी के अभाव के कारण आपके संबंध कमजोर पड़ सकते हैं। कानूनी मामलों में समस्या हो सकती है। व्यर्थ के तर्क-वितर्क में अपना समय बर्बाद करने से बचें। अजनबियों की बातों का अधिक विश्वास न करें।

**सिंह** — आज आपको मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। सदैव अपनी सोच सकारात्मक रखें। कारोबार में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। किसी महत्वाकांक्षी योजना को प्रारंभ करने के लिए दिन हितकारी है।

**कन्या** — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। अपने करियर को लेकर थोड़े नाखुश हो सकते हैं। धन उधार देने से बचें, क्योंकि फंसने की पर्याप्त संभावना है। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। अच्छी तरह से परखे और सुने बिना बातों पर प्रतिक्रिया न दें।

**तुला** — आज पारिवारिक विवादों को निपटाने का अच्छा अवसर मिल सकता है। प्रेम-संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी होने की आशंका है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। करियर में आपको उत्तम विकल्प मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** — आज शुभचिंतकों के सुझावों को गंभीरता से लें। धन की स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी। ससुराल पक्ष के लोगों के साथ मनमुटाव हो सकता है। अनैतिक कार्यों की ओर मन न लगाएं। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**धनु** — आज आपकी आय में वृद्धि होगी। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यधिक अनुकूल है। कड़ी मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। रिश्तेदारों की सहायता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** — आज आप कुछ नया करना चाहते हैं, जिसके लिए प्रयास भी करेंगे। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी। रुके कार्यों के पूरे होने से मन में संतुष्टि होगी। आप अत्यधिक तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**कुंभ** — आज बुद्धिमान साथियों और संतजनों का दर्शन का लाभ मिल सकता है। किसी रिश्तेदार के यहां घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी आपका अत्यधिक ध्यान रखेगा। अपनी बातों को मनवाने के लिए किसी पर दबाव न डालें। मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा।

**मीन** — आज नकारात्मक बातों को स्वयं पर हावी न होने दें। आपको कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। अहंकार के कारण निजी रिश्तों में टकराहट पैदा हो सकती है। आपकी दैनिक आय में कमी आ सकती है। बनते कार्यों में अवरोध आ सकते हैं।

## सुडोकू -109

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 7 | | 9 |
| 4 | | 1 | | 3 | | 8 | | |
| | | 2 | | 5 | | 4 | | |
| 2 | 7 | | | | | | 3 | 4 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| 6 | 8 | | | 9 | | | 5 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| | | 7 | | 4 | | 5 | | 6 |
| 9 | | | 7 | | | | | |

## सुडोकू - 108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 8 |

> भारत प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए विश्वसनीय स्थल के रूप में उभरा है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' हमें दुनिया भर के एथलीटों को भारतीय धरती पर लाने के लिए प्रेरित करता है।
>
> **-डॉ. मनसुख मांडविया**
> **केंद्रीय खेल मंत्री**


# स्टेडियम

कानपुर, बुधवार, 24 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### हैंपशर के खिलाफ राहुल चाहर सरे टीम में

**लंदन।** भारतीय लेग स्पिनर राहुल चाहर को हैंपशर के खिलाफ इंग्लिश काउंटी सत्र के आखिरी मैच के लिए सरे टीम में शामिल किया गया है। यह मैच 24 से 27 सितंबर तक यूटिलिटा बाउल में खेला जाएगा। सफेद गेंद के क्रिकेट में सात बार भारत के लिए खेल चुके चाहर ने काउंटी चैंपियनशिप सत्र के लिए रजिस्टर कराया था, लेकिन वार्विकशर और नॉटिंघमशर के खिलाफ उनकी जरूरत नहीं पड़ी। सरे काउंटी ने एक्स पर लिखा कि लेग स्पिनर राहुल चाहर काउंटी चैंपियनशिप के आखिरी मैच के लिए टीम में हैं।

### सिक्सेस में टीम इंडिया के कप्तान होंगे दिनेश

**हांगकांग।** भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिये भारत की टीम का कप्तान बनाया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी । यह टूर्नामेंट सात नवंबर से खेला जायेगा। कार्तिक ने कहा कि हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी संभालना गर्व की बात है। मुझे इतने बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का इंतजार है। हम बेखौफ और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट हांगकांग चाइना के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाकर हम रोमांचित हैं।

### केरल में होगा अर्जेंटीना ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला

**तिरूवनंतपुरम।** लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है। खेल विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेस्सी केरल में होंगे। विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है। अर्जेंटीना के सहयोगी स्टाफ का एक सदस्य बुधवार को आयोजन स्थल के मुआयने के लिये कोच्चि आ सकता है।

### मुंबई में पिंकाथन 21 दिसंबर को

**मुंबई।** स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता और अच्छे स्वास्थ्य के लिए एहतियाती कदम उठाने के महत्व को बढ़ावा देने के लिए भारत की सबसे बड़ी महिला दौड़ पिंकाथन 21 दिसंबर को मुंबई में वापसी करने को तैयार है। मुंबई चरण के साथ बेंगलुरु, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई और दिल्ली सहित छह शहरों में होने वाली स्पर्धा की शुरुआत होगी जो नौ महीनों तक चलेंगी। पिंकाथन के 10वें सत्र में तीन किमी, पांच किमी और 10 किमी सामुदायिक दौड़ से लेकर 50 किमी, 75 किमी, 100 किमी और 100 किमी रिले की 'अल्ट्राडिस्टेंस रेस' शामिल होंगी।

### सुपर कप फुटबॉल 25 अक्टूबर से गोवा में

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल के घरेलू सत्र का आगाज गोवा में 25 अक्टूबर से शुरू होने वाले सुपर कप से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। ओडिशा एफसी को छोड़कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सभी क्लबों ने इस टूर्नामेंट में भाग लेने पर सहमति जताई है। इन आईएसएल क्लबों के साथ चार आई-लीग टीमें (इंटर काशी, रीयल कश्मीर, गोकुलम केरल एफसी और राजस्थान यूनाइटेड) भी शामिल होंगी। टूर्नामेंट का ड्रॉ गुरुवार को ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा।

### सीनियर टीम के कोच बनना चाहते हैं श्रीजेश

**नई दिल्ली।** दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अगले पांच वर्ष में वह सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बनने का अपना सपना साकार कर लेंगे और उस समय तक वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए आवश्यक परिपक्वता हासिल कर लेंगे।

### एचआईएल की नीलामी में 100 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2026 की छोटी नीलामी में 100 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह नीलामी बुधवार को बंद दरवाजों के पीछे होगी। पुरुष टीम के लिए वेतन सीमा चार करोड़ रुपये जबकि महिला टीम के लिए दो करोड़ रुपये है। प्रत्येक टीम में 20 खिलाड़ी (दो गोलकीपर और 18 आउटफील्ड खिलाड़ी) होंगे जिनमें अधिकतम सात विदेशी खिलाड़ी और कम से कम तीन भारतीय जूनियर खिलाड़ी होंगे, जिससे कि अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को भी पर्याप्त अवसर मिलें। नीलामी में तीन आधार मूल्य दो लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये होंगे जिसमें भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों का न्यूनतम आधार मूल्य दो लाख रुपये होगा।

स्मृति मंधाना

## आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर स्मृति, दीप्ति पांचवें स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला वनडे रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि स्मृति मंधाना ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की श्रृंखला में दो शानदार शतक जड़े। गुवाहाटी में 30 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पूर्व हुई इस श्रृंखला को हालांकि मेहमान टीम ने 2-1 से जीता। स्मृति करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 रेटिंग अंक पर पहुंच गई हैं। दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट लिए जिससे भारतीय ऑफ स्पिनर 651 अंक के साथ दो स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ 36 रन देकर दो विकेट लेने के बाद तीन स्थान ऊपर चढ़कर 15वें पायदान पर पहुंच गईं। भारत की क्रांति गौड़ (23 स्थान के फायदे से 39वें स्थान पर) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है जबकि इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन (795 रेटिंग अंक) ने विश्व कप से पहले शीर्ष रैंकिंग की एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में 85 अंक की बढ़त बना रखी है। जहां स्मृति ने अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखा है तो वहीं ताजमिन ब्रिट्स ने बल्लेबाजी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है।

लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के श्रृंखला जीतने के दौरान ब्रिट्स ने लगातार दो नाबाद शतक जड़े और 15 स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। ब्रिट्स का 2025 में औसत 91.85 है और उन्होंने इस दौरान वनडे मुकाबलों में 94.14 के स्ट्राइक रेट से 643 रन बनाए हैं। सितंबर 2023 की शुरुआत में 73वें स्थान पर रहने वाली दक्षिण अफ्रीका की इस बल्लेबाज ने शानदार सुधार किया है। इस बीच पाकिस्तान की सिदरा अमीन ने भी 10 स्थान की छलांग लगाई है। उन्होंने तीन मैच में नाबाद 121, 122 और नाबाद 50 रन बनाए। अमीन के 636 अंक हो गए हैं जो दाएं हाथ की इस बल्लेबाज के करियर के सर्वोच्च रेटिंग अंक हैं। वह अब 13वें स्थान पर है और शीर्ष 10 में जगह बनाने से सिर्फ 19 अंक पीछे हैं।

दीप्ति शर्मा

- **स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो शतक जड़कर सर्वश्रेष्ठ 818 रेटिंग अंक हासिल किए**
- **भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति दो विकेट लेकर 651 अंक के साथ दो स्थान ऊपर पहुंची**

### बेथ मूनी ने भी शीर्ष दो में जगह बनाई

बेथ मूनी (727 अंक) ने भी बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष दो में जगह बनाई लेकिन स्मृति शीर्ष पर उनसे काफी आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल 28 स्थान के फायदे से 61वें स्थान पर पहुंच गईं जबकि पाकिस्तान की नतालिया परवेज ने 54 स्थान की लंबी छलांग लगाई। दक्षिण अफ्रीका की मारिजान कैप आईसीसी महिला एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में ऐश गार्डनर के करीब पहुंच गईं। लगातार मैचों में शतक और दो विकेट लेकर वह हेली मैथ्यूज को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। ताहलिया मैकग्रा भी उम्दा गेंदबाजी की बदौलत नौ स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गईं।

## बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत

**दुबई, एजेंसी**

पाकिस्तान को हराने के बाद भारतीय टीम एशिया कप सुपर 4 चरण के अगले मैच में बुधवार को बांग्लादेश से खेलेगी तो भी तनाव कम नहीं रहेगा और इस मुकाबले में नजरें दोनों टीमों के स्पिनरों पर रहने वाली हैं। आंकड़े देखे जाए तो यह मुकाबला भी एकतरफा रहने की उम्मीद है क्योंकि दोनों टीमों के बीच 17 टी-20 मैचों में से बांग्लादेश एक ही जीत सका है। वहीं भारतीय टीम इस मैच को जीतकर फाइनल में अपनी जगह बनाना चाहेगी।

वनडे विश्व कप 2015 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रोहित शर्मा को संदेह का लाभ देते हुए 'नॉट आउट' करार दिए जाने के बाद से दोनों टीमों के मुकाबले तनाव से भरे रहे हैं। शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद से भारत के बांग्लादेश के साथ राजनयिक संबंध भी तनावपूर्ण रहे हैं । बीसीसीआई ने इस साल अगस्त में बांग्लादेश में होने वाली सफेद गेंद की श्रृंखला भी 2026 तक स्थगित कर दी बशर्ते वहां लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार सत्तारूढ हो। कागजों पर बांग्लादेशी टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती और सूर्यकुमार यादव की टीम एक और जीत की प्रबल दावेदार है। लेकिन इस प्रारूप में कुछ भी कयास लगाना संभव नहीं है और बांग्लादेश के स्पिनर बेहतर प्रदर्शन करके पासा पलट भी सकते हैं। बल्लेबाजी में हालांकि बांग्लादेश का भारत से कोई मुकाबला नहीं है। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं और 210 की औसत से रन बना रहे हैं। वहीं शुभमन गिल का पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद स्ट्राइक रेट 158 के आसपास है।

बांग्लादेश के दो सर्वश्रेष्ठ टी-20 बल्लेबाज कप्तान लिटन दास (129 प्लस) और तौहीद हृदय (124 प्लस) के आंकड़े भी दमदार नहीं हैं। बांग्लादेश चाहेगा कि भारत पहले बल्लेबाजी करे और तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के साथ उसके स्पिनर रिशाद हुसैन और आफ स्पिनर मेहदी हसन जल्दी विकेट निकालें। भारत को 150-160 रन पर रोकने की दशा में ही बांग्लादेश के लिए कोई उम्मीद बनेगी। भारत के लिए चिंता की मामूली बात तिलक वर्मा का स्पिनरों को अच्छे से नहीं खेल पाना है।

'क्रिकमेट्रिक' विश्लेषण साइट के अनुसार तिलक का स्ट्राइक रेट 2025 में स्पिन के खिलाफ कम रहा है। उन्होंने 2024 में स्पिनरों की 61 गेंद खेलकर 116 रन बनाए जबकि डॉट गेंद का प्रतिशत 21.3 रहा है। इस साल उन्होंने सात पारियों में स्पिनरों की 80 गेंद खेलकर 92 रन बनाए और डॉट गेंदों का प्रतिशत 38 रहा है। तिलक और संजू सैमसन दोनों चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में स्पिनरों को बखूबी खेलना जरूरी है। तिलक की तुलना में रिंकू सिंह स्पिनरों को बेहतर खेल पाते हैं लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन संयोजन में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहता ।

**मुकाबले में दोनों देशों के स्पिनरों पर रहेंगी नजरें**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**बांग्लादेश :** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन। **-मैच रात 8 बजे**

## क्रिकेट इतिहास के सबसे महान इंसान में से एक थे डिकी बर्ड

**लंदन, एजेंसी**

यॉर्कशर काउंटी क्लब ने बताया कि अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड ने 1956 में इस काउंटी के साथ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की और 1964 में करियर समाप्त होने तक 93 मैचों में 3,314 रन बनाए। इसमें दो शतक भी हैं। इस समय यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब में हर किसी की संवेदनाएं डिकी के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। क्लब में सभी लोग उन्हें बहुत याद करेंगे क्योंकि उन्होंने यहां सभी के समर्थन में अविश्वसनीय रूप से बहुत समय बिताया। उन्हें यॉर्कशर के इतिहास के सबसे महान इंसान में से एक के रूप में याद किया जाएगा।

बर्ड को 1986 में क्रिकेट में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एमबीई और 2012 में ओबीई से सम्मानित किया गया था। उन्होंने हमवतन दिवंगत डेविड शेफर्ड (2009 में निधन) के साथ मैदान पर अंपायरिंग की खास जोड़ी बनाई। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच लोकप्रिय थे। वह अक्सर मैच स्थल पर सुबह छह बजे ही पहुंच जाते थे। भारत और इंग्लैंड के बीच 1974 में ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गये टेस्ट मैच के दौरान भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने बर्ड से अपने बाल कटवाए क्योंकि उनके बाल बार-बार उनकी आंखों में आ रहे थे। बर्ड ने इसके लिए गेंद की सीम के धागे को काटने वाली कैंची का इस्तेमाल किया था।

बर्ड ने बाद में कहा कि यह वही है जो सभी अंपायरों को अपने पास रखना चाहिए। बर्ड को उस समय के खिलाड़ियों से भी काफी सम्मान मिलता था। उन्होंने एक बार कहा था कि (गैरी) सोबर्स, (रिची) रिचर्ड्स, (डेनिस) लिली और (इयान) बॉथम जैसे महान खिलाड़ियों ने मुझे अच्छा अंपायर बताया था। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। बर्ड अविवाहित रहे लेकिन उन्होंने कुछ बेहतरीन दोस्त बनाए, जिनमें दिवंगत महारानी एलिजाबेथ भी थी। लेखक स्टीफन किंग और जॉन मेजर जैसे ब्रिटिश प्रधानमंत्री उनके दोस्त रहे। बर्ड ने दो बेस्ट-सेलर किताबें 'माई ऑटोबायोग्राफी विद कीथ लॉज' और 'द व्हाइट कैप एंड बेल्स' भी लिखी। बर्ड ने अंपायरिंग से संन्यास के बाद खुद को क्विज सेशन, और चैट शो के माध्यम से सक्रिय रखा।



टेस्ट अंपायर हेरोल्ड डिकी बर्ड। एजेंसी, फ़ाइल फोटो

### इंग्लैंड का यह पूर्व खिलाड़ी अद्वितीय व्यक्तित्व का धनी था : गावस्कर

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने मंगलवार को प्रसिद्ध अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इंग्लैंड का यह पूर्व खिलाड़ी 'अद्वितीय व्यक्तित्व' का धनी था जो खिलाड़ियों के 'तनाव और दबाव' को समझता था। गावस्कर ने कहा, यह वाकई दुखद खबर है। खिलाड़ी उन्हें बहुत पसंद करते थे क्योंकि वह ओवरों के बीच और कभी-कभी गेंदों के बीच भी बातचीत को तैयार रहते थे। क्रिकेट ने एक अद्वितीय व्यक्तित्व और एक बेहतरीन अंपायर खो दिया है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। बर्ड भी गावस्कर का बहुत सम्मान करते थे और उन्हें सर्वश्रेष्ठ तकनीक वाला बल्लेबाज मानते थे। बर्ड ने कहा था कि ध्यान रहे मेरे पास दुनिया की सबसे अच्छी सीट थी और मैंने अपने दुनिया भर के बल्लेबाजों को खेलते देखा, लेकिन गावस्कर की तकनीक सबसे बेहतरीन थी - तेज गेंदबाजों के खिलाफ और स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) सहित पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक और इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर जैक रसेल ने कहा कि डिकी बर्ड। अनोखे। महानतम।

## मेघना रेड्डी ने कोरिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया

**सुवोन (कोरिया), एजेंसी**

भारतीय खिलाड़ी मेघना रेड्डी ने मंगलवार को क्वालीफायर में सीधे गेम में जीत दर्ज कर कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।

इस खिलाड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे की पेई चू चेन को हराने के बाद जापान की रिरिना हिरामोटो को 21-19, 22-20 से पछाड़कर 475,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। मेघना के सामने पहले दौर में थाईलैंड की तोनरुग साएहेंग की चुनौती होगी। क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य सभी भारतीय मुख्य मुकाबले में आगे नहीं बढ़ पाए। शिवांश को पुरुष एकल में चीनी ताइपे के लू वेई हुआन से हार मिली। नितिन कुमार और हर्ष राणा की जोड़ी को चीनी ताइपे के बाओ शिन दा गु ला और यू हसांग चौ ने हराया, जबकि पुरुष युगल क्वालीफायर में शिवांश और प्रणव चंदेल की जोड़ी हंग बिंग फू और फू सुआन लियू से हार गयी।

## भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया-ए को 350 रनों पर रोका

मानव सुथार

**लखनऊ, एजेंसी**

- **मानव सुथार ने पांच तो गुरनूर बरार को मिले दो विकेट**

बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के पांच विकेट के दम पर भारत-ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया-ए की बल्लेबाजी को ध्वस्त करते हुए नौ विकेट पर 350 रन पर रोक दिया। सुथार ने 93 रन दिए। तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने दो जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

श्रेयस अय्यर के हटने के बाद ध्रुव जुरेल इस मैच में भारत-ए की कप्तानी कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट शृंखला से पहले सिराज और केएल राहुल ने भी इस मैच से इंग्लैंड दौरे के बाद खेल में वापसी की।

सिराज ने 13 ओवर में 73 रन दिए जबकि प्रसिद्ध ने 14 ओवरों में चार मेडन डालते हुए 63 रन दिए। प्रसिद्ध ने चौथे ओवर में कैंपबेल केलवे को नौ रन पर आउट किया, लेकिन सिराज ने पहले टेस्ट के शतकवीर और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सैम कोनस्टास को 49 रन पर एन जगदीशन के हाथों कैच कराया।

**भारत-वेस्टइंडीज** | **एशिया कप के फाइनल मैच के चार दिन बाद अहमदाबाद में खेला जाएगा पहला टेस्ट**

## दो टेस्ट मैचों की घरेलू शृंखला : बुमराह को लेकर असमंजस

**मुंबई, एजेंसी**

- **आमतौर पर घरेलू सीरीज के लिए शुभमन गिल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और बुमराह को टेस्ट टीम में दी जाती है जगह**

भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में 2 अक्टूबर से शुरू हो रहे दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगा। यह चयन पेचीदा है, क्योंकि भारत पहली बार आर अश्विन के संन्यास का असर महसूस करने वाला है (उन्होंने अपने करियर के दौरान भारत के 65 घरेलू टेस्ट मैचों में से एक भी नहीं छोड़ा), जसप्रीत बुमराह के कार्यभार को अभी भी प्रबंधित करने की जरूरत है।

पिछले साल न्यूजीलैंड से मिली अप्रत्याशित, अभूतपूर्व 3-0 की हार से जुड़े सवाल अभी भी मंडरा रहे हैं। जिनका जवाब अजीत अगरकर की चयन समिति को देना होगा। बुमराह को चुनें या उन्हें आराम दें? अहमदाबाद में पहला टेस्ट एशिया कप के फाइनल के चार दिन बाद शुरू होगा, जिसमें भारत के खेलने की शानदार संभावना है। उनकी एशिया कप टीम के चार सदस्य - टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और बुमराह - आमतौर पर घरेलू सीरीज के लिए टेस्ट टीम में चुने जाते हैं, लेकिन उनमें से एक के लिए परिस्थितियां सामान्य से बहुत दूर हैं। बुमराह ने इंग्लैंड में भारत की पिछली टेस्ट सीरीज़ में पांच में से केवल तीन मैच खेले थे और उनकी पीठ की गंभीर चोटों के इतिहास को देखते हुए, उनकी भागीदारी का यह अनुपात निकट भविष्य में भी जारी रहने वाला है। तो क्या भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों टेस्ट मैचों के लिए बुमराह को चुनेगा, या सिर्फ़ एक टेस्ट मैच के लिए? या फिर उन्हें पूरी सीरीज के लिए आराम दिया जाएगा? एक या दो साल पहले इसी तरह की स्थिति में, भारत को बुमराह को आराम देना ज़्यादा मुश्किल नहीं लगा होगा। लेकिन इस समय उनके गेंदबाजी संसाधन उतने मजबूत नहीं हैं जितने उन्हें घरेलू परिस्थितियों में मिलते हैं। अश्विन की अनुपस्थिति एक बड़ी वजह है, हालांकि आप रवींद्र जडेजा, कुलदीप, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन आक्रमण की उम्मीद कर सकते हैं। पिछले साल न्यूजीलैंड से मिली हार ने भारत को इस बात पर विचार करने के लिए प्रेरित किया होगा कि वे किस तरह की पिचों पर अपने घरेलू टेस्ट मैच खेलना चाहते हैं, और संभवतः चौकोर टर्न वाली पिचों की बजाय सपाट पिचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया होगा जिससे पहली पारी में बड़ा स्कोर बन सके।

## पाकिस्तान ने श्रीलंका को दिया 133 रनों का लक्ष्य

**अबु धाबी, एजेंसी**

**एशिया कप**

- **शाहीन, तलत और हारिस राऊफ ने उम्दा गेंदबाजी, श्रीलंका के गिरे आठ विकेट**

शाहीन शाह अफरीदी और हुसैन तलत के नेतृत्व में गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से पाकिस्तान ने एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के मैच में मंगलवार को यहां श्रीलंका को आठ विकेट पर 133 रन के स्कोर पर रोक दिया। शाहीन (3 विकेट), तलत (2 विकेट) और हारिस राऊफ (2 विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने श्रीलंका ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। लेग स्पिनर अबरार अहमद ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में आठ रन देकर एक विकेट चटकाया।

श्रीलंका को अच्छी साझेदारी के लिए जूझना पड़ा। टीम की ओर से कामिंदु मेंडिस 50 रन बनाकर शीर्ष स्कोर रहे। उन्होंने चमिका करुणारत्ने (नाबाद 17) के साथ सातवें विकेट के लिए 43 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी भी रही। कामिंदु के अलावा सिर्फ कप्तान चरिथ असलंका (20) ही 20 रन के स्कोर को छू पाए। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित करते हुए पावर प्ले के भीतर ही विरोधी टीम का स्कोर तीन विकेट पर 53 रन कर दिया। श्रीलंका ने मैच की दूसरी ही गेंद पर कुसाल मेंडिस (0) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने शाहीन की गेंद पर तलत को कैच थमाया। कुसाल परेरा ने फहीम अशरफ पर छक्का जड़ा। पथुम निसांका (8) ने भी शाहीन पर छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर मोहम्मद हारिस को कैच दे बैठे।